वर्ष : 17 अंक : 255 लखनऊ बुधवार, 24 सितंबर, 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

नगर संस्करण **

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मूल्य ₹4

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

**मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय | : | 5:46 |
| सूर्यास्त | : | 6:25 |
| अधिकतम | : | 31:00° |
| न्यूनतम | : | 26:00° |



"पिण्डज प्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकेर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥"

॥ॐ देवी चंद्रघण्टायै नमः॥

सरकार पीड़ित परिवार के साथ : ब्रजेश पाठक 2 | ट्रंप का नया एच-1 बी वीजा वार 6 | दीपावली से पहले सात दिन का लगे स्वदेशी... 12

## अलीगढ़ हादसे में चार दोस्तों समेत 5 जिंदा जले

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में हाईवे पर चार दोस्तों समेत 5 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। यहां 100 की स्पीड से जा रही सीएनजी कार का अचानक टायर फट गया। इससे कार बेकाबू होकर डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरे साइड से जा रहे कैंटर से जा टकराई।

राहगीरों ने एक कार सवार को खींचकर बाहर निकाला। इसके बाद तेज धमाका हुआ, फिर दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे के दौरान कार में 5 लोग सवार थे। इनमें चार लोग और कैंटर चालक जिंदा जल गए। कार चला रहे लड़के का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर पुलिस फायर ब्रिगेड की टीम के साथ मौके पर पहुंची। 20-25 मिनट में आग बुझाई गई। इसके बाद पुलिस ने देखा तो शवों के सिर्फ कंकाल बचे थे। बॉडी बैग में पुलिस सभी शवों को भरकर ले गई। मरने वालों में दो मौसेरे भाई थे। पुलिस के मुताबिक, सभी कार सवार हाथरस के रहने वाले थे, जो आपस में दोस्त थे।

# बाबरी के बदले बनने वाली मस्जिद का नक्शा खारिज

## अयोध्या में छह साल बाद भी आठ विभागों ने नहीं दी एनओसी, पांच एकड़ जमीन मिली थी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अयोध्या।** अयोध्या में बाबरी मस्जिद की जगह बनने वाली मस्जिद का नक्शा खारिज कर दिया गया है। यह मस्जिद राम मंदिर से करीब 25 किमी दूर है, जो सोहावल तहसील के धन्नीपुर गांव में प्रस्तावित है। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने मस्जिद के लेआउट प्लान को खारिज कर दिया है। कई सरकारी विभागों की ओर से अनिवार्य अनापत्ति प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया था। इसी को आधार बनाकर यह कार्रवाई की गई है। इसका खुलासा एक आरटीआई के जवाब में हुआ है। 9 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद पर फैसला सुनाया था। हिंदू-मुस्लिम पक्ष को अपने-अपने धार्मिक स्थल बनाने के लिए जमीनें मिलीं। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को पांच एकड़ जमीन दी गई।

3 अगस्त, 2020 को तत्कालीन अयोध्या डीएम अनुज कुमार झा ने अयोध्या के पास धन्नीपुर गांव में पांच एकड़ जमीन सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को ट्रांसफर कर दी। मस्जिद ट्रस्ट ने 23 जून, 2021 को प्रोजेक्ट की मंजूरी के लिए आवेदन किया था। तब से मंजूरी पर कोई अपडेट नहीं आया।

एडीए ने स्वीकार किया कि मस्जिद ट्रस्ट ने आवेदन और जांच शुल्क के रूप में 4 लाख रुपए का भुगतान किया था। एडीए की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार- पीडब्ल्यूडी, प्रदूषण नियंत्रण, नागरिक उड्डयन, सिंचाई और राजस्व



विभाग और नगर निगम, जिला मजिस्ट्रेट और अग्निशमन सेवा से एनओसी मांगी गई थी। लेकिन ट्रस्ट ने एनओसी उपलब्ध नहीं कराई।

मस्जिद ट्रस्ट के सचिव अतहर हुसैन ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने मस्जिद के लिए जमीन अनिवार्य कर दी है और उत्तर प्रदेश सरकार ने हमें भूखंड आवंटित किया है। मैं इस बात से अवाक हूं कि सरकारी विभागों ने अपनी एनओसी क्यों नहीं दी और प्राधिकरण ने मस्जिद के लेआउट प्लान को क्यों खारिज कर दिया। हालांकि अग्निशमन विभाग की ओर से किए गए स्थल निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि मस्जिद और अस्पताल की इमारत की ऊंचाई के अनुसार यह जरूरी था कि पहुंच मार्ग 12 मीटर चौड़ा होना चाहिए। जबकि मौके पर दोनों पहुंच मार्ग 6 मीटर से अधिक नहीं थे। मुख्य पहुंच मार्ग की चौड़ाई केवल 4 मीटर थी।

> "अयोध्या मस्जिद का आवेदन करने के बाद 2023 में आवेदक से सभी एनओसी मांगी गईं थीं, जिनको उपलब्ध नहीं कराने पर उनकी एप्लिकेशन ऑटो रिजेक्ट हो गई है। उनसे अपेक्षा की गई है कि वह फिर से एप्लिकेशन के साथ सारे पेपर अपलोड करें। इसके बाद आवेदन पर विचार किया जाएगा।
> –अविनाश पाण्डेय, एडीए उपाध्यक्ष

ट्रस्ट सचिव ने कहा, उन्हें किसी एनओसी या अस्वीकृति के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है। उन्होंने कहा, अग्निशमन विभाग की आपत्ति के अलावा, मुझे किसी अन्य विभाग की आपत्ति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। अब जब आरटीआई जवाब से हमें स्थिति स्पष्ट हो गई है, तो हम अपनी आगे की कार्रवाई तय करेंगे।

## जज बनने के लिए तीन साल प्रैक्टिस अनिवार्य नहीं

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के उस फैसले को खारिज कर दिया है जिसमें सिविल जज के पद के लिए तीन साल की वकालत अनिवार्य कर दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी थी जिसमें तीन साल की वकालत की अनिवार्य आवश्यकता के बिना 2022 की सिविल जजों के पदों पर भर्ती पर रोक लगाई गई थी। पिछले साल सितंबर में सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश पर रोक लगाते हुए कहा था कि हमारी समझ से अयोग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति नहीं की जा सकती। हालांकि, अंतरिम आदेशों के कारण कुछ अयोग्य उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई। केवल उन्हीं उम्मीदवारों पर विचार किया जा रहा है, जो पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। इस बीच, विवादित आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाई जाती है। मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा नियम, 1994 में संशोधन करते हुए संशोधित भर्ती नियम 23 जून 2023 को अधिसूचित किए गए थे।

# 23 माह बाद आजम सलाखों से आजाद

## गुरुवार को हाईकोर्ट से मिली थी जमानत, जुर्माना भरने के बाद दोपहर को हुई रिहाई

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य और पूर्व कैबिनेट मंत्री आज़म खां को हाईकोर्ट से मिली जमानत के आधार पर 23 महीने बाद जिला कारागार से रिहा कर दिया गया। उनकी रिहाई के मद्देनजर प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए थे। सुबह से रिहाई का इंतजार करते करते दोपहर सवा बारह बजे जब आज़म खां जेल के दरवाजे से बाहर निकले तो उनके परिजन एवं समर्थकों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। रिहाई का हर लम्हा कैद करने के लिए स्थानीय से लेकर राजधानी का मीडिया पूरी तरह से मुस्तैद रहा। गुरुवार को शत्रु संपत्ति मामले में हाईकोर्ट से मिली ज़मानत के बाद सपा के कद्दावर नेता आज़म खान का जेल से बाहर आना तय माना जा रहा था। बेल बांड की औपचारिकता पूरी किये जाने के बाद सोमवार को आज़म खां का रिहाई परवाना सीतापुर जेल पहुंच गया था लेकिन जैसा कि बताया जाता है कि साढ़े पांच बजे यह इसके पहुंचने के कारण आज़म की रिहाई नहीं हो सकी थी



आजम समर्थकों में ईद जैसी खुशी

लिहाजा रिहाई का समय मंगलवार को सुबह 7 से 8 बजे के बीच तय किया गया। मंगलवार की सुबह से ही जेल गेट पर मीडिया और आज़म के समर्थकों का जमावड़ा लग गया। देखते ही देखते समर्थकों की संख्या हज़ारों में पहुंचने लगी और दर्जनों गाड़ियां का काफिला वहां इकट्ठा हो गया। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह और सीओ सिटी विनायक भोंसले जेल पर पहुंच गए और पहुँचते ही भीड़ को हटाना शुरू कर दिया। पुलिस ने निषेधाज्ञा का हवाला देकर जो भी सामने आया उसे वहां से हटाने में कोई गुरेज नहीं किया यहां तक कि मीडिया के लोग भी इसकी चपेट में आते रहे। पुलिस ने जिला जेल और उसके ईद गिर्द खड़ी बाहरी जिलों की गाड़ियों का चालान भी किया जिसमें कई गाड़ियां बाहर से आये मीडिया हाउस की भी थीं। मीडिया ने जब जिम्मेदार अफसरों से इसकी शिकायत दर्ज कराई तो अफसरों ने उनकी गाड़ियों का चालान डिलीट कराने का आश्वासन दिया।

दिन चढ़ने लगा था लेकिन आज़म खां जेल से बाहर नहीं आ रहे थे इसको लेकर जब जानकारी की गई तो पता चला कि रिहाई में पेंच फंस गया है। आज़म खां पर दो मामलों में जुर्माना लगाया गया था जिनकी धनराशि जमा नहीं थी इस पर उनके पैराकारों ने रामपुर में कोर्ट खुलने के बाद क्रमशः पांच और तीन हज़ार का जुर्माना भरा और उसकी इत्तला ई-मेल के जरिए जब जेल प्रशासन को पहुंची तब जाकर रिहाई की प्रक्रिया शुरु की गई। इस सब प्रक्रिया में दोपहर का 12 बज गया। इस बीच प्रशासन ने आज़म खां को मेन गेट के बजाय पीछे के रास्ते निकालने का निर्णय लिया। 12 बजे आज़म खां के दोनो बेटे अब्दुल्ला आज़म और अदीब आज़म गेट के पास पहुंच गये उनके साथ ही गेट पर गाड़ी को भी खड़ी करवा दिया गया। तब ऐसा लगा कि जल्द ही वह घड़ी आने वाली है जब आज़म खां खुली हवा में सांस लेंगे और अपने समर्थकों के बीच होगें। करीब सवा बारह बजे जेल का गेट खुला और आज़म खां को जेल से बाहर कर दिया गया। फौरन उनके दोनो बेटे अपने वालिद आज़म खां को गाड़ी में लेकर बैठ गए और गाड़ी रवाना हो गई। पिछले गेट पर मीडिया का जमावड़ा लगा था जैसे ही आज़म की गाड़ी वहां पहुँची कि मीडिया ने उसे घेर लिया। कैमरामैन हर लम्हे को अपने कैमरे में कैद कर लेने की पुरजोर कोशिश में थे तो रिपोर्टर बाइट लेने की जद्दोजहद में। रेंगते हुए बमुश्किल आज़म खां की गाड़ी मेन रोड पर पहुंच सकी जिसके बाद प्रशासन ने उनकी गाड़ी को बिना रुके आगे के लिए रवाना करा दिया।

आपको बताते चलें कि रामपुर की एमपीएमएलए कोर्ट ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में आज़म खां को सज़ा सुनाई थी। पहले उन्हें रामपुर जेल में रखा गया फिर उन्हें प्रशासनिक आधार पर सीतापुर जेल स्थानांतरित कर दिया गया। आज़म खां करीब 23 महीनों से सीतापुर जेल में निरुद्ध थे। इस बीच उनके खिलाफ दर्ज मुकदमों में पैरवी जारी रही और एक एक कर तमाम मुकदमों में उन्हें अदालत से राहत भी मिलती रही।

# शिक्षक ने बीएसए पर बेल्ट से बोला हमला

## सुनवाई के दौरान हुई घटना, लिपिक को भी नहीं बख्शा, केस दर्ज

**विश्ववार्ता संवाददाता**

सीतापुर। बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह पर उन्हीं के कार्यालय में एक शिक्षक ने बेल्ट से हमला करते हुए कई प्रहार किए। बीएसए को बचाने आए कनिष्ठ लिपिक पर भी शिक्षक हमलावर हो गया। बीएसए ने पुलिस को कॉल करने के लिए मोबाइल फोन उठाया तो हमलावर शिक्षक ने उसे भी तोड़ दिया। दफ्तर के कर्मचारियों ने शिक्षक को पकड़ लिया जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हमलावर को हिरासत में ले लिया। बीएसए की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही कर रही है फिलहाल बीएसए को चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है।

महमूदाबाद के प्राथमिक विद्यालय नदवा के प्रधानाध्यापक ब्रजेंद्र कुमार वर्मा ने अपनी सहायक अध्यापिका अवंतिका गुप्ता को एक नोटिस जारी किया था जिसे प्राथमिक शिक्षक संघ के वाट्सएप ग्रुप पर वायरल कर दिया। जिससे आहत शिक्षिका ने बीएसए से शिकायत की थी। जिस पर बीएसए ने शिक्षक ब्रजेंद्र कुमार वर्मा को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था। मंगलवार को शिक्षक ब्रजेंद्र स्पष्टीकरण



देने के लिए बीएसए के चैम्बर में पहुंचे और उसी समय उसने बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह पर बेल्ट के कुंडे से प्राणघातक हमला बोलते हुए कई प्रहार किए। बीएसए को बचाने आए लिपिक प्रेम शंकर मौर्य को भी हमलावर ने चोट पहुंचाई। बीएसए की मेज पर रखे सरकारी अभिलेख फाड़ डाले और बीएसए का मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। दफ्तर के कर्मचारियों ने किसी तरह हमलावर पर काबू पाते हुए उसे पकड़ लिया जिसे पुलिस के हवाले कर दिया। हमले की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। कर्मचारियों के मुताबिक हमलावर लगातार भद्दी-भद्दी गालियां दे रहा था। बीएसए द्वारा शहर कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है कि शिक्षक के इस कृत्य से पूरे ऑफिस में दहशत का माहौल है, इससे सरकारी कार्य में बाधा आई और मुझे जानमाल का खतरा है। सूचना पाकर शिक्षक संघ के पदाधिकारी शहर कोतवाली में पहुंचे और आरोपी शिक्षक पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

# वही पुराना अंदाज, शायरी से दिया जवाब

## बसपा में जाने के सवाल पर बोले– यह तो अटकलें लगाने वाले ही जानें

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां 23 महीने बाद मंगलवार की सुबह सीतापुर जेल से बाहर आ गए। बाहर आते ही उनका पुराना वाला शायराना अंदाज दिखाई दिया। जेल के अंदर से ही कार में बेटे के साथ बाहर आए आजम ने अपने हाल को बयां करते हुए कहा कि पत्ता-पत्ता, बूटा-बूटा हाल हमारा जाने हैं। बसपा में जाने की अटकलों पर भी दो टूक जवाब देकर कई चर्चाओं पर भी विराम लगा दिया है। आजम खां ने मीडिया से बात करते हुए बसपा में जाने की अटकलों पर कहा कि जो लोग अटकलें लगा रहे हैं वही इस बारे में कुछ बता पाएंगे। जेल में तो मेरी किसी से मुलाकात नहीं होती थी। किसी को कोई राफ्ता ही नहीं था। जेल से फोन करने की भी मुझे इजाजत नहीं थी। पहले तीन साल और अब दो साल यानी पांच साल तो देश दुनिया से बिल्कुल अलहदा



रहा। यूपी में योगी सरकार आने के बाद आजम खां पर एक के बाद एक 72 मुकदमे दर्ज हुए और जेल में जाना पड़ा। जब उनसे पूछा गया कि क्या सरकार ने उनसे कोई बदला लिया है? इस पर आजम ने कहा कि बदला तो वहां होता है जहां किसी के साथ बुरा किया हो। मैंने तो दुश्मनों के साथ भी बहुत अच्छा सलूक किया है। पूरी सरकार में कोई नहीं कह सकता कि मेरी कलम से किसी के साथ नाइंसाफी हुई है।

गौरतलब है कि आजम खां को योगी सरकार के दौरान दो बार जेल में रहना पड़ा है। पहली बार उन्हें 27 महीने और दूसरी बार 23 महीने तक जेल में बिताने पड़े। मई 2022 में जमानत पर रिहा होने के बाद आजम खां केवल 17 महीने ही बाहर रह सके थे। इसके बाद उन्हें फिर से 2023 में जेल जाना पड़ा। जेल निकलते ही कई गाड़ियों के काफिले के साथ वह रामपुर के लिए रवाना हो गए। आजम के बाहर आते ही बयानबाजी भी तेज हो गई है। मोहम्मद आज़म ख़ां ने कहा कि वह एक बार फिर से हर उपेक्षित, पीड़ति, दुखी, अपमानित के साथ खड़े होकर, भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों के द्वारा किये जा रहे जनता के दमन के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाएंगे और हमेशा की तरह देश-प्रदेश की भावनात्मक एकता के प्रतीक बनकर, समाजवादी मूल्यों और सिद्धांतों के साथ, सामाजिक न्याय के संघर्ष की राह पर आगे बढ़ते जाएंगे।

# सरकार बनी तो आजम के केस वापस होंगे

## सीएम योगी ने भी तो अपने समर्थकों के मुकदमें वापस लिये थे

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद आजम खां साहब की जेल से रिहाई पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि हम कोर्ट का धन्यवाद करते है। मोहम्मद आजम खां साहब की रिहाई हो गयी है। हम समाजवादियों को भरोसा था कि कोर्ट मोहम्मद आजम खां साहब के साथ न्याय करेगा। भाजपा सरकार ने उन पर झूठे मुकदमे लगाये। उन्हें न्याय मिला है। वे रिहा हो गये है। हम सभी के लिए आज खुशी का दिन है। मंगलवार को जनपथ मार्केट हजरतगंज लखनऊ में मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि मोहम्मद आजम खां साहब और हम सब ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी के साथ मिलकर लम्बी लड़ाई लड़ी। भाजपा से मुकाबला किया। इस लड़ाई में मोहम्मद आजम खां



साहब और समाजवादियों की बड़ी भूमिका है। आने वाले समय में आजम खां साहब पर लगे मुकदमें खत्म होंगे। जिस तरह से मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने अपने उपमुख्यमंत्री और अन्य तमाम भाजपाइयों के मुकदमें वापस लिए हैं वैसे ही समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर मोहम्मद आजम खां साहब पर लगे सभी मुकदमे वापस लिए जाएंगे। पत्रकारों पर लगे मुकदमे भी वापस लिए जाएंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा भेदभाव की राजनीति करती है। इस सरकार में थाना, चौकियों से लेकर हर जगह जाति-धर्म के आधार पर भेदभाव हुआ है। भाजपा सरकार ने स्वजातीय, वर्चस्ववादी लोगों को थाने, चौकी तहसील और अन्य तमाम पदों पर बैठाया हुआ है। पोस्टिंग दी है। भाजपा सरकार में जाति के आधार पर पोस्टिंग होती है। गोरखपुर में सबसे ज्यादा पोस्टिंग एक ही जाति के लोगों को मिली। यूपी एसटीएफ की पोस्टिंग में भी जाति सर्वोपरि है। मुख्यालय के ठेके भी एक ही जाति के लोगों को मिले हुए है। जाति को लेकर जब कोर्ट का फैसला आया है तब सरकार जागी है।

अखिलेश ने कहा कि ये लोग बताएं कि पांच हजार सालों से जो भेदभाव हुआ है उसे कैसे दूर करेंगे। संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर को भी जातीय भेदभाव का सामना करना पड़ा।

# ट्रम्प ने यूएन के अस्तित्व पर ही खड़े किये सवाल

**एजेंसी**

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र महासभा में पहुंचे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूएन के अस्तित्व पर ही सवाल उठा दिए। उन्होंने सभा में अपने संबोधन में कहा कि यूएन का काम ही क्या है। साथ ही अन्य देशों को अमेरिका का तरीका अपनाने की सलाह दे दी। इसके अलावा ट्रंप ने युद्ध रुकवाने और रूस-यूक्रेन युद्ध मामले में भी भारत का जिक्र किया। ट्रंप ने दावा किया है कि उन्होंने बीते 7 महीने में 7 युद्ध रुकवाए हैं। वहीं क्षमता है। मैंने यह बात हमेशा कही है। इसमें बहुत ज्यादा क्षमता है, लेकिन यूएन उस क्षमता के आसपास भी काम नहीं कर रहा है।'

उन्होंने आगे कहा, 'अपने अधिकांश समय में और कम से कम अभी तो ये सभी ऐसा लग रहा है कि कड़े शब्दों में पत्र लिख रहे हैं, लेकिन उसमें क्या लिखा है उसका पालन नहीं कर रहे हैं। इसके खोखले शब्द युद्ध को नहीं सुलझाते हैं।' उन्होंने देशों को अमेरिका का तरीका अपनाने की सलाह दी है। ट्रंप

## सभी देशों को दे डाली अमेरिका को फॉलो करने की सलाह



ट्रंप ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का भी क्रेडिट लिया। ट्रंप ने यह भी कहा है कि जंग रुकवाने की जिम्मेदारी संयुक्त राष्ट्र की जगह उन्हें लेनी पड़ी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि संयुक्त राष्ट्र अपनी क्षमता के हिसाब से काम नहीं कर पा रहा है।

ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान से लेकर इजरायल और ईरान के युद्ध तक का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'यह बेहद बुरी बात है कि संयुक्त राष्ट्र की जगह मैं ये काम कर रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'संयुक्त राष्ट्र का काम ही क्या है? यूएन में काफी ने कहा, 'एक बेहतर भविष्य हमारी पहुंच में है, लेकिन हमें फेल हुए तरीकों को छोड़ना होगा और इतिहास के सबसे बड़े खतरों का मुकाबला करना पड़ेगा।'

संबोधन के दौरान ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र कॉम्प्लेक्स के रेनोवेशन में भाग लेने की कोशिश की थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। उन्होंने कहा, 'सालों पहले डोनाल्ड जे ट्रंप नाम के न्यूयॉर्क के एक सफल रियल एस्टेट डेवलपर ने इस कॉम्प्लेक्स के रेनोवेशन के लिए दावा पेश किया था, लेकिन वो दूसरी दिशा में चले गए जो उस समय काफी महंगा था।'

**उठते सवाल** 104 आपराधिक मुकदमों की लम्बी फेहरिश्त, 93 मामले तो रामपुर में ही, सिर्फ 12 में फैसला, पांच में सजा

# आखिर आजम खां को मिली चांदनी स्थायी है या अस्थायी ?

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां की 23 महीने बाद सीतापुर जेल से रिहाई हो गई है। उनकी रिहाई ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा रखी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद मंगलवार दोपहर 12:15 बजे वह जेल से बाहर तो आ गए लेकिन सवाल यह है कि 104 मुकदमों की लंबी फेहरिस्त के बीच आजम खां की यह आजादी कितने दिन टिकेगी? आजम खां पर कुल 104 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 93 अकेले रामपुर में हैं।

आजम खां पर जमीन हड़पने, शत्रु संपत्ति पर कब्जा, फर्जी जन्म प्रमाण पत्र, भड़काऊ भाषण और यहां तक कि बकरी-भैंस चोरी जैसे आरोप शामिल हैं। इनमें से 12 मामलों में फैसला आ चुका है, जिसमें 5 मामलों में उन्हें सजा सुनाई गई है। इनमें सबसे चर्चित डूंगरपुर प्रकरण और जन्म प्रमाण पत्र जालसाजी का मामला है। इसमें आजम, उनकी पत्नी तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला को सात-सात साल की सजा हुई थी। बाकी मामलों में या तो वे बरी हुए या जमानत पर हैं। अभी भी 80 से अधिक मुकदमे विचाराधीन हैं, जिनमें 59 मजिस्ट्रेट कोर्ट, 19 सेशन कोर्ट और 3 जिला अदालतों में लंबित हैं।

आजम के लिए चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं। कई मामलों में जल्द फैसले आने की संभावना है, जिससे उनकी कानूनी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। रिकार्ड रूम में अभिलेखों में हेराफेरी और साक्ष्य मिटाने के आरोपों में अदालत ने आजम खां को व्यक्तिगत रूप से एक अक्तूबर को तलब किया है। पिछले वर्ष शत्रु संपत्ति को खुर्द-बुर्द करने के आरोपों से घिरे सपा नेता आजम व अब्दुल्ला आजम को रामपुर पुलिस ने क्लीन चिट दे दी थी।



इसी मामले में कुछ दिन पूर्व आजम खां के खिलाफ आईपीसी की धारा 467, 471 और 201 में एडिशल चार्जशीट दाखिल करते हुए स्पष्ट किया था संबंधित केस में सपा नेता आजम की संलिप्तता पाई गई है। तीन दिन पहले कोर्ट ने दोनों पक्षों की आपत्तियों को निस्तारित करते हुए सपा नेता आजम खां पर एडिशनल चार्जशीट में बढ़ाई गईं आईपीसी की धारा 467, 471 और 201 का संज्ञान ले लिया था। इस मामले में आजम खां को एक अक्तूबर को व्यक्तिगत रूप से तलब किया गया है।

आजम की रिहाई से सपा खेमे में उत्साह है। आजम के समर्थकों का मानना है कि ये मामले राजनीतिक साजिश का हिस्सा हैं, खासकर 2017 में योगी सरकार के सत्ता में आने के बाद, जब जौहर विश्वविद्यालय से जुड़े मामलों की जांच तेज हुई। हालांकि, भाजपा नेताओं ने न्यायिक प्रक्रिया का हवाला देते हुए कहा कि कानून अपना काम कर रहा है। भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि न्याय व्यवस्था निष्पक्ष है। कोर्ट ने जमानत दी, यह उसका अधिकार है।

उनकी रिहाई के बाद 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में उनकी भूमिका को लेकर चर्चाएं तेज हैं। लेकिन लंबित मुकदमों की छाया और संभावित नई कानूनी चुनौतियां उनके भविष्य पर सवाल खड़े करती हैं। क्या यह रिहाई स्थायी होगी, या यह सिर्फ अस्थायी चांदनी है? यह समय और कोर्ट के फैसले ही बताएंगे।

आजम खां 23 महीने बाद सीतापुर जेल से रिहा हुए और रामपुर पहुंचते ही पुलिस से विवाद हो गया। आजम खां का काफिला रामपुर की सीमा में जैसे ही दाखिल हुआ, पुलिस ने उनकी गाड़ी को रोक लिया। इससे उनके समर्थकों में नाराजगी फैल गई। आजम खां ने इस कार्रवाई पर तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा कि पुलिस मेरे लोगों का हवाला देकर मुसाफिरों को बेवजह परेशान कर रही है।

रामपुर सीमा पर पहुंचते ही पुलिस ने उनके काफिले की जांच शुरू की और केवल तीन गाड़ियों को आगे बढ़ने की अनुमति दी। उनके काफिले की पीछे आ रही कारों, जिनमें मीडिया की गाड़ियां भी शामिल थीं, रोक दिया गया।



मेदांता हॉस्पिटलः लखनऊ करोड़ों गरीबों की आवाज, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर को अस्वस्थता की स्थिति में लखनऊ स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंत्री का इलाज वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राकेश मिश्रा की देखरेख में चल रहा है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम लगातार उनकी स्वास्थ्य स्थिति की निगरानी कर रही है। सुखद समाचार है कि नेता जी के स्वास्थ्य में बहुत ही तेजी से सुधार हो रहा है। हम सभी देशवासियों, पार्टी कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों से अपील करते हैं कि वे शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की प्रार्थना करें। ईश्वर से हम सबकी यही प्रार्थना है कि जल्द से जल्द स्वस्थ होकर पुनः सक्रिय सार्वजनिक जीवन में लौटें। यह जानकारी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव एवं पूर्व मंत्री डॉ. अरविंद राजभर जी ने दी।

# सरकार पीड़ित परिवार के साथ : ब्रजेश पाठक

## सियाराम उपाध्याय के परिजनों से मिले डिप्टी सीएम, पांच लाख रुपए की त्वरित आर्थिक सहायता

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**गाजीपुर/लखनऊ।** डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को गाजीपुर में भाजपा कार्यकर्ता सियाराम उपाध्याय के परिजनों से भेंट कर उन्हें हर संभव मदद हेतु आश्वस्त करते हुए पांच लाख रुपए की त्वरित आर्थिक सहायता प्रदान की। डिप्टी सीएम ने कहा कि मामले की एसआईटी जांच कराई जा रही है। जांचोपरांत जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

> ● कहा, एसआईटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के विरुद्ध होगी कठोरतम कार्रवाई

मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर गाजीपुर पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने भाजपा कार्यकर्ता सियाराम उपाध्याय के भाई शशिकांत उपाध्याय से भेंट की। गौरतलब है कि भाजपा कार्यकर्ता सियाराम उपाध्याय पुलिस के लाठीचार्ज में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। इस मामले को लेकर एसआईटी गठित कर जांच कराई जा रही है। मंगलवार को



डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने भाजपा कार्यकर्ता के परिजनों से भेंट की। उन्हें पांच लाख रुपए की त्वरित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई और हर संभव मदद हेतु आश्वस्त किया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार पीड़ित परिजनों के साथ है। वे हमारे परिवार के सदस्य थे। उनके परिवार को न्याय दिलाया जाएगा। मामले में एसआईटी गठित कर जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून का राज स्थापित है, किसी भी व्यक्ति को कानून से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा।

### यूपी एटीएस की सटीक कार्रवाई

**लखनऊ।** युद्ध चाहे गाजा में हो या कहीं और, दुनिया भर में उसकी खबरें मानवता को झकझोरती हैं। बच्चों की मासूम आंखे और बेघर हुईं माताओं की विवश पुकार लोगों को उद्वेलित कर देती हैं। इसीलिए लोग मानवीय करुणा से प्रेरित होकर मदद का हाथ बढ़ाते हैं। संवेदनशील भारतीय नागरिकों ने भी अपनी गाढ़ी कमाई से यह सोचकर दान दिया कि शायद उनके योगदान से किसी बच्चे के आंसू थम जाएं, किसी मां को सहारा मिल जाए लेकिन इसी करुणा और करुणाध्वनि को ठगों ने हथियार बना लिया। उत्तर प्रदेश के एडीजी (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश ने बताया कि एटीएस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग गाज़ा युद्ध से प्रभावित बच्चों और महिलाओं की मदद के नाम पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर क्राउडफंडिंग अभियान चला रहे हैं।

## एक नजर

### उत्तर प्रदेश के पते पर पंजीकृत 127 राजनैतिक दलों को कारण बताओ नोटिस जारी

**लखनऊ।** लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के प्राविधानों के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य के पते पर पंजीकृत 127 राजनैतिक दलों (आरयूपीपी) को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इन राजनैतिक दलों द्वारा विगत 03 वित्तीय वर्षों (2021-22, 2022-23, 2023-24) के वार्षिक लेखापरीक्षित खाते निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत नहीं किए गए और वर्ष 2019 से अब तक विगत 06 वर्षों में आयोजित विभिन्न निर्वाचनों में प्रतिभाग तो किया गया परन्तु निर्धारित समयावधि में निर्वाचन व्यय विवरणी दाखिल नहीं किया गया। प्राविधान यह है कि विधानसभा चुनाव के पश्चात 75 दिनों के भीतर और लोकसभा चुनाव के पश्चात 90 दिनों के भीतर निर्वाचन व्यय विवरणी दाखिल किया जाना अनिवार्य है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने कारण बताओ नोटिस के सम्बंध में कहा कि इन सभी दलों के अध्यक्ष व महासचिव अपना प्रत्यावेदन, शपथ पत्र एवं सुसंगत अभिलेख आदि 03 अक्टूबर, 2025 तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 के कार्यालय, चतुर्थ तल, विकास भवन, जनपथ मार्केट, लखनऊ-226001 को उपलब्ध करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त व्यक्तिगत सुनवाई हेतु 06, 07, 08 एवं 09 अक्टूबर, 2025 को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में प्रातः 10 बजे उपस्थित होकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना पक्ष रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथि के दौरान यदि ऐसे किसी दल की ओर से कारण बताओ नोटिस के सम्बन्ध में प्रत्यावेदन उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो यह माना जायेगा कि ऐसे राजनैतिक दल को इस मामले में कुछ नहीं कहना है। ऐसे दल के संबंध में रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित कर दी जायेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा कारण बताओ नोटिस इन सभी राजनैतिक दलों के पंजीकृत पते पर रजिस्टर्ड डाक से भेज दिया गया है। इन सभी राजनैतिक दलों के नाम एवं पते सहित सूची भारत निर्वाचन आयोग तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### इंटरनेशनल ट्रेड शो में स्वच्छ सुजल गांव प्रदर्शनी दिखाएगी यूपी के विकास की कहानी



**लखनऊ।** इंटरनेशनल ट्रेड शो में देश और दुनिया से आने वाले उद्यमी और दर्शक हस्तशिल्पियों की कलाकृतियों के साथ-साथ बदलते उत्तर प्रदेश की तस्वीर से भी रूबरू होंगे। ग्रेटर नोएडा में होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो में जल जीवन मिशन के स्टॉल में स्वच्छ सुजल गांव प्रदर्शनी लगाई जा रही है। इस प्रदर्शनी के जरिए ट्रेड शो में आने वाले पर्यटक और देश दुनिया के उद्यमी देख सकेंगे कि हर घर नल योजना शुरू होने के बाद से किस तरह से ग्रामीण लोगों के जीवन में परिवर्तन आया है। पीने के पानी की समस्या के समाधान के साथ-साथ ये योजना कैसे स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया करा रही है। ट्रेड शो एरिया के हॉल नंबर-7 के 496 वर्ग मीटर एरिया में जल जीवन मिशन की ओर से पेयजल का समाधान, मेरे गांव की नई पहचान थीम पर स्टॉल लगाया जा रहा है। जल जीवन मिशन के मीडिया सलाहकार राधाकृष्ण त्रिपाठी ने बताया कि स्वच्छ सुजल गांव के जरिए यूपी के ग्रामीण विकास की कहानी को विश्व पटल पर दिखाई जाएगी। जल जीवन मिशन हर घर नल योजना से 2,41,96,390 ग्रामीण परिवारों तक फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन पहुंच चुका है।

### पुरानी पेंशन लागू करो के गगन भेदी नारे से धरना स्थल गूंजा

**लखनऊ।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिला मुख्यालयों पर राष्ट्र व्यापी धरना देकर ज्ञापन दिया ओर कर्मचारी शिक्षक इकट्ठा होकर सभा की हे। लखनऊ में राष्ट्र व्यापी विरोध दिवस में कर्मचारी मसीहा स्वा0 बी एन सिंह जी की मूर्ति पर बड़ी संख्या में कर्मचारी शिक्षक आउटसोर्स इकट्ठा हुए ओर सभा की। सभा के माध्यम से मा0 प्रधानमंत्री जी व मा0 मुख्यमंत्री जी को 12 सूत्री मांग पत्र प्रेषित किया। उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के 12 सूत्री मांग पत्र को प्रशासन के अधिकारी ने प्राप्त किया ओर उचित प्रेषण करने का आश्वासन दिया। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर उत्तर प्रदेश में विरोध कार्यवाहियां हुयी। इस विरोध दिवस में देश के अन्य हिस्सों की भांति लखनऊ का शिक्षक आउटसोर्स संविदा नियमित कर्मचारी भी शामिल हुआ। स्व0 बी एन सिंह जी की मूर्ति पर भारी संख्या में आंदोलनकारी इकट्ठा हुए। पुरानी पेंशन देना होगा, रिक्त पदों को भरो, आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए नियमावली बनाओ। गगन भेदी नारे लगे धरने मे उपस्थित जन समूह ने लगाए।

### लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान की शासी निकाय की 41वीं बैठक हुई



**लखनऊ।** मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान की शासी निकाय की 41वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में मरीजों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को और सुलभ व प्रभावी बनाना है। बैठक में निर्णय लिया गया कि ब्रेन स्टेम डेड मरीजों के परिजनों की स्वीकृति उपरांत यदि अंगदान किया जाता है तो उस रोगी के अस्पताल खर्चों का भुगतान अस्पताल द्वारा किया जायेगा। मरीजों के उपचार में देरी से बचने के लिए सामान्य उपयोग की 250 से अधिक औषधियां और कंज्यूमेबल्स वार्ड में ही उपलब्ध कराए जाएंगे, जिसके लिए मरीजों से मामूली हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड (एचआरएफ) शुल्क लिया जाएगा, जिसमें ये सुविधाएं शामिल होंगी। इससे रोगी का उपचार तत्काल शुरू हो सकेगा। इसके अतिरिक्त नर्सिंग संवर्ग हेतु उच्चतर शिक्षा हेतु अध्ययन अवकाश अधिकतम 2 वर्ष के लिये स्वीकृत किया जायेगा। नेत्र रोग विभाग की ओपीडी में फंडस एग्जामिनेशन और काला मोतिया जांच जैसी सामान्य प्रक्रियाओं के लिए लिया जाने वाला 50 शुल्क समाप्त करने का निर्णय लिया गया है। ओ0पी0डी0 प्रोसीजर्स को रजिस्ट्रेशन शुल्क में ही सम्मिलित मानते हुये ये जांचे निःशुल्क की जाएंगी, जिससे मरीजों का समय बचेगा। बैठक में संस्थान में एनेस्थीसिया सहित अन्य विभागों में पीजी (एमडी/एमएस/डीएम/एमसीएच) की 86 सीटें बढ़ाने हेतु राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) को प्रस्ताव भेजने की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि दो माह पूर्व सम्पन्न हुये फैकल्टी रिक्रूटमेंट के माध्यम से 165 नये संकाय सदस्यों का चयन पूर्ण कर लिया गया है। बैठक में प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा एवं संस्थान के उपाध्यक्ष अमित कुमार घोष, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा श्रीमती अपर्णा यू0, सचिव वित्त समीर वर्मा, अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी-लखनऊ के कुलपति संजीव मिश्रा, पूर्व कुलपति उप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय डा0 पीके सिंह, महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य रतन पाल सिंह सुमन, संस्थान के निदेशक प्रो. सी.एम. सिंह सहित अन्य अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# मिशन शक्ति केंद्र की प्रभारी निरीक्षक होंगी महिला इंस्पेक्टर

## केंद्र पर तैनात होंगे 22 पुलिसकर्मी

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति 5 का शुभारंभ करते हुए प्रदेश के हर थाने में मिशन शक्ति केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिये थे ताकि प्रदेश की बेटियों और महिलाओं को भयमुक्त वातावरण, गरिमामयी जीवन और आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाया जा सके।

इसी क्रम में डीजीपी ने मिशन शक्ति केंद्र को लेकर सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये, जिसमें मिशन शक्ति केंद्र को लेकर गाइडलाइन जारी की गयी है। इसके तहत महिला शिकायतकर्ताओं के प्रति संवेदनशीलता, तत्परता और प्राथमिकता सुनिश्चित करने, शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, समुचित काउंसिलिंग, सहयोग और संरक्षण आदि निश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। इतना ही नहीं सभी केंद्र, पुलिस चौकियों की तरह कार्य करेंगे और महिला अपराधों से जुड़े मामलों की विवेचना भी करेगा। डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि मिशन शक्ति केंद्र में एक प्रभारी निरीक्षक/उपनिरीक्षक (प्राथमिकता महिला अधिकारी), 1 से 4 उपनिरीक्षक, 4 से 15 आरक्षी (जिनमें 50 प्रतिशत महिलाएं), 1 से 2 महिला होमगार्ड तथा आवश्यकता पड़ने पर परामर्शदाताओं की नियुक्ति के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों पर कर्मियों को 3 से 5 वर्ष की अवधि तक तैनात रखा जाएगा और प्रशिक्षित कर्मियों के स्थानांतरण का प्रावधान भी होगा। डीजीपी द्वारा जारी गाइडलाइन में थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि मिशन शक्ति केन्द्र के लिए एक अलग कक्ष, कम्प्यूटर, अभिलेख, स्टेशनरी, महिला शौचालय और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाए। - महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, महिला शक्ति केन्द्र की व्यवस्था को सम्पूर्ण प्रदेश में कियान्वित करायेंगें तथा उसकी कार्यवाही की त्रैमासिक समीक्षा करेंगे। महिला सुरक्षा के लिए जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश व पैम्फलेट/होर्डिंग के प्रारूप तैयार कर जनपदों को उपलब्ध करायेंगे।



# निजीकरण का टेंडर होते ही सामूहिक जेल भरो आंदोलन

## आन्दोलन के लगातार 300 दिन पूरा होने पर बिजली कर्मियों ने भरी हुंकार

> ● प्रान्त भर में व्यापक विरोध प्रदर्शन : आरएफपी डॉक्यूमेंट गोपनीय रखने के समाचार से बिजली कर्मियों में उबाल



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने चेतावनी दी है कि यदि जोर जबरदस्ती करके निजीकरण का टेंडर निकाला गया तो टेंडर निकलते ही बिजली कर्मी समस्त जनपदों में सामूहिक जेल भरो आंदोलन प्रारंभ कर देंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रबन्धन की होगी । निजीकरण के विरोध में लगातार चल रहे आंदोलन के 300 दिन पूरा होने पर आज बिजली कर्मियों ने प्रदेश के समस्त जनपदों में जोरदार विरोध प्रदर्शन कर सामूहिक जेल भरो सत्याग्रह प्रारम्भ करने का संकल्प लिया। राजधानी लखनऊ में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश और राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उप्र के केंद्रीय पदाधिकारियों ने आज शक्ति भवन मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया और कहा कि बिजली कर्मी घाटे के झूठे आंकड़े,दमन और उत्पीड़न के नाम पर किसी भी स्थिति में निजीकरण की साजिश कामयाब नहीं होने देंगे। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा कि यह विदित हुआ है कि पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन और आल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन के बीच यह तय हुआ है कि टेंडर की पूरी प्रक्रिया गोपनीय रखी जाय। इसके अंतर्गत पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के पांच निगम बनाकर पांच अलग अलग टेंडर निकाले जाएंगे जिनमें एक लिंक दी जाएगी। लिंक तभी खुलेगी जब टेंडर डालने वाली निजी कंपनी पांच लाख रुपए का भुगतान करें साथ में यह शपथ पत्र भी देना होगा की लिंक खुलने के बाद आरएफपी डॉक्यूमेंट को कोई कंपनी सार्वजनिक नहीं करेगी। संघर्ष समिति ने कहा कि ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन की निजी घरानों के साथ नियमित मुलाकात हो रही है और डिस्कॉम एसोशिएशन निजीकरण के मामले में बिचौलिए की भूमिका का निर्वाह कर रही है।

ऑल इंडिया डिस्कॉम एसोशिएशन के बीच में आ जाने के बाद से निजीकरण के मामले में लेन देन की चर्चा भी है। संघर्ष समिति ने कहा कि योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सरकार की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति है।ऐसे में टेंडर की पूरी प्रक्रिया और आरएफपी डॉक्यूमेंट को गोपनीय रखना बहुत गंभीर बात है और इस तरह सारी प्रक्रिया में ही भ्रष्टाचार की बू आ रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि यदि ऐसा होता है तो संभवतः यह देश के इतिहास में पहली बार होगा की लाखों करोड़ रुपए की परिसंपत्तियों को इतने गुपचुप ढंग से बेचा जा रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि आरएफपी डॉक्यूमेंट को छिपाना बहुत ही गंभीर मामला है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में विगत 28 नवंबर से लगातार चल रहे आंदोलन के आज 300 दिन पूरे होने पर बिजली कर्मियों,संविदा कर्मियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं ने प्रदेश के समस्त जनपदों में जोरदार विरोध प्रदर्शन कर संकल्प लिया कि वे किसानों और उपभोक्ताओं को साथ लेकर निजीकरण के विरोध में अपना आन्दोलन तब तक जारी रखेंगे जब तक निजीकरण का निर्णय वापस नहीं लिया जाता। राजधानी लखनऊ में हुई विरोध सभा को शैलेन्द्र दुबे, जितेंद्र सिंह गुर्जर, अजय कुमार, बलबीर सिंह यादव, महेन्द्र राय, पी के दीक्षित, सुहेल आबिद,श्री चन्द ,दीपक चक्रवर्ती, मोहम्मद इलियास , प्रेम नाथ राय, सरजू त्रिवेदी ने मुख्यतया सम्बोधित किया। राजधानी लखनऊ के अलावा वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

### यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में यूपी के एग्री 'कल्चर' के होंगे दर्शन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में इंटरनेशनल ट्रेड शो का तृतीय संस्करण होगा। इसकी तैयारी पूरी की जा चुकी है। गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आईटीएस का शुभारंभ करेंगे। इसमें एक तरफ देश- विदेश से आए प्रतिनिधि जहां यूपी की समृद्ध विरासत का दीदार करेंगे तो वहीं यूपी के एग्री 'कल्चर' के भी दर्शन करेंगे। ट्रेड शो के दौरान पांच कृषि विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम, अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान वाराणसी भी हिस्सा लेंगे। एफपीओ के कृषि संबधी उत्पादों, उपकरणों, बीज, उर्वरक व कृषि रक्षा रसायन निर्माताओं को मंच मिलेगा तो आगंतुकों को उत्तर प्रदेश की उन्नत कृषि संस्कृति और तकनीक से भी रूबरू कराया जाएगा। यहां प्रदेश के प्रगतिशील किसानों व कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय प्लेटफॉर्म मिलेगा। इसमें पूरे उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व एक ही स्थान पर होगा। इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 में कृषि विभाग को एक हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल आवंटित किया गया है। इसमें कृषि, कृषि शिक्षा, कृषि संबंधी संस्थाएं, कृषि उपकरण, उर्वरक, बीज व पौध संरक्षण रसायन निर्माता कंपनियां भी हिस्सा लेंगी।

# मिशन शक्ति से मिली प्रेरणा, तालाब से बदली जिंदगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में महिलाएं अब समाज और अर्थव्यवस्था की धुरी बन रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन शक्ति अभियान ने महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का जो आधार दिया है, उसी का परिणाम है जौनपुर जिले की शाहगंज तहसील के सुइथाकला विकास खंड के ग्राम बुढ़पुर की मीरा सिंह की सफलता। कभी सीमित संसाधनों में जीवन यापन करने वाली मीरा सिंह ने मत्स्य पालन के क्षेत्र में ऐसा मुकाम बनाया है, जो न केवल उनके परिवार की तकदीर बदल रहा है, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं और युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गया है।मीरा सिंह ने योगी सरकार के मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के साथ-साथ आत्मनिर्भरता की अनूठी मिसाल पेश की है। 2020-21 में एक एकड़ जमीन से शुरू किए गए मत्स्य पालन को आज 25 एकड़ तक विस्तारित कर मीरा ने न केवल अपनी पहचान प्रगतिशील मत्स्य पालक के रूप में बनाई, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक स्वावलंबन की प्रेरणा भी दी। मीरा सिंह का सफर



साधारण ग्रामीण महिला से सशक्त उद्यमी तक का प्रेरणादायक किस्सा है। योगी सरकार की 'नीली क्रांति' और मिशन शक्ति की योजनाओं ने मीरा को 15 लाख रुपये के अनुदान और वैज्ञानिक प्रशिक्षण से सशक्त किया, जो आज 1400 कुंतल वार्षिक उत्पादन के साथ 10 से अधिक लोगों को रोजगार दे रही हैं। 2020 में, जब उन्होंने पति जैनेंद्र सिंह के साथ मत्स्य पालन शुरू किया, तो प्रति हेक्टेयर उत्पादन महज 20 कुंतल था। योगी सरकार की मत्स्य बीज हैचरी योजना ने उन्हें 15 लाख रुपये का अनुदान और तकनीकी मार्गदर्शन दिया। मीरा सिंह कहती हैं कि पहले हमने एक एकड़ में प्रयोग किया। सरकार की मदद से सीखा कि वैज्ञानिक तरीके से कैसे उत्पादन बढ़ाया जाए। योगी सरकार ने हमें बीज, तकनीक और बाजार से जोड़ा। इससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ा। आज 25 एकड़ में 1400 कुंतल मछली पैदा होती है। इसमें 1250 कुंतल पंगेशियस, 60-60 कुंतल रोहू और भाकुर, 30 कुंतल मृगल शामिल है। वो कहती हैं कि हम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हैं। योगी सरकार की मदद से हम सुरक्षित और सम्मानित जीवन जी रहे हैं। मीरा की सफलता महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का प्रतीक है। मीरा सिंह गर्व से कहती हैं कि मिशन शक्ति ने हमें आत्मरक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता सिखाई। पति का साथ मिला, लेकिन सरकार की योजनाओं ने हमें सशक्त बनाया। आज वो अपने तालाबों से मछली और बीज की आपूर्ति आसपास के गांवों में करती हैं, जिससे स्थानीय किसानों को लाभ हुआ।

# अखिलेश यादव के सवाल का मंत्री नन्दी ने दिया करारा जवाब

**लखनऊ।** जो लोग जनता से बार-बार नकारे जा रहे हैं। फेसबुक पर सस्ते मुशायरे बघारे जा रहे हैं।

अखिलेश जी याद है कि भूल गये? आपके कार्यकाल में माफियाओं ने उत्तर प्रदेश के विकास और तरक्की की नसबन्दी कर दी थी। आपके मुंह से नोटबन्दी शब्द वैसे ही लगता है जैसे ओसामा बिन लादेन विश्वशान्ति की बात कर रहा हो। सवाल जरूर बेतुके होते हैं जिनके बेतुके जवाब देकर ही आपको उत्तर प्रदेश के पप्पू के रूप में ख्याति मिल रही है। मेरी तो आपको भी सलाह है कि बेतुके जवाबों और बयानों से बचिये। कम से कम पूर्व मुख्यमंत्री के पद की गरिमा, गम्भीरता और मर्यादा तो बनी रहेगी। कोई भी वीडियो पूरा देखे और सुने बिना प्रतिक्रिया देना अपने पांव पर खुद ही कुल्हाड़ी मारने जैसा होता है। सोशल मीडिया पर खोखली राजनैतिक कुश्ती लड़कर आप अपने अन्ध समर्थकों को जरूर बरगला सकते हैं लेकिन प्रदेश की समझदार जनता को नहीं। उत्तर प्रदेश की जनता को मालूम



है कि विरासत में गद्दी तो मिल सकती है लेकिन बुद्धि नहीं। बाकी पहले किसी अच्छे ट्यूटर से जीएसटी के बारे में ट्यूशन लीजिये। आपको जीएसटी सही ढंग से लिखना तो सिखा ही देगा।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीराम यादव पुत्र स्व0 बदलू यादव निवासी-119/42, कन्धारी बाजार, लालबाग, लखनऊ, उ0प्र0 अपने छोटे पुत्र अनिल यादव के कार्यों एवं दुर्व्यवहार से अत्यधिक परेशान रहता हूं और मैं उसे भारतवर्ष में पाई जाने वाली अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। मेरा अपने उक्त पुत्र के किसी भी प्रकार के कार्य व लेन-देन से कोई सरोकार नहीं है और न भविष्य में होगा।

**नाम : श्रीराम यादव**
**पिता : बदलू यादव**
**पता : निवासी 119/42, कन्धारी बाजार, लालबाग, लखनऊ, (उ.प्र.)**


**शुभारंभ** मिशन शक्ति अभियान 5 .0 के शुभारंभ पर लखनऊ में साइक्लोथॉन का आयोजन

# महिला एवं बाल सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, जागरूकता और अधिकारों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान लगातार समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रहा है। इसी कड़ी में आज लखनऊ में मिशन शक्ति 5.0 के 30 दिवसीय विशेष अभियान का शुभारंभ हुआ, जिसके तहत साइक्लोथॉन इवेंट का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में वन स्टॉप टीम (181)लखनऊ, चाइल्ड हेल्प लाइन टीम (1098) लखनऊ और जिला प्रोबेशन कार्यालय की टीम ने मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की शोभा और भी बढ़ गई जब इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ. प्रियंका मौर्य ने सम्मिलित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। ₹साइक्लोथॉन का उद्देश्य और महत्व साइक्लोथॉन इवेंट केवल एक खेल गतिविधि नहीं था, बल्कि यह समाज को जागरूक करने का एक सशक्त माध्यम बना। साइकिल चलाते हुए प्रतिभागियों ने यह संदेश दिया कि – महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।




हेल्पलाइन नंबर जैसे 181 (महिला हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) हर जरूरतमंद के लिए जीवन रेखा हैं। समाज में संवेदनशीलता और सतर्कता ही अपराध रोकने का सबसे बड़ा हथियार है। टीमों की सक्रिय भूमिका चाइल्ड हेल्प लाइन (1098)टीम लखनऊ ने बच्चों की सुरक्षा और सहायता सेवाओं की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया। वन स्टॉप टीम (181) लखनऊ ने महिलाओं के लिए उपलब्ध सहायता, काउंसलिंग और कानूनी मदद के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। जिला प्रोबेशन कार्यालय की टीम ने समाज में संवेदनशील माहौल बनाने और पीड़ितों को न्याय दिलाने में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सामाजिक जुड़ाव और ऊर्जा साइक्लोथॉन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, महिला समूहों, स्वयंसेवकों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। सड़कों पर साइकिलों का काफिला केवल पहियों की रफ्तार नहीं, बल्कि एकता और जागरूकता का प्रतीक बनकर निकला। लोगों के हाथों में जागरूकता से जुड़े पोस्टर और नारों की गूंज ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। भविष्य की दिशा यह आयोजन यह साबित करता है कि यदि समाज और प्रशासन साथ मिलकर काम करें, तो महिलाओं और बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करना असंभव नहीं। मिशन शक्ति अभियान का यह आगाज़ आने वाले 30 दिनों में अनेक जागरूकता कार्यक्रमों और पहलों का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिससे एक व्यापक सामाजिक बदलाव की नींव रखी जाएगी।


**श्रीमान उप जिलाधिकारी (न्यायिक) सफीपुर जनपद उन्नाव**

**वाद संख्या** : T202510690307947
**पेशी दिनांक** : 25.09.2025
**धारा** – 24 उ0प्र0 रा0 ग्राम सफीपुर उन्नाव
अशोक कुमार, आदि (**वादी**)
**बनाम**
राज्य सरकार (**प्रतिवादी**)

| | |
|---|---|
| 1. मुन्ना पुत्र शाबिर<br>2. गुड्डु पुत्र शाबिर<br>3. भुट्टु पुत्र शाबिर<br>4. असनैन पुत्र शाबिर | नि0 गण जगदीश खेड़ा मजरा सफीपुर –उन्नाव |
| 5. राजेन्द्र पुत्र जुम्मन<br>6. जवाहिर पुत्र टीका<br>7. सियाराम पुत्र टीका | नि0 गण सरांय सुदर पश्चिमी कस्बा सफीपुर –उन्नाव |

चूकिं ऊपर नामाकिंत ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए तारीख 25.09.2025 ई0 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयंम या सम्यक कोण अनुष्टिट अपने अभिवक्ता द्वारा उपस्थिति हो ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज ता0 18 माह 09 सन 2025 की निकाली गई।

**न्यायालय की आज्ञा से**

## एक नजर

### सुबह टहलने निकली महिला से हुई लूट

**लखनऊ।** राजधानी में महिलाओं को निशाना बनाने वाले बदमाश एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। रविवार सुबह टहलने निकली महिला से बाइक सवार लुटेरों ने कान की सोने की बाली लूट ली। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वृंदावन योजना सेक्टर 8 निवासी अंजनी कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी निधि गौतम रोजाना की तरह 21 सितंबर को भी टहलने गई थीं। सुबह करीब 7 बजे वह एमिटी स्कूल के पास रेलवे लाइन किनारे टहल रही थीं। इसी दौरान उतरेठिया की ओर से आए दो युवक बाइक पर पहुंचे और झपट्टा मारकर उनके कान से बाली छीन ले गए। घटना के बाद पीड़िता ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पीजीआई कोतवाली में तहरीर दी गई। पीजीआई इंस्पेक्टर धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### परी माता मंदिर: रात में होता है देवी का आगमन



**लखनऊ।** नवरात्र में देवी के पूजन दर्शन के लिए बाराबंकी की तरफ भी तमाम भक्त जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इन भक्तों की यात्रा का लक्ष्य होता है परी माता का दरबार। परी माता यहां कब से विराजमान हैं यह किसी को नहीं मालूम लेकिन कहा जाता है कि रात के समय आज भी परी माता का आगमन होता है जिसकी वजह से रात में मंदिर के आसपास कोई नहीं ठहरता। परी माता का दरबार लखनऊ और बाराबंकी की सीमा पर स्थित है। यहां एक तरफ बाराबंकी का शेख करीमाबाद गांव तो दूसरी तरफ राजधानी का हुसैनपुर गांव स्थित है। गोसाईगंज और आसपास के गांवों के सैकड़ों भक्त मां के दर्शनों के लिए पहुंचते हैं। राजधानी के गोसाईगंज विकासखंड की घुसकर गांवसभा के चार गांव कभी ऐसे थे जिनके चारों तरफ गोमती नदी बहती थी। गांवों तक बिना नाव के पहुंचना संभव नहीं था। इसी बीच गांव के उत्तर नदी किनारे जंगल में पिंडियां रखी मिली। कहा जाता था कि यहां रात के वक्त यहां परी आती हैं। जंगल साफ होने के बाद पहले पिंडियों की पूजा शुरू हुई फिर धीरे धीरे भक्तों की संख्या बढ़ती गई और मंदिर का निर्माण हुआ। करीब 20 वर्ष तक टापू बने रहने के बाद मुलायम सरकार में जब गोमती नदी पर चार पुलों का निर्माण हुआ तब राजधानी और बाराबंकी के बीच की दूरी सिमट कर बहुत कम रह गई। घुसकर घाट का पुल बनने के बाद टापू गांवों के दिन बहुरने के साथ ही परी माता की चौखट की रास्ता भी आसान हो गई। अब घुसकर घाट के पुल से होकर तमाम भक्त परी माता के दरबार में पहुंचते हैं। मंदिर पुरानी नदी के किनारे स्थित है। मां का दरबार घुसकर गांवसभा के हुसैनपुर गांव से काफी नजदीक है। घुसकर प्रधान मीना कुमारी के प्रतिनिधि पुत्र वीरेंद्र कुमार कहते हैं कि बुजुर्ग बताते हैं कि पहले परी माता पिंडी रूप में थी उसके बाद दो प्रतिमा स्थापित हुई और मंदिर का निर्माण करवाया गया। वह बताते हैं कि मंदिर घुसकर गांव सभा से काफी नजदीक है। परी माता मंदिर के पास एक कुंड है जिसके स्रोत से पानी निकलता रहता है। नवरात्र के दिनों में परी माता मंदिर पर भक्तों की काफी भीड़ जुटती ही है सामान्य दिनों में भी श्रद्धालु मां के दर्शन को जाते हैं। शुक्रवार और सोमवार के दिन यहां ज्यादा श्रद्धालु हाजिरी लगाते हैं। भक्तों की कामना पूर्ण करने वाली मां के दरबार में बच्चों के मुंडन संस्कार भी होते हैं। बरसात के दिनों में लखनऊ सीमा से जाने वाले मार्ग से आवागमन थोड़ा कठिन होता है लेकिन सतरिख क्षेत्र से जुड़ा मार्ग अच्छा है। मां के मंदिर पर बड़े बड़े घंटे बंधे हुए हैं। भक्तों के जयकारों के साथ घंटों की आवाज भी गूंजती रहती है।


### किसान पथ पर सडक हादसा, डाला चालक की मौत

**लखनऊ।** थाना बिजनौर इलाके मे डाला और कॉन्टेनर की आमने सामने भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत मे पीकप डाला चालक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक यानि की कॉन्टेनर चालक वाहन सहित मौजे से भाग निकला। जनपद हरदोई के सदर पुर दिलग्राम निवासी डाला चालक रमेश चंद्र राठौर पुत्र परशुराम उम्र करीब 57 वर्ष कुर्सी रॉड से थाना बंथरा के गुलाब खेड़ा डाला से पानी लेकर जा रहा था। यानि डाले मे पानी लदा था। तभी इसी दौरान उलटे साइड से आ रहे ट्रक यानि कॉन्टेनर मे आमने सामने भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत मे पीकप डाला चालक रमेश चंद्र राठौर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक यानि की कॉन्टेनर चालक वाहन छोड़कर मौके भाग निकला.। यह घटना दोपहर साढ़े बारह दिन की है.। यह बिजनौर के अलीनगर खुर्द स्थिति किसान पथ पर सडक दुर्घटना घटित हुई। घटना की सुचना पाकर मौके पर पहुंची बिजनौर पुलिस मृतक डाला चालक रमेश चंद्र राठौर के शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

### एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**लखनऊ।** सामुदायिक स्वास्थ्य के सरोजनी नगर के चिकित्सा केंद्र मे स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। चिकित्सा केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ चन्दन कुमार द्वारा शिविर आयोजित कराया गया। शिविर मे आम जनमानस की अनेक स्वास्थ्य सुबिधाये निशुल्क उपलब्ध कराई गई। जिनमे विशेष रूप से एन सी डी, स्क्रीनिंग, शुगर एवं बी पी की जाँच व उपचार, टी बी, की जाँच और उपचार, ओरल हेल्थ जाँचऔर उपचार, टी बी की जाँच और उपचार, कुष्ठ रोगियों की जाँच और उपचार, आयुष्मान आरोग्य कार्ड बनाने की सुबिधा, टीकाकरण अभियान की सुबिधाये उपलब्ध कराई गई। शिविर की सफलता मे चिकित्सालय स्टॉफ एवं स्वास्थ्य कर्मियों का विशेष योगदान रहा। जिसमे राम ललित शुक्ला, एन सी डी, गुफरान सिद्दीकी ओरल हेल्थ, विनय सिंह, महाबीर, टी बी, अशोक कुष्ठ से, चीफ फार्मासिस्ट मदन गुप्ता, फार्मासिस्ट आर बी मौर्य, श्याम सिंह, मेडिसिन, राजबहादुर मौर्या परचा, का उल्लेखनीय सहयोग था। शिविर मे बड़ी संख्या मे स्थानीय लोग पहुंचे और स्वास्थ्य सेवाओं का लभ लिया।

### आजम खान के रिहा होने पर बांटी मिठाई




**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य व राष्ट्रीय महासचिव आजम खान की रिहाई के बाद समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई । इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय 6, लाजपत राय भवन, कैसरबाग, लखनऊ पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' व जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान की उपस्थिति में सभी कार्यकर्ताओं ने आजम खान की रिहाई के शुभ अवसर पर मिठाई बांटकर खुशी मनाई। साथ ही बारादरी चौराहे पर तमाम आने-जाने वाले राहगीरों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव एस0यू0 खान , जिला उपाध्यक्ष इब्राहीम मंसूरी, बचान सिंह यादव, अनिल पासी, मो0 हलीम, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यूथ बिग्रेड नागेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छात्रसभा महेन्द्र कुमार यादव, वन्दना चतुर्वेदी, जिला सचिव इंजीनियर संदीप यादव, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा हारून अजीज, जिलाध्यक्ष अधिवक्ता सभा अंजनी प्रकाश, महासचिव अधिवक्ता सभा जी0एच0 जैदी, पूर्व चेयरमेन एन0 इशरत बेग, तानसेन यादव, बदरे आलम, सरदार मंजीत सिंह, लल्लन भाई, गोविन्द यादव, नजम मुस्तफा, अमर सिंह लोधी, मो0 फिरोज, मो0 रईश, एड0 अकबर सिद्दीकी, एहतेशाम अली, गौरव रावत, प्रवेश यादव, एड0 रईश अहमद, हाजी आजम खान, त्रिभुवन सिंह, रेहान अहमद, मो0 अनवर अंसारी, अनुज यादव, हसरत अली, शिवम यादव 'गोलू', गौरव रावत, मो0 आमिर, लाला रमीज खान, हरीश रावत, मोहित पाल, अक्षत पाण्डेय, अशोक गौतम 'प्रभात' अमित कुमार मौजूद रहे।

### सड़कों की खुदाई से जनजीवन अस्तव्यस्त

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम से आच्छादित गाँवों में नगरीय सुविधा जहाँ नगण्य है। वहीं मकान टैक्स के नाम पर विभाग द्वारा मनमानी धन उगाही करके मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। जिससे जनमानस में विभाग के प्रति आक्रोश उत्पन हो रहा है। हिन्दूखेड़ा अमौसी वार्ड सरोजनीनगर प्रथम जोन-5 के नागरिकों को नगर निगम द्वारा प्रदत्त मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने से वंचित करके उनके मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है। हिन्दू खेड़ा निवासी बच्चे, बुर्जुग और महिलाओं का गाँव से बाहर निकलना दुश्वार हो रहा है। विद्यालय आते जाते छात्र-छात्राएं कीचड़ में गिरकर परेशान रहते हैं। ग्रामवासी इसकी कई बार शिकायत लेकर वर्तमान पार्षद के पास जाने पर अपनी अपनी व्यथा सुनाई पर कार्यवाही न होने से ग्रामीण विचलित हैं।

# वरूण विहार योजना में बनेगा लॉजिस्टक पार्क

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**लखनऊ।** आगरा एक्सप्रेस-वे पर प्रस्तावित एलडीए की वरूण विहार योजना में 300 एकड़ क्षेत्रफल में लॉजिस्टक पार्क/ट्रांसपोर्ट नगर विकसित किया जाएगा। लगभग 800 एकड़ में पार्क, ग्रीन बेल्ट एवं गोल्फ कोर्स विकसित किये जाएंगे और 15 हजार से अधिक भूखण्ड सृजित होंगे।

एलडीए ने योजना के लिए किसानों से जमीन जुटाने का काम शुरू कर दिया है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को दोना गांव के किसानों को पारिजात सभागार में मुआवजे की डीडी सौंपी। इस मौके पर सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा एवं सीपी त्रिपाठी, एसडीएम विराग करवरिया, सहायक लेखाधिकारी विनोद श्रीवास्तव, तहसीलदार कुमकुम मिश्रा, नायब तहसीलदार प्रवेश कुमार समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि वरूण विहार योजना 6,580 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित की जाएगी। जिसके लिए सदर व सरोजनीनगर तहसील के ग्राम-भलिया, आदमपुर इन्दवारा, बहरू, जलियामऊ एवं मदारपुर, इब्राहिमगंज, नकटौरा, गहलवारा, तेजकृष्ण खेड़ा, रेवरी, सकरा एवं दोना की भूमि चिन्हित की गयी है। योजना में 15 हजार से अधिक भूखण्ड सृजित किये जाएंगे, जिससे बड़ी आबादी को आवासीय सुविधा मिलेगी। साथ ही शहर के उद्योग, स्वास्थ्य, शिक्षा व लॉजिस्टिक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास होगा। उपाध्यक्ष ने बताया कि वरूण विहार में 800 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में ग्रीन बेल्ट, पार्क व वॉटर बॉडीज विकसित की जाएगी, जिसमें 01 अंतरराष्ट्रीय स्तर का गोल्फ कोर्स व सेंट्रल पार्क होगा। इसके अलावा 300 एकड़ क्षेत्रफल में लॉजिस्टिक पार्क विकसित किया जाएगा। योजना में कुल 25 सेक्टर नियोजित किये जाएंगे। जिसमें अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत ग्रिड सड़कों, भूमिगत केबल लाइन आदि का प्रावधान किया जाएगा। संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि योजना के लिए किसानों से सहमति के आधार पर भूमि क्रय की जा रही है। इस क्रम में दोना गांव के भूमि स्वामी नसीम अहमद, कल्लू राम, श्रीराम और कल्लू खान ने अपनी लगभग 10 बीघा भूमि का बैनामा प्राधिकरण के पक्ष में किया है। एसडीएम विराग करवरिया ने बताया 148 एकड़ जमीन के सहमति प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं, परीक्षण पूर्ण होते ही जमीन के बैनामे कराये जाएंगे।

### अनियोजित विकास पर एलडीए की बड़ी कार्रवाई

**लखनऊ।** शहर में 180 बीघा से अधिक क्षेत्रफल में की जा रही 17 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी संगीता राघव ने बताया कि बी0बी0डी0 व सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र के सिकन्दरपुर अमोलिया, सिकन्दरपुर खुर्द, देवरिया व बक्कास में ओ0पी0 राय, अमित राय, जितेन्द्र मिश्रा, सतीश, देशराज, पवन यादव, हरिनाम, शरीफ, दुर्गेश, श्रीकांत, राम धीरज ने पांच स्थानों पर लगभग 90 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कराया। जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि दुबग्गा के ग्राम-कुसमोरा हलुआपुर में हुसनैन फखरूद्दीन, हरछठ लाल, सोनू पंडित, अनवर, संजय यादव, रामगोपाल यादव, अवधेश व अन्य द्वारा पांच अलग-अलग स्थानों पर लगभग 56,000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में प्लाटिंग करत कालोनी विकसित की जा रही थीं।

## मां चंद्रघंटा



तीसरे दिन भक्त मां चंद्रघंटा की पूजा करते हैं, जो शांति, स्थिरता और स्थिरता का प्रतिनिधित्व करती हैं। देवी पार्वती के विवाहित स्वरूप को देवी चन्द्रघण्टा के रूप में जाना जाता है। भगवान शिव से विवाह होने के पश्चात् देवी महागौरी ने अपने मस्तक पर अर्ध चन्द्र धारण करना आरम्भ कर दिया, जिसके कारण देवी पार्वती को देवी चन्द्रघण्टा के नाम से जाना जाने लगा। उन्हें एक शेरनी पर सवार और दस भुजाओं के साथ दर्शाया गया है। देवी चन्द्रघण्टा अपने चार बायें हाथों में त्रिशूल, गदा, तलवार तथा कमण्डलु धारण करती हैं तथा पांचवां बायां हाथ वर मुद्रा में रखती हैं। वह अपने चार दाहिने हाथों में कमल पुष्प, तीर, धनुष तथा जप माला धारण करती हैं तथा पांचवे दाहिने हाथ को अभय मुद्रा में रखती हैं।

### पूजा- विधि

सुबह जल्दी उठें, सबसे पहले स्नान करें और पवित्र वस्त्र धारण करें। मां चंद्रघंटा की मूर्ति या चित्र को स्थापित करें और उनकी पूजा करें। इसके बाद पूजा में मां को लाल और पीले रंग के वस्त्र अर्पित करें। मां चंद्रघंटा को कुमकुम, पुष्प और अक्षत अर्पित करें।मां चंद्रघंटा को पीला रंग अत्यंत प्रिय है इसलिए पूजा में लाल व पीले रंग के फूलों का प्रयोग करें। दीप और धूप जलाएं और मां चंद्रघंटा की आरती करें। दुर्गा सप्तशती के अंत में मां चंद्रघंटा की आरती है। उसका पाठ भी करें। इन सभी विधियों को विधिपूर्वक करने से मां चंद्रघंटा प्रसन्न होती हैं और अपने भक्तों पर कृपा बरसाती हैं।

### मां की व्रत कथा

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, जब महिषासुर का अत्याचार बढ़ गया और देवता असहाय हो गए, तब सभी देवताओं ने भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश से प्रार्थना की। त्रिदेव के क्रोध और ऊर्जा से एक तेजस्विनी देवी प्रकट हुईं। देवताओं ने उन्हें अपने-अपने दिव्य अस्त्र प्रदान किए शिव ने त्रिशूल, विष्णु ने सुदर्शन चक्र, इंद्र ने घंटा, सूर्य ने तलवार और तेज, और अन्य देवताओं ने भी अपने दिव्य शस्त्र दिए। सिंह पर आरूढ़ होकर मां ने महिषासुर से युद्ध किया और अंततः उसका वध कर देवताओं को राहत दिलाई। यही रूप मां चंद्रघंटा कहलाए। कहा जाता है कि मां चंद्रघंटा की घंटा-ध्वनि से नकारात्मक शक्तियां नष्ट हो जाती हैं और वातावरण में दिव्य ऊर्जा का संचार होता है।

### ध्यान मंत्र

या देवी सर्वभूतेषु माँ चन्द्रघण्टा रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

# मरीजों की गोपनीयता का होगा पूरा ध्यान

## कम्युनिटी फार्मेसिस्ट के समर्थन से दवाओं का दुष्प्रभाव रिपोर्ट करना होगा आसान : सुनील यादव

**विश्ववार्ता संवाददाता**



» फार्माकोविजिलेंस सप्ताह का समापन समारोह बीपीएस कॉलेज एटा में आयोजित

**लखनऊ।** आशा वर्कर, सीएचओ, कम्युनिटी फार्मेसिस्ट के समर्थन से दवाओं का दुष्प्रभाव रिपोर्ट करना आसान और प्रभावशाली हो सकेगा । इसी के साथ सभी चिकित्सालयों को फार्माकोविजिलेंस के लिए सतर्क होना मरीजों की जीवन रक्षा के लिए अनिवार्य है। इंडियन फार्माकोपिया कमीशन के निर्देशन में औषधियों के प्रतिकूल प्रभाव को रिपोर्ट करने की संस्कृति का निर्माण करने हेतु फार्मेसिस्ट फेडरेशन द्वारा किए गए।

अपील पर पूरे उत्तर प्रदेश में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए , जिसका समापन आज एटा में आयोजित वेबिनर में किया गया, जिसमें फार्मेसी काउंसिल के पूर्व चेयरमैन एवं फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव द्वारा अपना व्याख्यान देते हुए यह अपील की गई। संस्थान के निदेशक डॉक्टर सत्येंद्र के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए। इसके पूर्व विभिन्न संस्थानों के साथ प्रदेश सरकार के एफ एम रेडियो और आकाशवाणी सहित अनेक चैनलों पर वार्ताएं प्रसारित की गईं। कल प्रयागराज में एक सेमिनार आयोजित हुआ जिसमे मंडल के फार्मेसिस्ट शामिल थे, डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अवध विश्विद्यालय में आयोजित वेबिनार को भी श्री सुनील यादव के साथ निदेशक डॉक्टर शैलेंद्र, प्रो विजय , प्रो अजय शुक्ला, प्रो विष्णु,प्रो कुणाल ने भी संबोधित किया।

जनता को यह बताने का प्रयास किया गया कि यदि कोई भी दवा गलत प्रतिक्रिया देती है तो टोल फ्री नंबर 1800-180-3024 या पीवीपीआई की वेबसाइट पर रिपोर्ट करिए । कोई भी स्वास्थ्य प्रदाता या मरीज स्वयं यह रिपोर्ट कर सकता है। इसमें मरीज की गोपनीयता का पूरा ध्यान रखा जाता है। यह मरीजों की सुरक्षा के लिए प्रभावी हथियार होगा। श्री यादव ने बताया कि आपकी सुरक्षा बस एक क्लिक दूर - पीवीपीआई को रिपोर्ट करें विषय के साथ भारत में 17 सितंबर से आज तक औषधि और औषधीय सामग्री द्वारा उत्पन्न प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया (एडवर्स ड्रग रिएक्शन) को रिपोर्ट करने के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से फार्माकोविजिलेंस सप्ताह का आयोजन किया गया।

फेडरेशन ने उत्तर प्रदेश सरकार से भी अनुरोध किया है कि ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों प्रधानों, आशा, आंगनबाड़ी आदि तक जागरूकता पहुंचाने हेतु व्यापक कार्ययोजना बनाई जाए, जिससे औषधियों के दुष्प्रभाव से मरीज को बचाया जा सके। उनका कहना है कि दवाओं के दुष्प्रभाव से बचने के लिए सभी तरह के प्रयास किए जा रहे हैं।

### हम चाँद की रोशनी में पढ़ते थे : शीला रोहेकर

**लखनऊ।** साहित्य हमेशा इतिहास और उससे जुड़ी राजनीतिक घटनाओं को साथ लेकर चलता है। इनके बिना आपकी रचना में कोई महत्व नहीं। आपको सिर्फ़ घटना का वर्णन नहीं करना, बल्कि उससे पात्रों और समाज पर क्या असर पड़ता है, यह भी दर्शाना पड़ता है। आप एक अत्यल्प समुदाय से संबंधित हैं, और आपकी रचनाओं में यह बार-बार दिखता है, क्या आप साहित्य में इसे दस्तावेज़ के रूप में प्रस्तुत कर रही हैं? जो अपमान और परेशानी यहूदी समाज ने देखी है, उन तकलीफ़ों को मैंने जाना है और निराशा भी देखी है।

मेरे साहित्य में मेरे यहूदी समाज का आना सिर्फ़ दस्तावेज़ीकरण तक सीमित नहीं है। त्रासदी हर एक इंसान के लिए अलग होती है। युवा लेखकों के लिए संदेशः मैं सिर्फ़ यह सीख देना चाहूँगी कि खूब पढ़िए, अच्छी किताबें पढ़िए, धीरे-धीरे पढ़िए, उन्हें ग्रहण कीजिए और मनन कीजिए, तभी आपके लेखन में चमक आएगी। हम चाँद की रोशनी में पढ़ते थे। तब जाकर भाषा में स्वतंत्रता आती है। साहित्य में विज्ञान का उपयोग : विज्ञान लेखन में बहुत काम आता है। जब मैं कुछ भी लिखती हूँ, तो उसका पुष्टिकरण करके लिखती हूँ।

# मलिहाबाद : 10 .32 करोड़ से होगा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज का कायाकल्प

» बेटियों को उच्च शिक्षा व बेहतर भविष्य के अवसर प्रदान करेगा

» विधायक जय देवी कौशल ने किया भूमि पूजन, निर्माण शुरू

**प्रमोद कुमार**



**मलिहाबाद (लखनऊ)।** क्षेत्र में लड़कियों की शिक्षा को नया आयाम देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। मंगलवार को प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के पुनर्निर्माण कार्य का भूमि पूजन क्षेत्रीय विधायक जय देवी कौशल ने किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल रजिया खातून, स्थानीय निवासी, अभिभावक, छात्राएं और क्षेत्रीय अधिकारी मौजूद रहे। जिन्होंने इस परियोजना को क्षेत्र की बेटियों के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक बताया। सुबह 10 बजे विद्यालय पहुची विधायक ने पारंपरिक विधि-विधान के साथ मंगल कलश स्थापित कर निर्माण कार्य शुरू कराया। इस मौके पर उन्होंने कहा की प्रदेश की डबल इंजन सरकार लड़कियों की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह कॉलेज न केवल एक आधुनिक शिक्षण संस्थान के रूप में उभरेगा,बल्कि छात्राओं को व्यावसायिक कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाएगा। जिससे मलिहाबाद की बेटियां अब किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेंगी। वर्षों से जर्जर हो चुकी कॉलेज की पुरानी इमारत के कारण छात्राओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत अब इस कॉलेज का पुनर्निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। इस योजना से बनने वाली नई इमारत में आधुनिक कक्षाएं, लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब जैसी सुविधाएं होंगी। जिसकी अनुमानित लागत 10.32 करोड़ रुपये है जो प्रदेश सरकार मुहैया करा रही है। कार्यक्रम में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी डीईओ राकेश कुमार ने कहा, यह परियोजना मलिहाबाद ब्लॉक में बालिका शिक्षा को मजबूत करने में मील का पत्थर साबित होगी। प्रिंसिपल रजिया खातून ने बताया कि वर्तमान में कॉलेज में 536 छात्राएं पढ़ रही हैं, और नई इमारत बनने के बाद यह संख्या दोगुनी हो सकती है। क्षेत्र में इस परियोजना को लेकर स्थानीय निवासियों और अभिभावकों में खासा उत्साह है। उनका मानना है कि यह कॉलेज क्षेत्र की बेटियों को उच्च शिक्षा और बेहतर भविष्य के अवसर प्रदान करेगा।

प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत यह पहल न केवल शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी, बल्कि मलिहाबाद को शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान भी दिलाएगी। इस कार्य से छात्र-छात्राओं को बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी और भविष्य उज्जल होगा।

## पार्षद ने बंधुवा तालाब पर नए छठ पूजा पक्का घाट का किया शिलान्यास

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** वार्ड सरोजनी नगर सेकेंड में तपोवन नगर कालोनी बंधुवा तालाब पर नए छठ पूजा पक्का घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास पार्षद राम नरेश रावत द्वारा किया गया।शिलान्यास कार्यक्रम पूरी विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करके राम नरेश रावत ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया।

राम नरेश रावत ने पार्टी की वरिष्ठ कार्यकर्ता ललिता गिरी,सूर्य प्रकाश मिश्रा से नारियल तुड़वाकर व अशोक ओझा से घाट पर फावड़ा मरवाकर कार्य का शिलान्यास किया। पार्षद राम नरेश रावत ने बताया की तपोवन नगर कालोनी में बने इस बंधुवा तालाब पर एक पक्का घाट पूर्व महापौर वर्तमान राज्यसभा सांसद डाक्टर दिनेश शर्मा द्वारा 2015 में बनवाया गया था। घाट पर प्रत्येक वर्ष छठ मैया के भक्तो की संख्या लगातार बढ़ रही थी। इसी को देखते हुए यहां के राम नरेश रावत ने अपनी पार्षद निधि से दक्षिण और उत्तर की दिशा में एक पक्का घाट बनवानेके लिए दस लाख रुपए की धनराशि जारी की है। 35 मीटर लंबा और आठ मीटर चौड़ा जो कि दस लाख रुपए की लागत से निर्मित होगा।

इस घाट पर प्रत्येक वर्ष सात हजार लोग पूजा करने आते है।घाट कम होने से पूजा अर्चना मे भक्तों को दिक्कत होती थी। दिवाली के पहले ये नया छठ पूजा घाट बनकर भक्तों के लिए तैयार हो जाएगा। ललिता गिरी,रामेश्वर त्यागी,सूर्य प्रकाश मिश्रा, जय राम यादव, ओझा कुलदीप कुमार, उमा शंकर वर्मा,राम नरेश गुप्ता, माला सिंह,द्वारिका विश्वकर्मा,ऋषि राम यादव,विनोद चौरसिया,अनिल सिंह,राम राकेश कुमार, लक्ष्मी गुप्ता देवी, ललिता देवी, रेनू, सुनीता राय उपस्थिति रही।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ

## 55 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, राजभवन से हो रही अभियान की निगरानी

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर शुरू किए गए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का गोसाईगंज में मंगलवार को शुभारंभ हो गया। क्षेत्र के सात गांवों की शत प्रतिशत महिलाओं का राजभवन की निगरानी ने स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा।

मालूम हो कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया है। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के स्वस्थ नारी सशक्त परिवार एवं स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में 18 सितंबर को कासिमपुर गांव पहुंचे राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव सुधीर एम बोवडे ने महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही क्षेत्रीय एएनएम हेमारानी को उनके कार्य क्षेत्र के सभी सात गांवों में सभी महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए निर्देशित किया था। उन्होंने कहा था इस कार्य की निगरानी राज भवन से होगी। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के निर्देश के अनुसार मंगलवार को कासिमपुर गांव में आशा कार्यकत्री शुभांगी के आवास पर कैंप लगा कर महिलाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण शुरू किया गया। एएनएम हेमारानी, सीएचओ पूनम शर्मा, आशा शुभांगी श्रीवास्तव, मंजू और कीर्ति शुक्ला के द्वारा पहले दिन 55 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ सुरेश पांडेय और प्रतिरक्षण अधिकारी शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि अन्य गांवों में भी महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। फिलहाल कासिमपुर, बिरुहा, मोअज्जम नगर, कबीरपुर, लक्ष्मणपुर, नवाब अली पुरवा और नटखेड़ा में स्वास्थ्य परीक्षण शुरू किया गया है।

कैंप में सभी गर्भवती महिलाओं का एनसी चेकअप, वजन, हीमोग्लोबिन, पेट की जांच, सभी किशोरियों का हीमोग्लोबिन एवं वजन जांचा जा रहा है। परिवार कल्याण संबंधी समस्त जानकारी भी प्रदान की जा रही हैं।राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव सुधीर एम बोवडे के साथ राज्यपाल के विशेष सचिव श्रीप्रकाश गुप्ता, संजय दीक्षित, उप सचिव हेमंत चौधरी के साथ ही अनुभाग अधिकारी डेविड पाल, पवन शुक्ला और कमल यादव भी गोसाईगंज पहुंचे थे।

**वार्तालाप** जीएसटी-2 व्यवस्था में खामियों पर व्यापार मंडल ने प्रमुख सचिव को दिए सुझाव, रखीं मांगे

# आईटीसी का ऑटो रिफंड मिले और रिफंड की प्रक्रिया हो सरल

**विश्ववार्ता संवाददाता**



» देश में एक व्यापार-एक कर व्यवस्था लागू हो : मिश्र

**लखनऊ।** लखनऊ व्यापार मंडल का पांच सदस्यीय एक प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र के नेतृत्व में प्रमुख सचिव एम. देवराज से भेंट कर जीएसटी-2 व्यवस्था की खामियों और सुधार संबंधी सुझाव का ज्ञापन सौंपा।

अध्यक्ष ने प्रमुख सचिव जी से अपनी बात रखते हुए कहा कि जो स्टॉक रिटेलर के पास है और वह अन ब्रांड है उसमें कर की दर जीरो हो गई है ऐसे में कंपनी से कोई क्रेडिट नोट भी नहीं मिलेगा जिसे व्यापारी धीरे धीरे बेच कर समाप्त करेगा और जो नया माल आएगा उसको उसी तरीके से बेचेगा व्यापारी तो एक बीच की कड़ी है जिस तरीके से माल आता है उसी तरीके से बेच देता है जो अभियान चलाया जा रहा है और व्यापारी को गलत ठहराने की कोशिश है वह गलत धारणा है व्यापारी ईमानदारी के साथ सरकार के साथ है और पूरा लाभ देगा। और ज्ञापन में मुख्य बिन्दुओं को बताया जो इस प्रकार है जहाँ उपभोक्ता और कुछ व्यापारियों को राहत मिली है, वहीं अब भी कई जटिलताएँ बनी हुई हैं।

व्यापारियों की ओर से प्रमुख मांगें की गईं कि एक व्यापार-एक कर व्यवस्था लागू हो, एक ही दर वाले ट्रेड में केवल एक एचएसएन रखा जाए, बार-बार नियमों में बदलाव न हों, आईटीसी का ऑटो रिफंड मिले और रिफंड की प्रक्रिया सरल की जाए। साथ ही छोटे व्यापारियों पर तकनीकी खामियों के कारण पेनाल्टी का बोझ न डाला जाए और सत्यापन के नाम पर होने वाले उत्पीड़न पर रोक लगे। वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा जी ने कहा कि जीएसटी में केवल व्यापारी मुनीम बनकर रह गया है दिन भर लिखा पढ़ी करता रहता है जिसके कारण व्यापार आधा रह गया है। महामंत्री जितेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि स्टेशनरी में आज भी विसंगतियां उतनी ही है जितनी पहले थी कागज पर कर की दर 12 प्रतिशत से 18 प्रतिशत कर दी गई जबकि उसी कागज से बनी बुक जीरो प्रतिशत कर की दर में है स्कूली बच्चों के बैग 18 प्रतिशत में है। मिश्र ने कहा कि गंभीरता से विचार किया जाए तो जीएसटी व्यवस्था और अधिक सरल होगी। चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा महामंत्री जितेंद्र सिंह चौहान कोषाध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता मौजूद रहे।

### सिनेमा, अभिनेता और साहित्य : अखिलेंद्र मिश्रा

**लखनऊ।** भारतीय सिनेमा और रंगमंच के दिग्गज अभिनेता अखिलेंद्र मिश्र, जिन्होंने चंद्रशेखर आज़ाद से लेकर चंद्रकांता के क्रूर सिंह तक हर किरदार में जान डाली, ने विशेष बातचीत में अपनी किताबों "अभिनय, अभिनेता और अध्यात्म", "अखिलामृत" और "आत्मोद्धानम्" पर चर्चा की। उन्होंने कहा, "ये पुस्तकें मैंने कोविड महामारी के दौरान घर पर लिखीं।

ये कविताएँ मुझे स्वयं आयीं, जिनमें अध्यात्म, जीवन और पर्यावरण तक के विषय शामिल हैं।"उन्होंने हिंदी पढ़ने और बोलने की महत्ता पर भी ज़ोर दिया। "चाहे रंगमंच हो या लेखन, यह एक आध्यात्मिक यात्रा है। मंच पर कलाकार विलीन हो जाता है, केवल पात्र जीवित रह जाता है।"मिश्र ने अपनी कविता "नाटक" का पाठ किया और नाट्यशास्त्र को आज भी अभिनेताओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथ बताया।

## एक नजर

### ससुर पर किया जानलेवा हमला

**बरेली।** बहेड़ी, दामाद पर साथियों की मदद से सुसर पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। शोर शराबा होने पर हमलावार तमंचे लहराते हुए भाग निकले जबकि एक युवक को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के बाद दो युवकों को नामजद करते हुए एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना बहेड़ी के ग्राम बकौली निवासी जागन लाल का कहना है कि बीती 20 तारीख़ को वह अपनी पर चून की दुकान पर बैठा हुआ था। इसी दौरान उसका दामाद अपने साथियों के साथ असलाह से लेस होकर उसके पास पहुंच गया और फिर उसपर जानलेवा हमला कर दिया। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए जिसपर उसका दामाद व उसके साथी जान से मारने की धकी देते हुए भाग गए जबकि एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। घटना के बाद उसकी पुत्री ने डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंच गई और पकड़े गए युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। आरोप है कि उसका दामाद पुत्री को प्रताडित करता है जिस कारण उसकी पुत्री व बच्चे उसके साथ रह रहे हैं। तहरीर के बाद पुलिस ने दामाद सुनील पुत्र सुदामा व विक्की पुत्र धर्मवीर निवासी ग्राम अटा कायस्थान कलेक्टर बुकगंज बरेली व एक आज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### गन्ना सट्टा प्रदर्शन मेले का आयोजन

**बरेली।** बहेड़ी सहकारी गन्ना विकास समिति लि0 में गन्ना सट्टा प्रदर्शन मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ गन्ना समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार गंगवार ने किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि यह सट्टा मेला किसानों के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। यहां गन्ना समिति पर आयोजित सट्टा प्रदर्शन मेला दिनांक 23 सितम्बर से शुरू होकर 29 सितम्बर तक चलेगा। इस मौके पर गन्ना समिति अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि नया सदस्य बनने एवं उपज बढ़ोत्तरी रसीद कटाने की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर है इसका कृषक ध्यान रखें। उन्होंने बताया कि जिन कृषकों को जमीन, गन्ना रकबा, आधार, बैंक खाता नं., आपूर्ति साधन, मोबाइल नं., क्रय केन्द्र परिवर्तन इत्यादि जो भी समस्यायें हैं इनका समाधान गन्ना सट्टा मेले में उपस्थित होकर सम्बन्धित गन्ना पर्यवेक्षक से सम्पर्क कर इसका समाधान करा लें। 30 सितम्बर के बाद सभी प्रकार के संशोधन बन्द कर दिये जायेंगे। मेले में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक श्री संजय राव, सचिव प्रभारी श्री राजीव सेठ, महाप्रबन्धक (गन्ना) चीनी मिल बहेड़ी श्री सुभाष तोमर एवं समिति क्षेत्र के बहुत सारे कृषक उपस्थित रहे।

### बीडीए ने अवैध निर्माण के खिलाफ की कार्रवाई



**बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) की प्रवर्तन टीम ने थाना बारादरी क्षेत्र स्थित पशुपति बिहार, पीलीभीत बाईपास मार्ग पर अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। टीम ने बिना मानचित्र स्वीकृति के बनाए जा रहे व्यावसायिक भवन और संचालित बारात घर को सील कर दिया।बीडीए की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, इरशाद अहमद द्वारा लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में एक व्यावसायिक भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा था। वहीं, मुस्तफा आदिल द्वारा करीब 1500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बिना प्राधिकरण की अनुमति के बारात घर का संचालन किया जा रहा था। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि दोनों ही निर्माण कार्य विकास प्राधिकरण की स्वीकृति के बिना किए गए हैं। इस पर उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए संयुक्त सचिव दीपक कुमार के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम ने दोनों निर्माणों को सील बंद कर दिया। इस कार्रवाई में सहायक अभियंता मनोज कुमार सिंह, अवर अभियंता सीताराम और प्रवर्तन टीम के सदस्य शामिल रहे। बरेली विकास प्राधिकरण ने कहा कि विकास क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी प्रकार के अवैध या अनधिकृत निर्माण को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। ऐसे निर्माणों के खिलाफ लगातार सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रहेगी।

### डॉ रवि नागर ने राकेश टिकैत का किया स्वागत

**बरेली।** संयुक्त किसान मोर्चा बरेली के प्रभारी, किसान एकता संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ रवि नागर ने टीम के साथ किसान महापंचायत में किसान नेता राकेश टिकैत का गादा भेंट कर स्वागत किया। किसान नेता डॉ रवि नागर ने बताया कि वह संयुक्त किसान मोर्चा बरेली मंडल के प्रभारी है उन्होंने संयुक्त किसान मोर्चा की तरफ से पूरे देश में किसानों की लड़ाई लड़ने वाले भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि तीन कानून के खिलाफ दिल्ली में चल रहे आंदोलन में राकेश टिकैत के साथ काफी लंबे समय रहना हुआ। आज जब वह बरेली आए तो बरेली मंडल के किसानों की कई प्रमुख समस्याओं पर लंबी चर्चा हुई।

# आज़म ख़ान की रिहाई पर सपा में जश्न

» आतिशबाज़ी व मिठाई बाँटकर मनाई खुशी





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं कद्दावर नेता आज़म ख़ान की लगभग 23 महीने बाद जेल से रिहाई की खबर मिलते ही समाजवादियों में खुशी की लहर दौड़ गई। पार्टी कार्यकर्ताओं ने बरेली स्थित कार्यालय पर आतिशबाज़ी कर व मिठाइयाँ बाँटकर एक-दूसरे को बधाई दी।सपा नेताओं ने कहा कि आज़म ख़ान का संघर्ष लोकतंत्र की जीत है और आने वाले समय में सपा कार्यकर्ता इस ऊर्जा को समाजवादी आंदोलन को मजबूत करने में लगाएंगे। जिले भर में समाजवादी कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह जश्न मनाया और उनका भव्य स्वागत किया। झुमका चौराहे पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने कहा कि आज़म ख़ान की रिहाई से साफ हो गया है कि तानाशाही की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि तानाशाही कभी ज़्यादा दिन तक नहीं टिकती। भ्रष्टाचार और षड्यंत्र के सहारे निर्दोषों को सज़ा देने की कोशिशें नाकाम साबित होंगी।

इस मौके पर पूर्व विधायक सुल्तान बेग, सरफराज बली ख़ान, जिला उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह यादव, मनोहर पटेल, खालिद ख़ान, मुस्ताक अहमद, पुरुषोत्तम गंगवार, कमर एजाज़ शानू, जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव, जिला सचिव बृजेश श्रीवास्तव, द्रोण कश्यप, श्यामवीर यादव, असलम बेग, सैफ बली ख़ान, प्रशांत यादव, यासीन ख़ान, असलम ख़ान, यशवीर यादव व अमित पटेल सहित अनेक नेताओं ने झुमका चौराहे पर पहुँचकर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

## सामूहिक विवाह में 101 घोड़े पर सवार होकर निकली बारात



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** श्री बाबा बनखंडी नाथ रामलीला समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह में 101 युवक युवतियों की शादी संपन्न हुई। मंगलवार को बाबा बनखंडी नाथ मंदिर से 101 घोड़े पर सवार होकर दूल्हों की बारात निकली। जो पीलीभीत आईटी रोड स्थित एक बारात घर तक जाकर वापस लौटी। बैंड बाजे के साथ निकली राम बारात में बड़ी संख्या में समिति से जुड़े कार्यकर्ताओं के साथ ही साथ युवकों के परिजन भी शामिल हुए।

शादी के बंधन में बंधे युवक युवतियों को जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, पूर्व आईएमए अध्यक्ष डॉ विमल भारद्वाज, डॉ विनोद पागरानी, डॉ एम एल मौर्य, संयोजक गिरधारी लाल साहू ने शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद दिया। कन्या दान की जिम्मेदारी संयोजक गिरधारी लाल साहू ने निभाई। सभी विवाहित जोड़ों को गृहस्ती का सामान उपहार स्वरूप दिया गया। रामलीला समिति द्वारा आयोजित शाम को भगवान राम और सीता विवाह का मंचन भी किया गया। इस अवसर पर श्रोता रामलीला का आनंद लेने आए श्रद्धालुओं ने प्रभु श्री राम और सीता का किरदार निभा रहे कलाकारों को भेंट देते हुए आशीर्वाद भी लिया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष संजीव शर्मा, धर्मेंद्र राठौर, सचिन राठौर, संतोषसाहू सुनील दत्त शर्मा, सत्येंद्र राठौर, लक्ष्मी नारायण, मुन्ना लाल राठौर, प्रेम शंकर राठौड़, लक्ष्मी नारायण सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते किसान भुखमरी के कगार पर : राजेश टिकैत



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार की पूंजीपतियों को बढ़ावा देने वाली आर्थिक नीतियों से किसान कर्जे में डूबकर भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार ने उद्योगपतियों को अब तक लगभग 19 लाख करोड़ रुपये माफ किए हैं। लेकिन किसानों की कर्जा माफी की मांग पर सरकार चुप्पी साध लेती है।

नेहरू युवा केन्द्र में किसान यूनियन की आज हुई महा पंचायत में किसान नेता राकेश टिकैत ने केन्द्र और प्रदेश सरकार को किसानों की बदहाली के लिए जिम्मेदार ठहराया है। गलत आर्थिक नीतियों के चलते किसान कर्ज में डूबकर आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो रहे है। किसानों की समस्याएं हल करने में सरकार की कोई दिलचस्पी नहीं है। खाद बीज के लिए किसान भटक रहे है। उन्होंने यह भी कहा कि गांवों में ट्यूबवैलों पर बिजली निगम कई गुना तेज चलने वाले स्मार्ट मीटर लगा रह है। उन्होंने सवाल किया कि सरकार सिंचाई मुफ्त बताती है तो मीटर क्यों लगाए जा रहे है? उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने स्वामीनाथन आयोग की रपट के मुताबिक उत्पादन लागत का डेढ़ गुना एम.एस.पी. अब तक किसानों को नहीं दिया है। उन्होंने किसानों को भरोसा दिया कि उनकी सभी समस्याओं को दमदारी से उठाकर हल कराने का प्रयास किया जा रहा है। संगठन के जिलाध्यक्ष चौधरी सोमवीर सिंह और प्रदेश महासचिव चौधरी शिशू पाल सिंह ने राकेश टिकैत को सौंपे ज्ञापन में आरोप लगाया है कि गांवों में समायोजन के नाम पर कई प्राथमिक पाठशालाओं को बंद किया जा रहा है। इस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। आंवला की इफ्को उर्वरक फैक्ट्री की स्थापना के समय जमीनदाता किसानों से किए गए वायदे के मुताबिक उनके परिवारों के एक-एक सदस्य को नौकरी अबतक नहीं मिल सकी हैं।

## नगर निगम में हुई जनसुनवाई, छह शिकायतें दर्ज, चार का मौके पर निस्तारण



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला। जनसुनवाई में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था, नाली निर्माण और कर विभाग से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। कुल छह समस्याएं दर्ज हुईं। जिनमें से चार का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने कहा कि प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले जनसुनवाई दिवस में नागरिक अपनी समस्याएं रख सकते हैं।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कराया जाएगा। कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य, अधिशासी अभियंता दिलीप कुमार शुक्ला, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश दीक्षित समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में जन-प्रतिनिधियों व नागरिकों ने भी सक्रिय सहभागिता की।

## खिरनीबाग रामलीला में 'राम जन्म' और 'ताड़का वध' का प्रभावशाली मंचन



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** महानगर के खिरनीबाग मैदान में चल रही रामलीला में मंगलवार को दर्शकों ने भक्ति और आस्था से ओत-प्रोत लीलाओं का आनंद लिया। रामलीला समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव ने मेला गेट पर फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। इसके बाद नवचेतना कला परिषद के कलाकारों ने राम जन्म, ताड़का वध और जनकपुर बाजार का सुंदर व भावपूर्ण मंचन किया। लीला की शुरुआत राजा दशरथ और महारानी कौशल्या के बीच रघुवंश के उत्तराधिकारी की चिंता से हुई। गुरु वशिष्ठ के परामर्श पर श्रृंगी ऋषि द्वारा यज्ञ कराया गया।

यज्ञ फलस्वरूप अग्निदेव की कृपा से चार पुत्रों की प्राप्ति हुई तो अयोध्या में हर्ष की लहर दौड़ गई। नामकरण व मुंडन संस्कार की झलकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद विश्वामित्र का आगमन हुआ। राम और लक्ष्मण उनके साथ यज्ञ की रक्षा के लिए चले और मार्ग में ताड़का का वध कर जंगल को असुरों से मुक्त कराया। तत्पश्चात जनकपुर से सीता के स्वयंवर का निमंत्रण आया। जिसके साथ ही राम और लक्ष्मण जनकपुर की ओर प्रस्थान कर गए। मंचन के अंतिम दृश्य में जनकपुर की भव्यता ने दर्शकों को खूब प्रभावित किया। कलाकारों में दशरथ की भूमिका रामसिंह, कौशल्या दीपक, कैकेयी मनोज, सुमित्रा अंजलि, राम सचिन, लक्ष्मण अर्चित, वशिष्ठ अनिल, विश्वामित्र तड़का, अनुराग, मारीच प्रदुम्न, सुबाहु अग्रीम, वेदप्रकाश व अन्य ने निभाई। निर्देशन अनिल व राकेश ने किया, जबकि मंच संचालन की जिम्मेदारी मनोज पटेल ने संभाली। मेला प्रबंधन समिति ने सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की है। वहीं बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले और खेलों के साथ-साथ खाने-पीने के स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। समापन पर महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक जन अग्रवाल (रीस्टार्ट), धवल कक्कड़, हिमांशु ऋषभ सक्सेना, खुशीराम गुप्ता, हरि किशोर (सेवक इंडस्ट्री), मनोज कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर मेला समिति के कोषाध्यक्ष विनोद अग्रवाल, सचिव नरेंद्र मिश्रा गुरु, प्रबंधक नीरज वाजपेयी, मनीष खन्ना, नितेश गुप्ता, अतुल अग्निहोत्री, राहुल खन्ना, दिवाकर मिश्रा, अजय गुप्ता (बीपीएल), डॉ. सत्य प्रकाश मिश्रा, अनिल बाजपेयी बाण, मुकेश गुप्ता 'रोमी', ऋषि कपूर, विजय तुली, पवन रस्तोगी, वेद प्रकाश मौर्य, लालू पुजारी, शिवकुमार गुप्ता, जितेंद्र वर्मा, गौतम राठौर, अनूप सिंह पिंटू, रमेश यादव समेत अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## भड़काऊ पोस्ट डालने पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** बरेली शहर में दो अलग-अलग घटनाओं ने माहौल को गरमा दिया है। पहली घटना किला थाना क्षेत्र की है, जहां 'आई लव मुहम्मद' लिखे पोस्टर हटाने पर इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) नेता डॉ. नफीस का विवादित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में वह थाना प्रभारी को खुलेआम धमकी देते नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी घटना प्रेमनगर की है, जहां इंस्टाग्राम पर धार्मिक भावनाएं भड़काने वाली पोस्ट सामने आने से तनाव फैलाने का प्रयास किया गया ।रविवार को थाना किला प्रभारी सुभाष कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में लगे 'आई लव मुहम्मद' लिखे पोस्टर हटवाने पहुंचे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया और पुलिस से कहासुनी शुरू हो गई। इसी बीच आईएमसी नेता डॉ. नफीस भी मौके पर पहुंच गए।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में डॉ. नफीस इंस्पेक्टर को धमकी देते हुए कह रहे हैं- "मैंने इंस्पेक्टर से कह दिया कि हाथ काट लूंगा... वर्दी उतरवा दूंगा।" बरेली के एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने डॉ. नफीस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की किसी को इजाजत नहीं दी जाएगी। इसी बीच प्रेमनगर थाना क्षेत्र में भी माहौल गरमा गया। सुर्खा चौधरी तालाब निवासी सलीम रजा ने पुलिस को तहरीर दी कि उनके बेटे रिहान घोसी की इंस्टाग्राम आईडी पर श्यामपाल नाम के व्यक्ति ने आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट भेजी।

## कांट में 2 अक्टूबर से शुरू होगा रामलीला, चेयरमैन प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** नगर पंचायत कांट में 2 अक्टूबर से शुरू होने वाले रामलीला महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। रविवार को चेयरमैन नगर पंचायत कांट मुनारा बेगम के प्रतिनिधि एवं पुत्र रईस मियां ने रामलीला ग्राउंड पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों साथ स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई व्यवस्था, पानी की आपूर्ति और अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया।

चेयरमैन ने नगर पंचायत कर्मियों को निर्देश दिए कि जब तक मेला चलेगा, रोजाना सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। साथ ही मोबाइल टॉयलेट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने साफ कहा कि रामलीला महोत्सव में व्यवस्था को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्रीमती मुनारा बेगम ने कहा कि भक्तों और दर्शकों की सुविधा सर्वोपरि है। नगर पंचायत की ओर से हर जरूरी इंतजाम सुनिश्चित किए जाएंगे ताकि रामलीला देखने आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### चकबंदी विभाग का मानचित्रकार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बरेली।** भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने चकबंदी विभाग के मानचित्रकार को 5000 की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली मण्डल, के प्रभारी निरीक्षक प्रवीण सान्याल ने बताया कि उनकी टीम ने राजीव मित्तल निवासी मकान नं0 957/16 गली नं० 5 राजीव कालोनी थाना सुभाषनगर जनपद बरेली, सम्प्रति मानचित्रकार चकबंदी विभाग जनपद बरेली को 5,000 रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। श्री सन्याल ने जानकारी दी कि सोमवार को भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली मण्डल, बरेली की टीम ने राजीव मित्तल सम्प्रति मानचित्रकार चकबंदी विभाग को उत्कोच के रूप में रूपये 5,000 लेते हुए घटनास्थल कार्यालय सीओ प्रथम चकबंदी विभाग सदर तहसील परिसर से रंगे हाथ पकड़ा। शिकायतकर्ता जितेन्द्र बाबू म० नं0 114 निकट बैंक ऑफ बडौदा, भरतौल थाना कैण्ट जनपद बरेली के खेत गाटा संख्या 432 का नक्शा दुरूस्तीकरण (तूदाबंदी) की कार्यवाही के एबज में शिकायतकर्ता उपरोक्त से 5,000 रुपये की रिश्वत उपरोक्त आरोपी राजीव मित्तल, मानचित्रकार, चकबंदी विभाग द्वारा मांगे जाने की शिकायत भ्रष्टाचार निवारण संगठन, से की गयी। शिकायत का संज्ञान लेकर भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली की टीम द्वारा नियमानुसार तत्काल प्रभावी कार्यवाही करते हुए मानचित्रकार राजीव मित्तल उपरोक्त को उत्कोच की रकम रूपये 5,000 को लेते हुए रंगे हाथ टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

## पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने तिलहर में सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां का स्वागत किया

जो लोग सामाजिक सौहार्द और एकता के प्रतीक होते हैं भाजपा को वे कभी रास नहीं आते : रोशन



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** तिलहर नगर में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के कद्दावर नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री आज़म ख़ां का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने फूल मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ ने नारे लगाकर नेताओं का उत्साह बढ़ाया।

रोशन लाल वर्मा ने कहा कि आज़म ख़ां पर लगाए गए फ़र्ज़ी मुकदमों से अब साफ हो गया है कि हर झूठ और हर साज़िश की एक सीमा होती है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग सामाजिक सौहार्द और एकता के प्रतीक होते हैं, भाजपा को वे कभी रास नहीं आते। उन्होंने कहा कि आज़म ख़ां एक बार फिर से उपेक्षित, पीड़ित और अपमानित लोगों की आवाज़ बनकर खड़े होंगे। भाजपा और उनके सहयोगियों द्वारा किए जा रहे दमन के खिलाफ वे जनता की लड़ाई लड़ेंगे। रोशन लाल वर्मा ने विश्वास जताया कि आज़म ख़ां हमेशा की तरह समाजवादी मूल्यों और सिद्धांतों के साथ सामाजिक न्याय की राह पर मजबूती से आगे बढ़ते रहेंगे।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार बच्चे की मौत

**बरेली।** पिता के साथ रामलीला देखकर मोटरसाइकिल से घर वापस लौट रहे बच्चे की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

देवरनिया थाना क्षेत्र के बसंत नगर जागीर निवासी सुरेंद्र पाल के बेटे जीतू पाल की बीती रात दमखोदा गन्ना सेंटर के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक के घर वालों ने बताया कि बीती रात सुरेंद्र पाल अपने बेटे जीतू पाल के साथ देवरनिया के गांव बसंत जागीर में चल रही रामलीला को देखने गया था जहां से रात में दोनों मोटरसाइकिल से घर वापस लौट रहे थे लेकिन रास्ते में जब सुरेंद्र पाल ने मोटरसाइकिल गन्ना सेंटर के पास पहुंची तो वह और खुद पेशाब करने के लिए एक सड़क के किनारे चला गया। जीतू इसी दौरान मोटरसाइकिल पर बैठा था इसी दौरान पीछे से आ रहे हैं कैंटर ट्रक ने तेजी से मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार जीतू की मौके पर ही मौत हो गई।

कार्यक्रम | जिलाधिकारी ने नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम की समीक्षा

# वायु गुणवत्ता में आया है 20 प्रतिशत का सुधार, बरेली 7वें नम्बर पर



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमे महापौर डॉ. उमेश गौतम उपस्थित रहे। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (NCAP) के अन्तर्गत बरेली शहर की परिवेशीय वायु गुणवत्ता के सुधार हेतु एम०ओ०ई०एफ०सी०सी० भारत सरकार द्वारा नगर निगम को स्वच्छ भारत वायु कार्यक्रम के अन्तर्गत पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु केंद्रीय नियंत्रण प्रदूषण बोर्ड दिल्ली के माध्यम से बोर्ड को धनराशि आवंटित की गयी है। जिसके माध्यम से नियमानुसार कार्य कराए जाएंगे। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (NCAP)के अन्तर्गत जनपद में कराए गए कार्यों के कारण जनपद की वायु गुणवत्ता में 20 प्रतिशत का सुधार आया है, वायु गुणवत्ता में बरेली जनपद 7वें नम्बर पर है।

कार्यक्रम में स्वच्छ वायु हेतु जनपद में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कराना, शहर को स्वच्छ बनाना, इलेक्ट्रॉनिक वाहन/यातायात, जनसामान्य को वायु गुणवत्ता के प्रति जागरूक करना, अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ वायु, स्वास्थ्य, सड़क किनारे धूल नियंत्रण आदि कार्य कराए जाएंगे। जनपद में वायु गुणवत्ता के सुधार हेतु यूएमटीसी द्वारा सर्वेक्षण और सीएमपी अनुशंसा के आधार पर चिन्हित सैटेलाइट, श्यामगंज, बीसलपुर, डेलापीर/सौ फुटा तिराहा, चौपला, चौकी चौराहा, नावेल्टी चौराहा, बरेली कॉलेज चौराहा, मिनी बाईपास तिराहा, ईट पजाया चौराहा कुल 10 चौराहों पर सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जाएगा। मिनी बाईपास तिराहा से झुमका तिराहा रामपुर रोड, झुमका तिराहा से मिनी बाईपास रोड, बदायूं ओवर ब्रिज के दोनों तरफ, डेलापीर से बैरियर पार्क रोड, इज्जतनगर रेलवे स्टेशन से मिनी बाईपास रोड सहित इज्जतनगर से जेल बाउंड्री रोड साइड प्लाण्टेशन एवं ब्यूटीफिकेशन का कार्य, सौ फुटा रोड बीयर बार से पीलीभीत बाईपास तक दोनों ओर इंटरलॉकिंग टाइल्स द्वारा साइड पटरी निर्माण कार्य, सियाराम साहू के मकान से वेदराम मौर्या के मकान होते हुए ब्रह्मदेव बाबा के स्थल तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य भी कराया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने शहर में अच्छे और साफ-सुथरे पिंक टॉयलेट बनाने के निर्देश दिए। कि समस्त संबंधित विभाग जो शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर से सम्बंधित हैं उन सबको बुलाकर शहर के सौंदर्यीकरण हेतु कार्य योजना तैयार करने के लिए एक बैठक की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क किनारे धूल नियंत्रण, कूड़ा जलाने पर रोक, पुराने वाहनों की निगरानी, निर्माण कार्यों में नियमों का पालन और हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने जैसे उपायों को सख्ती से लागू किया जाए। इसके अतिरिक्त नियमित रूप से सड़कों की साफ-सफाई और जल छिड़काव सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नागरिकों को जागरूक किया जाए कि वे पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें और प्रदूषण रोकने के लिए जागरूक और जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं। बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, प्रभागीय वनाधिकारी दीक्षा भण्डारी, क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी, पुलिस अधीक्षक यातायात मो. अकमल खान, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अपर नगर आयुक्त सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्वस्थ रहने को आयुर्वेद को अपने जीवन में अपनाए छत्रपाल सिंह



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** शरीर को स्वस्थ रखने के लिए आयुर्वेद चिकित्सा प्रणाली को अपनाना चाहिए। आयुर्वेद भी एक विज्ञान ही है। यह कहना है सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार का। वे मंगलवार को मुख्य अतिथि के तौर पर गांधी उद्यान में आयुर्वेद दिवस पर आयोजित योगाभ्यास शिविर में संबोधित कर रहे थे। दसवे आयुर्वेद दिवस पर आयुर्वेद के प्रचार और प्रसार के लिए रैली को झंडी दिखाकर सांसद ने रवाना किया।

इस अवसर पर सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार के साथ एडीएम सिटी सौरभ दुबे ने भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित किया। विभिन्न आयुर्वेद कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने चिकित्सकों के साथ योगाभ्यास किया। आयुर्वेद के प्रचार और प्रसार के लिए निकाली गई रैली गांधी उद्यान से चौकी चौराहे तक जाकर वापस आई। जनपद के 53 आयुर्वेद चिकित्सालय में भी आयुर्वेद दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ अजय पाल सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ उमेश चंद, डॉ विवेक मिश्रा, डॉ संजीव कुमार, डॉ अमरीश अवस्थी,डॉ मनोज कुमार के साथ ही बड़ी संख्या में आयुर्वेद कॉलेज के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## एक नजर

### तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में महिला की मौत

**मसौली (बाराबंकी)।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के परसा गांव के पास मंगलवार दोपहर भीषण हादसा हो गया। मायके आई राजकुमारी (30) उर्फ मोती पत्नी सुरेंद्र कुमार निवासी कोडरी, थाना जहागीराबाद सड़क पार करते समय तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गई। पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने दो दिन पहले मायके आई राजकुमारी परसा चौराहे से कुछ सामान लेकर लौट रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर मृतका के चाचा की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। परिजनों, खासकर तीन बेटियों और एक बेटे का रो-रो कर बुरा हाल है।

### छह वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार



**नीमगांव खीरी।** लखीमपुर खीरी के थाना नीमगांव पुलिस ने 6 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मुगलीपुर निवासी संजय अवैध शराब के मामले में वांछित था। करनपुर के नन्हे पर आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज था। कौरैय्या तालुकेदारी के रामप्रकाश और टीकाराम मारपीट के अलग-अलग मामलों में फरार चल रहे थे। सेहरुआ गांव के हरि पर मारपीट और धमकी देने का आरोप था। इसी गांव के शब्बू के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत मामला दर्ज था। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में और क्षेत्राधिकारी मितौली के मार्गदर्शन में की गई। थाना नीमगांव के प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में 23 सितंबर को यह अभियान चलाया गया।

### अवैध लकड़ी कटान पर वन विभाग की कार्रवाई

**फतेहपुर, बाराबंकी।** जिले के ग्राम खलीलनगर में निजी संपत्ति के दो आम के पेड़ों की अवैध कटाई और ढुलान के आरोप में वन विभाग ने कार्रवाई की। वन रेंज फतेहपुर के अधिकारियों ने विकास कुमार पुत्र शारदा बख्श (ग्राम खलीलनगर) और मोहम्मद अजीम पुत्र मोह. निसार (ग्राम भैसुरिया, मुजाहिदपुर) के खिलाफ संबंधित वन कानूनों के तहत मुकदमा दर्ज किया। विभाग ने चेतावनी दी कि बिना अनुमति किसी भी प्रकार की लकड़ी कटाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### आटो चालकों की आजीविका पर संकट



**बाराबंकी।** शहर और आसपास के मार्गों पर ऑटो संचालन पर रोक को लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में ऑटो चालकों ने गन्ना दफ्तर पहुंचकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ऑटो यूनियन अध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा कि दो माह से यातायात व पुलिस प्रशासन शहर से सफदरगंज, मसौली, हरख रूट पर ऑटो नहीं चलने दे रहा है, जबकि परमिट 16 किमी क्षेत्र का वैध है। उन्होंने बताया कि रोज़गार बंद होने से परिवार भूखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। मांग पूरी न होने पर यूनियन ने जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी। ज्ञापन देने के दौरान सैकड़ों चालक अपने-अपने ऑटो के साथ मौजूद रहे।

### टोरविक्स इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी शोरूम का उद्घाटन

**मैगलगंज खीरी।** नवीन कृषि उत्पादन मंडी समिति गेट के पास श्री बालाजी ट्रेडर्स के नए प्रतिष्ठान टोरविक्स इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी शोरूम का भव्य उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक सौरभ सिंह 'सोनू' ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक ने प्रोप्राइटर शिवकुमार तिवारी 'झुंनी' एवं अंकित तिवारी को बधाई देते हुए कहा कि आज इलेक्ट्रॉनिक वाहन समय की मांग हैं। कम कीमत में ये वाहन आमजन को गंतव्य तक पहुँचाने का किफायती और पर्यावरण हितैषी साधन साबित होंगे। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष आलोक शुक्ला 'वेदु', भाजपा नेता सुशील शुक्ला, अरविंद मिश्रा 'गुड्डन', आदित्य प्रताप सिंह, अखिलेश मिश्रा, नितिन मिश्रा, अंकित त्रिवेदी, मोहित मिश्रा, शैलेन्द्र बाजपेयी, एकांश तिवारी, नीरज गुप्ता, मुनेश्वर लाल यादव, विशाल बाजपेयी, संजीव गुप्ता, मुंदर तिवारी, दुर्गेश शुक्ला समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ददौरा गांव में रास्ते के विवाद पर बवाल अनुसूचित जाति के परिवार पर हमला

» ट्रैक्टर-ट्रॉली तोड़ी, महिलाओं से अभद्रता, जातिसूचक गालियां देने का आरोप

## जांच चल रही है और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी



विश्ववार्ता संवाददाता

**रामनगर (बाराबंकी)।** थाना क्षेत्र के ददौरा गांव में मंगलवार सुबह रास्ते के विवाद को लेकर बड़ा हंगामा हो गया। पीड़ित रामसुफल पुत्र कालीचरन ने आरोप लगाया कि गांव के ही मनोज यादव समेत 30-40 लोगों ने उनके घर पर धावा बोल दिया। हमलावरों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली, कृषि यंत्रों और घर का सामान तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। विरोध करने पर महिलाओं और बच्चों से मारपीट व अभद्रता की गई।

**न्यायालय में मामला लंबित, फिर भी दबाव** - रामसुफल के मुताबिक विवादित जमीन का मामला दीवानी न्यायालय में विचाराधीन है, बावजूद इसके विपक्षी लगातार दबाव बना रहे हैं। उन्होंने बताया जातिसूचक गालियां दी गईं और जान से मारने की धमकी भी दी गई।

पुलिस पहुंचने से पहले भागे हमलावर

घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सभी आरोपी फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। एसएसआई प्रमोद कुमार ने बताया कि यह राजस्व से जुड़ा मामला है। पहले भी इस विवाद में 151 की कार्रवाई कर सुलह कराई जा चुकी है। रास्ते के विवाद की जानकारी कानूनगो और लेखपाल को दी गई है। पुलिस से धक्का-मुक्की का आरोप गलत है। घटना के बाद पूरे गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस का कहना है कि जांच चल रही है और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# शारदा नदी में डूबे किशोर की तलाश जारी, तीन दिन से लापता

विश्ववार्ता ब्यूरो



**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के बिजुआ विकास खंड की ग्राम पंचायत मझोरा के मजरा कचनारा में एक किशोर की तलाश तीन दिनों से जारी है। किशोर शिवम रविवार को शारदा नदी में नहाते समय तेज बहाव में बह गया था।राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने सोमवार को अपना खोज क्षेत्र बढ़ाया। लेकिन शिवम का कोई सुराग नहीं मिला।

मंगलवार को एनडीआरएफ की टीम मौके पर नहीं पहुंची। अब स्थानीय गोताखोर तलाश में जुटे हैं।शिवम की मां पूनम तीन दिनों से भूखी-प्यासी अपने बेटे का इंतजार कर रही है। वह सुबह नदी किनारे आकर बैठ जाती हैं। ओर बेटे के मिलने की आस से नदी की तरफ टकटकी लगाए रहती है। लगातार रोने और भूखे-प्यासे रहने से उनकी और परिवार के अन्य सदस्यों की तबीयत बिगड़ गई है।मंगलवार को विदेश से शिवम के पिता हीरालाल भी भारत पहुंच गए। वह भी नदी किनारे अपने बेटे की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हीरालाल ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि तीन दिन में उनके बेटे को नहीं खोज पाए। मंगलवार को भीरा पुलिस के अलावा कोई अधिकारी मौके पर नहीं आया।स्थानीय लोगों में भी असंतोष है। परिजनों ने प्रशासन से खोज अभियान तेज करने की मांग की है। उन्होंने आसपास के मछुआरा समुदाय को भी तलाश में शामिल करने का आग्रह किया है।

# संचारी रोगों पर रोक को लेकर बीडीओ ने कसी कमर

» दुर्गा पूजा व विसर्जन पर्व पर विशेष सफाई अभियान का निर्देश



विश्ववार्ता संवाददाता

**सिरौलीगौसपुर (बाराबंकी)।** संचारी रोगों की रोकथाम के लिए ब्लॉक प्रशासन ने कमर कस ली है। मंगलवार को ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने सभी सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक कर साफ-सफाई को लेकर कड़े निर्देश दिए। बैठक का संचालन सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभूनाथ पाठक ने किया।

**हर गांव में होगी नियमित सफाई**

बीडीओ ने साफ कहा कि गांव के प्रत्येक पुरवे, स्कूल, पंचायत भवन और सामुदायिक शौचालयों में समयबद्ध सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**दुर्गा पूजा पर विशेष इंतजाम**

आगामी दुर्गा पूजा पर्व को देखते हुए उन्होंने पूजा स्थलों, विसर्जन मार्गों और घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही विसर्जन घाटों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। बीडीओ ने सभी सफाई कर्मियों को ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव के साथ बेहतर तालमेल बनाकर कार्य करने की हिदायत दी। बैठक में रामराज यादव, ब्रह्मानंद वर्मा, सुंदरलाल यादव, इमामुद्दीन, नवनीत, सुभाष, मनोज कुमार कनौजिया, जितेंद्र व शैलेंद्र कुमार सहित सभी सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# सोनौरा में जिंदबाबा मंदिर की हुई नींव पूजन

» वन दरोगा उमेश कुमार वर्मा एवं ब्यूरो अनूप कुमार वर्मा ने किया पूजन अर्चन



विश्ववार्ता ब्यूरो

**नीमगांव खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी क्षेत्र के सोनौरा गांव में प्राचीन स्थल पर जिंदबाबा मंदिर की नींव पूजन किया गया।वही बेहजम बन बीट दरोगा उमेश कुमार वर्मा एवं ब्यूरो अनूप कुमार वर्मा ने पूजन अर्चन करके नींव पूजन किया।

वही नींव रखकर कार्य आरम्भ किया गया। वही मंदिर स्थल पर रेंजर कृष्ण कुमार, डिप्टी रेंजर एवं वन बीट दरोगा उमेश कुमार वर्मा ने वृक्षारोपण कार्य किया। वही ब्यूरो अनूप कुमार वर्मा एवं ग्रामीणों द्वारा वृक्षारोपण किया। वही ग्रामीणों में प्रसाद वितरण किया गया। वही कमेटी अध्यक्ष तेजपाल, रामचन्द्र सहित रूपचन्द्र, हेमराज, घनश्याम, अनिल कुमार, गौरव शुक्ला, संजय कुमार वर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## जनसुनवाई में लापरवाही पर जिलाधिकारी ने दिखाई सख्ती

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में 56 विभागीय अधिकारियों के वेतन रोकने और स्पष्टीकरण तलब करने के आदेश दिए गए। इसमें कृषि, समाज कल्याण, खाद्य एवं रसद, विद्युत, सिंचाई और पंचायती राज जैसे प्रमुख विभाग शामिल हैं। अनुपस्थित अधिकारियों पर भी सख्त कार्यवाही का निर्देश हुआ।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत में आवेदक से संपर्क अनिवार्य होगा और केवल तभी प्रकरण स्पेशल क्लोज किया जाएगा जब निस्तारण संभव न हो। त्रुटिपूर्ण आख्या देने वाले अधिकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई होगी।

# बाराबंकी-बहराइच हाईवे पर अवैध बसों का कब्ज़ा

» रात होते ही बिंदास दौड़ती डग्गामार और डबलडेकर बसें




विश्ववार्ता संवाददाता

**बाराबंकी।** बाराबंकी-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर डग्गामार और डबलडेकर बसों का संचालन प्रशासन की तमाम सख्ती को ठेंगा दिखा रहा है। दिन के उजाले में कुछ कम दिखने वाली ये बसें रात ढलते ही धड़ल्ले से फर्राटा भरती हैं। छोटे कस्बों व चौराहों से बिना तय स्टॉप के यात्रियों को भरने वाली इन बसों पर पुलिस और परिवहन विभाग की चुप्पी सवालों में है। बिना परमिट और फिटनेस के चल रहीं ये बसें क्षमता से दोगुना सवारियां ढोती हैं। न तो सीटों की तय संख्या का पालन, न सुरक्षा के इंतज़ाम। तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग यात्रियों के लिए बड़ा खतरा बन चुकी है।

**ढाबों पर लगती बसों की लाइन**

रामनगर से घाघराघाट तक कई ढाबों पर देर रात ये बसें घंटों खड़ी रहती हैं। यात्रियों को असुविधा झेलनी पड़ती है और यातायात व्यवस्था बिगड़ती है।

**कार्रवाई का आश्वासन** - स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकारियों की मौन सहमति से यह धंधा फल-फूल रहा है। इस पर एएसपी उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी हैंडपंप से दूषित पानी आने की समस्या से ग्रामीण परेशान

विश्ववार्ता ब्यूरो



**नीमगांव खीरी।** बेहजम ब्लाक के ग्राम पंचायत नगर गांव का सरकारी हैंडपंप से दूषित पानी आने की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं, जिम्मेदार अधिकारी नही दे ध्यान लाखों रुपए डकारने के बाद ग्रामीणों को नहीं मिल रहा शुद्ध पीने को पानी सरकारी हैंडपम्प पर गंदगी का अंबार नल के आस-पास जल भराव होने के चलते ग्रमीण उसी गंदे पानी में खड़े होकर नल से निकले दूषित पानी पीने को मज़बूर ग्राम प्रधान व सफाई कर्मचारी की अनदेखी के चलते ग्रामीणों में बीमारी फैलने का नतीजा देखने को मिल सकता है जिम्मेदार नहीं दें रहे ध्यान, जहां एक तरफ सरकार के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन का दावा करती है।

वहीं दूसरी तरफ ब्लॉक पर बैठे अधिकारियों की कार्यशैली के चलते ना ही स्वच्छता पर ध्यान दिया जा रहा है और ना तो ग्रामीणों को स्वच्छ जल पीने के लिए मुहैया करा रहा है ग्रामीणों ने बताया इसी गंदे पानी में होकर जल निकालकर बच्चों को पिलाया जाता है। वहीं अगर देखा जाए तो हर ग्राम पंचायत में नल रिपोर्ट के लिए बिल वाउचर लगाकर फर्जी तरीके से पैसा निकाल कर सचिव और प्रधान के द्वारा डकार लिया जाता है और ग्रामीणों को ऐसे ही गंदे पानी में धकेल दिया जाता है।

# भगवान लक्ष्मी नारायण मंदिर का भव्य लोकार्पण

## मंदिर केवल पूजा का केंद्र नहीं बल्कि सांस्कृतिक चेतना और अहंकार त्याग का स्थान : होसबोले

विश्ववार्ता संवाददाता



**बाराबंकी।** बरेठी स्थित भगवान लक्ष्मी नारायण मंदिर का लोकार्पण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने वैदिक मंत्रों के शुभ उद्घाटन के साथ किया। इस अवसर पर संस्थान की स्मारिका का विमोचन और वेबसाइट का लांचिंग भी हुआ।

**मन्दिर केवल पूजा स्थल नहीं, सांस्कृतिक चेतना का स्रोत**

सर कार्यवाह होसबोले ने कहा कि मंदिर केवल पूजा का केंद्र नहीं बल्कि सांस्कृतिक चेतना और अहंकार त्याग का स्थान है। मन्दिरों के कारण शिल्पकला का विकास हुआ है और ये सद्भाव, एकाग्रता एवं एकत्रीकरण के केंद्र हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान का हवाला देते हुए कहा कि स्वदेशी उत्पाद और लघुउद्योग देश के नवनिर्माण में सहाय क हैं।

**धर्म, जीवन और धन का महत्व**

होसबोले ने जीवन और धन के संबंध को नाव और पानी के उदाहरण से समझाया और कहा कि धन पर कभी भी जीवन हावी न होने दें। संत निष्ठा साहब ने सनातन धर्म के मूल्य और सिद्धांतों पर चर्चा की। इस अवसर पर संस्थापक प्रभु नारायण और पूर्व डीजीपी महेंद्र मोदी ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन विपिन सिंह ने किया। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्य मंत्री सतीश शर्मा, विधायक साकेन्द्र वर्मा, दिनेश रावत, एमएलसी अवनीश सिंह, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## दो छात्र रहस्यमय ढंग से लापता

**बाराबंकी।** जिले में दो अलग-अलग घटनाओं में दो छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। परिजनों ने थानों में तहरीर देकर अनहोनी की आशंका जताई है। पुलिस ने दोनों की तलाश के लिए टीमें तैनात कर दी हैं। पहली घटना में जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बन्नी जुलहा निवासी विजय कुमार सिंह का 17 वर्षीय पुत्र विपिन विक्रम सिंह, प्रतिभा शिक्षा निकेतन नरैनी देवों का इंटरमीडिएट छात्र, 20 सितंबर की सुबह करीब 6.30 बजे स्कूल के लिए निकला था। लेकिन वह विद्यालय पहुंचा ही नहीं। देर शाम तक घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की।

छात्र का मोबाइल प्रारंभिक समय तक चालू था, बाद में स्विच ऑफ हो गया। 22 सितंबर को परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। दूसरी घटना में नगर कोतवाली क्षेत्र की लखपेड़ाबाग कॉलोनी निवासी नीरज सिंह का 15 वर्षीय पुत्र अखर्व प्रताप सिंह उर्फ उज्ज्वल, श्री साई इंटर कॉलेज बड़ेल का छात्र, 22 सितंबर की शाम करीब 4 बजे शिव पैलेस के पास कोचिंग के लिए घर से निकला लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई है।

# भाकियू का 14वां सामूहिक विवाह समारोह 25 को

## गोंडा, बहराइच रोड बनेगा ऐतिहासिक गवाह, 123 जोड़े करेंगे सात फेरे और निकाह



विश्ववार्ता संवाददाता

**बाराबंकी।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा आयोजित 14वें सामूहिक विवाह एवं निकाह समारोह की तैयारियां पूरी गति से चल रही हैं। आगामी 25 सितम्बर गुरुवार को गोंडा, बहराइच रोड स्थित नवीन गल्ला मंडी परिसर में यह आयोजन ऐतिहासिक बन जाएगा, जब 123 जोड़े पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार जीवनभर के बंधन में बंधेंगे। सोमवार से ही मंडप सजावट, पंडाल निर्माण और खानपान व्यवस्था में कार्यकर्ता जुट गए हैं। मंगलवार को तेल पूजन की रस्म संपन्न हुई, जिसमें महिलाओं ने सती अनुसुइया की पूजा कर मंगलगीत गाए और बालिकाओं को कन्याभोज कराया। शाम को भगवान सत्यनारायण की कथा के साथ प्रसाद वितरण किया गया।

**सुरक्षा और व्यवस्था**

भाकियू जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा के नेतृत्व में सभी व्यवस्थाओं की निगरानी की जा रही है। मीडिया प्रभारी सतीश वर्मा ने बताया कि समारोह में सुरक्षा एवं सुव्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 200 वालिंटियर्स को जिम्मेदारी दी गई है। समारोह में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदाय के जोड़े एक साथ परिणय सूत्र में बंधेंगे।

## एक नजर

### होमगार्ड जवान की बाइक दिनदहाड़े चोरी

**बाराबंकी।** असंद्रा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े होमगार्ड जवान की बाइक चोरी हो गई। मामला रसूलपुर चौराहा स्थित आशाराम की दुकान के बाहर का है, जहां बाइक खड़ी थी। पकरिहा मजरे जरगांवा गांव निवासी होमगार्ड जवान विनय कुमार तिवारी ने बताया कि 21 सितंबर की शाम करीब चार बजे वह घरेलू सामान खरीदने के लिए दुकान गए थे। सामान लेकर लौटने पर बाइक गायब मिली। उन्होंने आसपास तलाशी ली, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चला। शिकायत पर असंद्रा थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोर का पता लगाने में जुटी हुई है।

### डिवाइन धनवंतरी हॉस्पिटल में फ्री स्वास्थ्य शिविर

मसौली (बाराबंकी)। अयोध्या-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित डिवाइन धनवंतरी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, प्यारेपुर सरैया में मंगलवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर और पूजन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन अस्पताल के चेयरमैन डॉ. ए.के. श्रीवास्तव और डॉ. आभा श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान 117 मरीजों का रक्तचाप, शुगर जांच की गई और विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मुफ्त परामर्श दिया। मरीजों को नि:शुल्क दवाएं वितरित की गईं, वहीं अन्य सभी जांचों पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी गई। कार्यक्रम में डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. सरोज कुशवाहा, डॉ. मोनू सिंह, डॉ. बृजेंद्र तिवारी, डॉ. शालिनी शुक्ला सहित अस्पताल स्टाफ ने सहयोग किया।

**आयुर्वेद दिवस** वृहद आयुष चिकित्सा शिविर का कलेक्ट्रेट परिसर में भव्य आयोजन, डीएम ने किया शुभारंभ

# आयुर्वेद, योग, यूनानी, होम्योपैथी चिकित्सा शिविर के लगे स्टॉल

विश्ववार्ता ब्यूरो अनूप कुमार वर्मा



**लखीमपुर खीरी।** दशम आयुर्वेद दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान धन्वंतरि जी को पुष्प अर्पित करते हुए बृहद आयुष चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने आयुर्वेद के महत्व को समझाते हुए कहा कि आज आयुर्वेद वैश्विक स्वास्थ्य के लिए नवाचार बन चुका है, आयुष औषधियों के प्रयोग से कोई दुष्प्रभाव नहीं है इसलिए हम सभी को ज्यादा से ज्यादा आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को अपनाना चाहिए। इस आयुष पद्धति को पहुंचाने की जिम्मेदारी आयुष विभाग के माध्यम से निभाई जा रही है यह अत्यंत सराहनीय है।

**चिकित्सा शिविर में देखे गए 632 मरीज**

इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सुमन्त कुमार और नोडल अधिकारी डॉ. विनय कुमार भारती ने डीएम का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और कार्यक्रम की आवश्यकता व प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। शिविर में आयुर्वेद, योग, यूनानी और होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के स्टॉल आकर्षण का केंद्र बने। 632 मरीजों (573 पुरुष एवं 59 महिला) ने पंजीकरण कर निःशुल्क औषधियां एवं परामर्श का लाभ उठाया।

इन्होंने आयुष चिकित्सा शिविर जनमानस को प्रदान की निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं आयुर्वेद चिकित्सा सेवा में डॉ. हरवीर गंगवार, डॉ. योगेन्द्र कुमार, डॉ. रिशू सिंह, डॉ. प्रियंका वर्मा के साथ फार्मासिस्ट रमाशंकर श्रीवास्तव, अजीत कुमार सिंह, देवेंद्र कुमार चौबे और राकेश कुमार शामिल रहे। यूनानी चिकित्सा से डॉ. नेहा भारती, होम्योपैथी से डॉ. अजय वैश्य, डॉ. विनीता सिंह तथा योग चिकित्सा से योग प्रशिक्षक प्रिंस रंजन, कुलदीप वर्मा, अमित कुमार, योगेश शर्मा और राजदीपिका तिवारी ने योगाभ्यास व परामर्श से लोगों को लाभान्वित किया।

शिविर को सफल बनाने में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुरेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ सहायक आलोक अवस्थी, कनिष्ठ सहायक रविंद्र कुमार (प्रथम व द्वितीय), मनोज कुमार मिश्रा, मो. शादाब, स्वच्छक विकास कुमार, प्रमोद कुमार और लतीफ अहमद ने सराहनीय योगदान दिया।

# हैदरगढ़ बाल विकास परियोजना कार्यालय में आधार सेवा ठप, लोगों में आक्रोश

विश्ववार्ता संवाददाता

**हैदरगढ़ (बाराबंकी)।** बाल विकास परियोजना कार्यालय हैदरगढ़ में पिछले काफी दिनों से बच्चों के आधार कार्ड बनाने और अपडेट करने की सेवा ठप है। विभागीय लापरवाही और उदासीनता के चलते लाखों रुपए की मशीनें बेकार पड़ी हैं।

**सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा**

विभाग की इस अनदेखी से छोटे बच्चों के आधार कार्ड नहीं बन पा रहे हैं, जिससे उन्हें पौष्टिक आहार योजना और अन्य सरकारी लाभों से वंचित होना पड़ रहा है। स्थानीय लोग शिकायत कर रहे हैं कि बच्चों के आधार कार्ड बनवाने के लिए उन्हें बार-बार केंद्रों और डाकघरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

**अधिकारियों का मौन और विभागीय जटिलताएं**

सूत्रों की माने तो बाल विकास परियोजना में कार्यरत बाबू की आईडी बंद हो जाने के कारण मशीन का संचालन नहीं हो रहा, लेकिन इसके बावजूद अन्य ऑपरेटर की व्यवस्था नहीं की गई। डीपीओ राकेश मिश्रा ने मामले पर चर्चा टालते हुए कहा कि सीडीपीओ से संपर्क करें। वहीं, सीडीपीओ भी जानकारी देने में असमर्थ रहे। स्थानीय नागरिक मो नफीस और माशूक ने बताया कि उनके बच्चों के आधार कार्ड बनवाने में भारी कठिनाई हो रही है। अधिकारियों की उदासीनता के कारण आम जनता सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रही है।

## संपादकीय

# आजम चुप्पी-सियासी बयान

कद्दावर नेता आजम खान 23 माह के बाद जेल से बाहर आ गये। रिहाई के बाद उन्होंने अभी तक मुंह नहीं खोला है, लेकिन आजम को लेकर राजनीति के गलियारों में कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कोई उनके बहुजन समाज पार्टी के साथ तो कोई ओवैसी के साथ जाने की बात कह रहा है। उधर, समाजवादी पार्टी आजम की रिहाई पर मुखर होकर खुशियां नहीं मना रही है, इससे लगता है कि अब आजम खान समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के लिए प्रासंगिक नहीं रह गये हैं। इसकी वजह भी है आजम एक कट्टर मुस्लिम नेता के रूप में अपनी पहचान रखते हैं। उधर, बीजेपी हिन्दू वोटरों को एकजुट करने में लगी है, ऐसे में आजम की कट्टर छवि के चलते उनको साथ लेने पर समाजवादी पार्टी को गैर मुस्लिम वोट बैंक छिड़कने की संभावना रहती है। इसी से बचने के लिये आजम खान से समाजवादी पार्टी थोड़ी दूरा बनाकर चल रही है।आजम खान के पास रिहाई के बाद सपा से दूरी बनाकर अपनी राजनीति चमकाने के और कौन कौन से विकल्प बचे है, इस पर बारीकी से नजर दौड़ाने पर जो तस्वीर उभर कर सामने आती है। वह कुछ इस प्रकार की हो सकती है। करीब दो साल बाद आजम खान की रिहाई के बाद उत्तर प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गयी है। तेईस महीनों तक जेल की सलाखों के पीछे रहकर बाहर आये आजम खान ने बाहर आते ही खामोशी अख्तियार कर रखी है। यह खामोशी अपने आप में बहुत गहरी है, क्योंकि एक ओर जहां उनके समर्थक यह इंतजार कर रहे हैं कि वह कोई राजनीतिक संकेत देंगे, वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी में उनके लिये ठंडी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने भी आजम की रिहाई पर कोई बड़ा बयान नहीं दिया, न ही पार्टी ने ढोल नगाड़ों के साथ इस अवसर को राजनीतिक उत्सव बनाया। इस स्थिति को देखकर यह सहज अंदाज लगाया जा सकता है कि आजम खान अब समाजवादी पार्टी की राजनीति में पहला विकल्प नहीं रह गये हैं। गौरतलब हो, आजम खान ने अपनी लंबी राजनीतिक यात्रा के दौरान यह छाप बनाई है कि वह एक बेहद मजबूत, कट्टर और मुखर मुस्लिम नेता हैं। रामपुर से लेकर लखनऊ तक उनके भाषणों और उनकी पहचान हमेशा अल्पसंख्यक राजनीति से मजबूती से जुड़ती रही है। इसी वजह से जब भी मुस्लिम वोट बैंक को लामबंद करने की चर्चा होती है, तो आजम खान का नाम सबसे ऊपर आता है। मगर उत्तर प्रदेश की मौजूदा राजनीति में सपा की रणनीति मुस्लिम समेत अन्य जातियों को साथ लाकर सत्ता पर वापसी की है। भाजपा लगातार हिंदू वोटों का धु्रवीकरण कर रही है। ऐसे समीकरण में पार्टी के लिये आजम खान की कट्टर मुस्लिम नेता वाली छवि कहीं न कहीं चुनौती बन सकती है, क्योंकि भाजपा इस छवि को कठघरे में खड़ा कर गैर मुस्लिम वोटरों को अपने पास पूरी तरह खींचने की कोशिश करेगी। ऐसे में यह सवाल उठता है कि अब जेल से बाहर आये आजम खान अपनी राजनीति किस दिशा में ले जाते हैं। अगर समाजवादी पार्टी ने उनसे दूरी बना ली, तो उनके पास रणनीतिक तौर पर कौन कौन से नए रास्ते बचते हैं। सबसे पहला रास्ता बहुजन समाज पार्टी की ओर जाता दिखता है। बसपा की मौजूदा राजनीति मुस्लिम और दलित के गठजोड़ पर टिकी हुई है। मायावती लगातार इस फार्मूले को आगे रखने की कोशिश कर रही हैं। मगर बसपा के पास वह तेजतर्रार मुस्लिम चेहरा नहीं है जो आजम खान जैसे कद्दावर नेता की सियासी ताकत को दर्शा सके। ऐसे में यदि आजम मायावती के साथ कदम मिलाते हैं, तो बसपा को लाभ मिल सकता है और आजम को भी अल्पसंख्यकों के बीच अपनी जमीन मजबूत करने का प्लेटफार्म मिल जायेगा। दूसरा रास्ता असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन का है। ओवैसी ने उत्तर प्रदेश समेत उत्तर भारत की राजनीति में मुसलमानों को अपने पक्ष में करने की लगातार कोशिश की है। मगर उनकी पार्टी अभी तक यहां बहुत बड़ी सफलता हासिल नहीं कर पाई है। अगर आजम खान जैसे नेता ओवैसी के साथ आते हैं, तो मुस्लिम राजनीति को एक नया स्वरूप मिल सकता है। रामपुर, मुरादाबाद, बरेली, सहारनपुर जैसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में यह गठजोड़ असर दिखा सकता है।

## कटाक्ष ▶ हसन जैदी




# वोट की चोरी नहीं दिलों की चोरी करते हैं मोदी


डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

सोशल मीडिया पर जितनी आलोचना देश के विपक्ष के नेता राहुल गांधी की हो रही है भारत के राजनीतिक इतिहास में किसी नेता की कभी भी इतनी आलोचना नहीं हुई। आश्चर्य तो इस बात का है कि राहुल गांधी पर इन सबका कोई असर नहीं हो रहा। 2004 से राजनीति में कदम रखने वाले राहुल या तो जानबूझकर अपनी आलोचना को इग्नोर करते हैं या उन्हें उनके आसपास रहने वाले मक्खन लगाउ लोग यह कहकर बहलाते हैं कि आपकी आलोचना का मतलब लोगों में आपकी लोकप्रियता बढ़ रही है। लेकिन सच्चाई इसके बिलकुल विपरीत है। लोगों में नरेंद्र मोदी के प्रति जो विश्वास, जो श्रद्धा और जो राष्ट्र के प्रति समर्पित नेता की छवि है उससे लोग उन पर वोट चोरी के आरोप को पसंद नहीं कर रहे। जब तक राहुल गांधी मोदी की बे सिरपैर की आलोचना करना नहीं छोड़ेंगे तब तक उनको एक गैर जिम्मेदार ऐसे नेता के रूप में ही जाना जाएगा जिसका उद्देश्य केवल और केवल सत्ता पाना है। पिछले एक डेढ़ महीने से राहुल गांधी भारत के निर्वाचन आयोग को निशाने पर लेकर वोट चोरी का जो आरोप लगा रहे हैं उसका असर कपूर की तरह है जो समय रहते काफूर होता चला जाएगा। स्पष्ट है जिन मोदी को न केवल भारत बल्कि दुनिया भर में पसंद किया जा रहा हो, जिनके वक्तव्य जिओ पॉलिटिक्स को प्रभावित कर रहे हों, जिन्होंने देश को 2014 के बाद विश्व के बड़े देशों की पंक्ति में लाकर खड़ा कर दिया हो, जिन्हें दुनिया भर के देशों ने 27 सर्वोच्च नागरिक सम्मानों से सम्मानित किया हो जिसमें भी 9 देश इस्लामिक हों ऐसे मोदी को जो भी नेता वोट चोर कहे उसे जनता कैसे पसंद कर सकती है। विपक्ष के नेता को यह बात क्यों समझ नहीं आती कि मोदी ने देश के गरीब तबके को रोटी और मकान की चिताओं से मुक्त किया है, गरीब तबके को ईंधन की चिंता से मुक्त किया है। मोदी ने स्वच्छता अभियान के माध्यम से देश को बीमारियों की आशंका से आंशिक मुक्त कराया है। मोदी ने देश की जनता को आयुष्मान भारत की योजना से परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने का काम किया है। मोदी ने जगह-जगह एम्स खोलने का काम किया है। देश में हवाई अड्डों की संख्या बढ़ाई है। स्टार्टअप योजना से अर्हता प्राप्त व्यक्तियों को स्वरोजगार के लिए करोड़ों रुपए मुहैया कराए हैं। ये मोदी वे हैं जिन्होंने आज तक देश का हिंदू मुसलमान में विभाजन नहीं किया। जब भी वक्तव्य दिया 140 करोड़ जनता का जिक्र किया। जिन्होंने मुफ्त राशन हो या गरीबों को आवास या ढेर सारी योजनाओं का लाभ देने में हिंदू मुसलमान में भेद नहीं किया। ये मोदी वे हैं जिन्होंने विश्व के नेताओं को हमेशा शांति का संदेश दिया। जिन्होंने जम्मू कश्मीर में व्याप्त राजनीतिक और सामाजिक विसंगतियों को धारा 370 हटाकर समाप्त किया। जिन्होंने आतंकवाद को जीरो टॉलरेंस के आधार पर खत्म करने में आतंकियों को छठी का दूध याद कराया। जिन्होंने कश्मीर में निम्न जाति के लोगों को न केवल आरक्षण दिया बल्कि बेगारी प्रथा से निजात दिलाई। यह मोदी वह हैं जिन्हें दुनिया भर के नेता पसंद करते हैं। यह भारत की बहुत बड़ी उपलब्धि है कि



देश में मोदी ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्हें युद्ध लड़ रहे देशों के दोनों पक्षों के नेता पसंद करते हैं। मोदी रूस के राष्ट्रपति पुतिन से भी बात करते हैं तो यूक्रेन के जेलेंस्की से भी बात करते हैं। जो फिलिस्तीन से भी बात करते हैं और इजराइल से भी दोस्ती रखते हैं। मोदी वह हैं जिन्हें ट्रंप की लाख कोशिशें झुका नहीं पाईं। देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की चौथी पायदान पर खड़ा करने वाले मोदी ही हैं। यह मोदी वह हैं जिन्होंने पहलगाम हमले में मारे गए 26 हिंदुओं की मौत का बदला पाकिस्तान के विरूद्ध आपरेशन सिंदूर से लेकर दुनिया को संदेश दिया कि दुश्मन देश के आतंक का जवाब भारत देना जानता है। जिन्होंने देश की सेना को आज 70 साल के इतिहास में अपने कार्यकाल में आयुध सामग्री से समृद्ध बनाया, जिन्होंने वन रैंक वन पेंशन लागू कर देश की सेना को वाजिब सम्मान दिया। यह मोदी वह हैं जिन्होंने मेक इन इंडिया के माध्यम से देश में बने ड्रोन और मिसाइलों से पाकिस्तान के एयरबेसों और आतंकी अड्डों को ध्वस्त किया। जिन्होंने दुनिया भर में समय-समय पर फंसे अपने नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने में शत प्रतिशत सफलता अर्जित की। जिन्होंने देश के गरीबों को जनधन योजना से जोड़ा। देश में ऐसे 56 करोड़ अकाउंट खोले गए जिनमें गरीब लोगों के ढाई लाख करोड रुपए जमा हैं। मोदी ने देश में व्याप्त भ्रष्टाचार को नष्ट करने में सफलता अर्जित की। जिन्होंने महिलाओं को सम्मानजनक जीवन जीने की परिस्थितियों का निर्माण किया। जिन्होंने महिलाओं को लखपति दीदी बनाया। जिन्होंने स्टैंड अप इंडिया जैसी योजनाएं प्रारंभ की। महिलाओं की सुरक्षा को पर्याप्त महत्व दिया। मोदी कहते हैं विकसित भारत का बहुत बड़ा आधार भारत की सशक्त महिलाएं हैं। अगस्त 2025 में हुए इंडिया टुडे के एक सर्वेक्षण के अनुसार नरेंद्र मोदी देश के अब तक के सभी प्रधानमंत्रियों में 44 अंकों के साथ सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री हैं। ऐसे कर्मयोगी प्रधानमंत्री के विरुद्ध जिस भाषा का इस्तेमाल कर मिथ्या आरोप लगाए जा रहे हैं वह मोदी के राजनीतिक जीवन को प्रभावित नहीं कर सकेंगे। ये अनाप शनाप आरोप विपक्ष को ही प्रभावित करेंगे। लगातार वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा प्रचारित कर विपक्ष खास तौर से कांग्रेस के राहुल गांधी यदि यह सोच रहे हैं कि जनता उनके पक्ष में खड़ी हो जाएगी तो यह उनकी गलतफहमी की पराकाष्ठा ही है। राहुल गांधी जिस तरीके से अपनी बात कह रहे हैं उसे गैर कांग्रेसी तो क्या खुद कांग्रेस के लोग पसंद नहीं कर रहे हैं। यह बात अब पूरी तरह से स्पष्ट हो गई है कि राहुल गांधी सत्ता के लिए इतने बेचैन हैं कि अपनी भाषा पर नियंत्रण भी नहीं कर पा रहे हैं। जब वे कहते हैं नरेंद्र मोदी वोट चोरी करता है तो उन पर तरस आता है। देश के विपक्ष का नेता देश के चुने हुए प्रधानमंत्री का इस तरह अशोभनीय भाषा प्रयोग कर अपमानित करे तो लगता है कि वह विपक्ष के नेता जैसे गंभीर पद के योग्य कतई नहीं हैं। राहुल गांधी आजकल इतनी हताशा में हैं कि देश में नेपाल जैसी स्थितियां पैदा करने के लिए युवा शक्ति को भड़काने से भी नहीं चूक रहे। लेकिन विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनावों ने बता दिया कि युवा शक्ति किसके साथ है। राहुल ने अभी-अभी एक्स पर एक ट्वीट कर लिखा देश के युवा, देश के स्टूडेंट, देश की जेन- जी संविधान को बचाएंगे। लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी को रोकेंगे। मैं उनके साथ हमेशा खड़ा हूं। ऐसे वक्त में जब देश में युवा खुले रूप में मोदी के साथ खड़ा दिख रहा है जो राहुल गांधी की तुलना में मोदी को अधिक योग्य और सक्षम मानता हो ऐसे ट्वीट से कांग्रेस को कोई फायदा होगा संभव नहीं। वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा भले ही गला फाड़ कर चिल्लाया जा रहा है लेकिन उससे कांग्रेस को नहीं बल्कि भाजपा को ही फायदा होता दिखाई दे रहा है। इस नारे से कांग्रेस जो भ्रम फैलाना चाहती थी उसकी पोल तो खुद कांग्रेस के समर्थक योगेंद्र यादव ने खोल दी। उन्होंने लिखा वोट चोरी कैंपेन चलाने का मतलब अदालत जाकर सच साबित करना नहीं है। यह एकदम भ्रम जाल है जो मतदाताओं के मन में मोदी के खिलाफ संदेह के बीज बोने के लिए है और राहुल इस बार अपनी योजना में कामयाब हो रहे हैं। सच्चाई तो यह है कि कांग्रेस जिस नारे को मोदी पर चिपकाना चाहती है उसे कांग्रेसी विचार धारा के लोगों को छोड़कर कोई शायद ही पसंद कर रहा है क्योंकि मोदी वोट चोरी नहीं बल्कि लोगों के दिलों की चोरी करते हैं।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# ट्रंप का नया एच-1 बी वीजा वार


किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर अंतरराष्ट्रीय राजनीति और आर्थिक नीतियों की दुनियाँ में अमेरिका हमेशा से अपनी इमिग्रेशन पॉलिसीज़ के ज़रिए विश्वभर के टैलेंट को आकर्षित करता रहा है। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से अमेरिकी वीज़ा और माइग्रेशन नीतियों में एक के बाद एक सख्ती देखने को मिली है। कभी टैरिफ के नाम पर व्यापारिक प्रतिबंध, तो कभी टेक सेक्टर के लिए वीज़ा नियमों में कट्टर बदलाव,ये सब कदम स्पष्ट करते हैं कि ₹अमेरिकी फर्स्ट₹ पॉलिसी सिर्फ नारा नहीं, बल्कि ट्रंप प्रशासन का आधारभूत एजेंडा है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र ऐसा मानता हूं कि इसी कड़ी में ट्रंप सरकार ने टैरिफ के बाद, भारतीयों पर एक और स्ट्राइक की है,उन्होंने एच-1बी वीजा पर एक लाख डॉलर (करीब 88 लाख रुपये) की फीस थोप दी है,ये चोट कितनी बड़ी है, इसका अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि 70 फीसदी एच-1बी वीजा भारतीयों को मिलते हैं,अब सवाल ये है कि क्या इतनी मोटी रकम खर्च करके कंपनियां भारतीयों को अमेरिका में नौकरी पर रखेंगी?इसकी तगड़ी मार भारतीयों के अलावा अमेरिकी टेक सेक्टर पर भी पड़ने की आशंका जताई जा रही है खासकर भारतीय प्रोफेशनल्स और टेक कंपनियों की नींद उड़ा दी है।इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,ट्रंप का नया एच-1बी वीजा वार-भारतीय प्रोफेशनल्स पर गहरी चोट या भारत के लिए ब्रेन गेन का अवसर? साथियों बात अगर हम एच-1बी वीजा पर ट्रंप की नई स्ट्राइक और उसका नोटिफिकेशन को समझने की करें तो एच-1बी वीज़ा वह रास्ता है जिसके माध्यम से भारतीय और अन्य देशों के उच्च कौशल वाले प्रोफेशनल्स अमेरिका की कंपनियों में काम कर सकते हैं। सिलिकॉन वैली से लेकर न्यूयॉर्क के फाइनेंशियल सेक्टर तक, भारतीय इंजीनियर,आईटी प्रोफेशनल्स और मैनेजमेंट एक्सपर्ट्स की बड़ी मौजूदगी इन्हीं वीज़ा के जरिए संभव हुई है।ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में एक नोटिफिकेशन जारी किया है जिसके अनुसार एच-1बी वीज़ा पर हर साल $100,000 की फीस देनी होगी। यह फीस केवल पहली बार वीज़ा आवेदन करने वालों पर ही नहीं, बल्कि उन लोगों पर भी लागू होगी जो पहले से अमेरिका में हैं और वीज़ा रिन्यू करना चाहते हैं। इस निर्णय को न केवल अप्रवासी समुदाय बल्कि अमेरिकी कॉर्पोरेट जगत भी ₹अत्यधिक बोझ₹ मान रहा है।हर साल की फीसः पुराने और नए आवेदकों पर समान बोझ- अब तक वीज़ा शुल्क केवल आवेदन और प्रोसेसिंग के समय एकमुश्त लिया जाता था। लेकिन अब इस नए नियम के तहत फीस हर साल देनी होगी।जो भारतीय प्रोफेशनल्स पहले से अमेरिका में काम कर रहे हैं, उन्हें भी वीज़ा रिन्यूअल के दौरान यह राशि चुकानी होगी।इसका मतलब यह है कि यदि किसी का वीज़ा 3 साल का है और वह दो बार रिन्यू करवाता है, तो कुल मिलाकर करीब $300,000 (2.64 करोड़ रुपये से अधिक) का बोझ कंपनियों या कर्मचारियों पर पड़ेगा।इससे कंपनियों पर वित्तीय दबाव और बढ़ेगा और वे सोच-समझकर ही भारतीय या अन्य विदेशी कर्मचारियों को नौकरी पर रखने का निर्णय लेंगी।ग्रीन कार्ड का सपना और दूर होता भविष्य- भारतीय प्रोफेशनल्स के लिए अमेरिका का सपना केवल एच-1बी वीज़ा तक सीमित नहीं है। इसका अंतिम लक्ष्य है- ग्रीन कार्ड और नागरिकता।लेकिन इस भारी- भरकम फीस ने उस सपने को और कठिन बना दिया है।कंपनियां अब इतनी बड़ी राशि खर्च करने से पहले कई बार सोचेंगी कि क्या किसी कर्मचारी के लिए ग्रीन कार्ड स्पॉन्सर करना उनके लिए लाभकारी है।पहले ही ग्रीन कार्ड की प्रतीक्षा सूची भारतीयों के लिए दशकों लंबी हो चुकी है, ऐसे में अतिरिक्त वित्तीय बोझ कंपनियों को पीछे हटने पर मजबूर कर सकता है।भारतीयों का अमेरिका में स्थायी बसने का सपना अब पहले से भी ज्यादाकठोर कठिन और अनिश्चित हो गया है। साथियों बात अगर हम 70 पेर्सेंट भारतीयों पर सीधा असर व पूरी तरह कर्मचारी की ब्रेन ₹वैल्यू₹ पर निर्भर होने को समझने की करें तो, एच-1बी वीज़ा की हकीकत यह है कि इसमें सबसे बड़ाहिस्सा भारतीयों का है।हर साल जारी होने वाले एच-1बी वीज़ा में लगभग 70 पेर्सेंट भारतीयों को ही मिलता है।इसका मतलब है कि इस नीति का सीधा और सबसे ज्यादा असर भारतीयों पर पड़ेगा।लाखों भारतीय युवा जो अमेरिका जाकर करियर बनाने का सपना देखते हैं, उनकी राह में अब बड़ी बाधा आ खड़ी हुई है।साथ ही, भारतीय आईटी कंपनियां जैसे इंफोसिस, टीसीएस,विप्रो आदि भी इससे प्रभावित होंगी, क्योंकि उनके हजारों कर्मचारी हर साल अमेरिका में सेवाएं देते हैं।यह बदलाव भारत-अमेरिका संबंधों में भी तनाव पैदा कर सकता है, क्योंकि यह स्पष्ट रूप से भारतीय प्रोफेशनल्स को निशाना बनाता दिख रहा है।कर्मचारी की ब्रेन ₹वैल्यू₹ और कंपनी की गणना- ट्रंप की नई नीति का एक और पहलू यह है कि यह अब पूरी तरह कर्मचारी की ब्रेन₹वैल्यू₹पर निर्भर करेगा।यदि किसी कंपनी को लगता है कि कोई भारतीय प्रोफेशनल इतना कुशल है कि उसका काम कोई अमेरिकी कर्मचारी नहीं कर सकता, तभी कंपनी यह भारी-भरकम फीस देने को तैयार होगी।इसका नतीजा यह होगा कि केवल टॉप टैलेंट को ही अब अमेरिका में अवसर मिलेगा।मिड-लेवल या सामान्य कौशल वाले भारतीय प्रोफेशनल्स के लिए अमेरिका का दरवाजा लगभग बंद हो जाएगा।इससे अमेरिका में कार्य संस्कृति और भर्ती प्रक्रिया में गहरा बदलाव आएगा। साथियों बात अगर हम भारत के लिए ब्रेन गेन का सुनहरा अवसर होनें की करें तो,अब तक भारत से ब्रेन ड्रेन होता रहा है,टैलेंटेड युवा विदेश जाकर अपनी क्षमताएं वहीं इस्तेमाल करते थे।अब नया परिदृश्य ब्रेन गेन बन सकता है,आईआईटीप्रोफेशनल्स और भारत की टेक्नोलॉजी हब बनने की राह मिल सकती है,इस फैसले का सबसे ज्यादा असर आईआईटी, आईआईएम और अन्य शीर्ष संस्थानों से निकलने वाले भारतीय प्रोफेशनल्स पर होगा।अब तक इन संस्थानों के कई टॉप टैलेंट अमेरिका में काम करने चले जाते थे।लेकिन जब फीस इतनी भारी होगी, तो कंपनियां ऐसे टैलेंट को रखने से पहले कई बार सोचेंगी।इसका नतीजा यह होगा कि धीरे-धीरे भारतीय टैलेंट की ₹वापसी₹ तेज होगी और भारत में ही हाई-टेक रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन को बल मिलेगा। भारत पहले से ही बैंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और गुरुग्राम जैसे शहरों में आईटी और स्टार्टअप हब के रूप में उभर चुका है। ट्रंप का यह कदम इस प्रक्रिया को और तेज कर सकता है।अमेरिका से लौटने वाले उच्च कुशल भारतीय अब भारत की कंपनियों, विश्वविद्यालयों और स्टार्टअप्स में नई ऊर्जा और विशेषज्ञता लेकर आएंगे।


## कविता


मोनिका डागा

### श्रद्धांजलि जुबिन दा

छोड़ चला दुनिया को एक नायाब सितारा,
था जो सबका ही बहुत बहुत बहुत प्यारा,
संगीत की करता था वो नित भावपूर्ण साधना,
बसी थी जिसके मन में प्रेम करूणा की भावना ।
एक महान युगपुरुष कलाकार और विचारक,
अनेक प्रतिभाओं का वो प्रतिभाशाली धारक,
माँ शारदे का था वो एक सच्चा सेवक उपासक,
रो पड़ी धरा थमीं उसकी सांसें यूँ जब अचानक ।
जुबिन दा की कठिन मेहनत का ही था प्रताप,
अंतिम विदाई में गमगीन हो यह रूह गई काँप,
छोड़ चला अरबों दिलों में वो अपनी गहरी छाप,
अमर रहेगा युगों युगों तक उसका संगीत जाप ।
अपनी जमीन मिट्टी से था गहरा जुड़ा वो बंदा,
उनके जैसे ₹आनंद₹ सितारे होते हैं बस चुनिंदा,
जीवन कर सार्थक अपना उड़ चला वो परिंदा,
सभी के दिलों में रहेगें हमेशा जुबिन दा जिंदा ।

# वनतारा देश की शान और शीर्ष अदालत की आंख का तारा बना


मनोज कुमार अग्रवाल

अनन्त अंबानी के ड्रीम प्रोजेक्ट वनतारा पर लगाए गए तमाम आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने रिलायंस फाउंडेशन के जामनगर स्थित वनतारा प्रोजेक्ट को क्लीन चिट देते हुए सभी याचिकाएं खारिज कर दिया. एसआईटी जांच में पशु तस्करी, दुर्व्यवहार और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप निराधार पाए गए. कोर्ट ने वनतारा को राष्ट्रीय गौरव बताया और कहा कि बार-बार ऐसे मुकदमे न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग हैं। गुजरात के जामनगर में स्थित यह एनिमल रेस्क्यू और रिहैबिलिटेशन इनिशिएटिव अब क़ानूनी तौर पर पूरी तरह वैध और सही साबित हुआ है. यह फ़ैसला एसआईटी की रिपोर्ट पर आया है, जिसमें महीनों से चल रही बहस और अटकलों का अंत हो गया. वनतारा के ख़िलाफ़ दो रिट पिटीशन दाख़िल हुई थीं. इनमें आरोप लगाया गया था कि जानवरों को अवैध तरीक़े से लाया गया है, कैप्टिविटी में उनके साथ दुर्व्यवहार हो रहा है और वित्तीय अनियमितताएं भी हैं. कोर्ट ने पहले कहा था कि इन आरोपों को समर्थन देने के लिए कोई ठोस सबूत सामने नहीं आया. लेकिन आरोप गंभीर थे, इसलिए एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम यानी एसआईटी बनाई गई, जिसका नेतृत्व रिटायर्ड जजों और वरिष्ठ अधिकारियों ने किया. सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस जे चेलमेश्वर की अध्यक्षता वाली एसआईटी ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश की जिसके आधार पर सर्वोच्च न्यायालय ने गुजरात के प्राणी बचाव और पुनर्वास केंद्र वनतारा को क्लीन चिट दे दी है। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया और कहा कि प्राधिकारियों ने वनतारा में अनुपालन और नियामक उपायों के मुद्दे पर संतुष्टि व्यक्त की है। विशेष जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट कोर्ट में जमा कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस रिपोर्ट का अवलोकन किया। दरअसल, वनतारा के मामलों की जांच कर रही एसआईटी ने शुक्रवार को एक सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट सौंपी। वहीं एसआईटी के वकील द्वारा रिपोर्ट पेश किए जाने के बाद इसे रिकॉर्ड में ले लिया। पीठ ने कहा, ''इस अदालत द्वारा गठित एसआईटी ने एक सीलबंद लिफाफे में एक रिपोर्ट और एक पेन ड्राइव जमा कर दी है, जिसमें रिपोर्ट और उसके अनुलग्नक भी शामिल हैं। इसे स्वीकार किया जाता है और इसे रिकॉर्ड में शामिल करने का निर्देश दिया जाता है।'' सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया और सोशल मीडिया में आई खबरों तथा गैर सरकारी संगठनों और वन्यजीव संगठनों की विभिन्न शिकायतों के आधार पर वनतारा के खिलाफ अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। व्यापक आरोपों को देखते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निजी प्रतिवादी या किसी अन्य पक्ष से जवाब आमंत्रित करने से कोई खास लाभ नहीं होगा। कोर्ट ने कहा था कि सामान्यतः ऐसे निराधार आरोपों पर आधारित याचिका कानूनी तौर पर विचार के योग्य नहीं होती, बल्कि उसे समय रहते खारिज कर दिया जाना चाहिए।




आदेश में कहा गया है कि यह न तो याचिकाओं में लगाए गए आरोपों पर कोई राय व्यक्त करता है और न ही इसे किसी भी वैधानिक प्राधिकरण या वनतारा की कार्यप्रणाली पर कोई संदेह पैदा करने वाला माना जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी को भारत और विदेश से पशुओं, विशेष रूप से हाथियों को लाने, वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम और उसके तहत चिड़ियाघरों के लिए बनाए गए नियमों के अनुपालन, वनस्पतियों और जीवों की लुप्तप्राय प्रजातियों के व्यापार पर अंतरराष्ट्रीय समझौता, आयात-निर्यात कानूनों और जीवित पशुओं के आयात और निर्यात से संबंधित अन्य वैधानिक आवश्यकताओं की जांच करने और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। एसआईटी को पशुपालन, पशु चिकित्सा देखभाल, पशु कल्याण के मानकों, मृत्यु दर और उसके कारणों, जलवायु परिस्थितियों के संबंध में शिकायतों और औद्योगिक क्षेत्र के निकट स्थान से संबंधित आरोपों, वैनिटी या निजी संग्रह के निर्माण, प्रजनन, संरक्षण कार्यक्रमों और जैव विविधता संसाधनों के उपयोग के संबंध में शिकायतों के अनुपालन की जांच करने का आदेश दिया गया था। कोर्ट ने अहम टिप्पणियां करते हुए कहा- "कुछ चीज़ें देश की शान होती हैं. हर समय उन पर शोर मचाना सही नहीं. देश में अच्छी चीज़ें हो रही हैं, हमें उनसे ख़ुश होना चाहिए." हाथियों के अधिग्रहण पर कोर्ट ने स्पष्ट कहा, "अगर अधिग्रहण क़ानून के मुताबिक हुआ है, तो समस्या क्या है? अगर सारे नियम फ़ॉलो हुए हैं, तो आम बयान देने का कोई मतलब नहीं है." कोर्ट ने आदेश दिया कि एसआईटी की पूरी रिपोर्ट सील की जाए, एक कॉपी वनतारा को दी जाए और एक सारांश सार्वजनिक किया जाए. सभी पिटीशन ख़ारिज कर दी गईं और इन्हीं आरोपों पर नई शिकायत अब दर्ज नहीं होगी. एसआईटी के सदस्यों को मानदेय दिया गया, एक सर्विंग IRS अधिकारी को छोड़कर. साथ ही, वनतारा को यह स्वतंत्रता भी दी गई कि अगर कोई मानहानि संबंधी प्रकाशन होता है तो वह क़ानूनी कार्रवाई कर सकता है. गौरतलब है कि वनतारा प्रोजेक्ट रिलायंस के अनंत अंबानी की सोच है. वनतारा का मतलब होता है स्टार ऑफ़ द फ़ॉरेस्ट. रिलायंस के जामनगर रिफ़ाइनरी के 3000 एकड़ रिक्लेम्ड ग्रीनबेल्ट पर यह पहल विकसित हुई है. आज वनतारा दुनिया के सबसे बड़े एनिमल रेस्क्यू और रिहैब सेंटरों में से एक है. 200 से ज़्यादा हाथी. 300+ बड़ी बिल्लियां (शेर, बाघ, तेंदुए, जगुआर), 300+ शाकाहारी (हिरण, काले हिरण आदि), 1200+ सरीसृप (घड़ियाल, साँप, कछुए) सहित कुल मिलाकर 1.5 लाख जानवर, 2000 से ज़्यादा प्रजातियों के साथ, इस ईकोसिस्टम का हिस्सा हैं। यहां बता दें कि वनतारा देश का अपने तरह का एक यूनीक संस्थान है जो जीवों पशुओं के लिए इतना बड़ा रिहैबीलेशन का काम कर रहा है यह उध्योगपति मुकेश अंबानी ने अपने लाडले कनिष्ठ पुत्र की खराब सेहत जीव प्रेम की जीजीविशा के चलते स्थापित किया है। देश की शीर्ष अदालत ने माना है कि वनतारा देश की शान है यानि अदालत की भी आंखों का तारा बन गया है।

## एक नजर

### धर्माचार्य प्रमुख ने किया रामलीला का शुभारंभ



**मछरेहटा (सीतापुर)।** कस्बा मछरेहटा में मंगलवार को पुरानी बाजार स्थित बड़े हनुमान मंदिर से राम ध्वज लेकर मेला रामलीला दशहरा कमेटी के सदस्य बहोरनपुर स्थित मेला मैदान पहुंचे जहां पर धर्माचार्य प्रमुख विमल मिश्र ,यतींद्र अवस्थी एवं महेंद्र पांडे ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया ।बताते चले यह मेला करीब 200 वर्षो से अपनी धरोहर संजोए हुए गंगा जमुनी तहजीब से होता चला आ रहा है जिसमें क्षेत्र के हिन्दू एवं मुस्लिम लोग बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है। वही मेले में हो रहे मैच का फाइनल भी खेला गया मैच संरक्षक अब्दुल गफ्फार ने बताया यह मैच कल्ली 11 एवं कुनेहटा 11 के बीच खेला गया जिसमें पहली पारी खेलते हुए कुनेहटा ने कल्ली 11 को 133 रन का लक्ष्य दिया । मेला संरक्षक वीरपाल सिंह, अध्यक्ष अंकित सिंह, डॉ राजकिशोर श्रीवास्तव परंतप सिंह शेखावत प्रधान बीहट ,महंत प्रीतमदास ,महंत रामसुमिरन दास एवं मेला कमेटी के कई सदस्य मौजूद रहे ।सुरक्षा व्यवस्था में मछरेहटा पुलिस भी मेला मैदान में तैनात रही।

### दो माह से सफाई कर्मियों को नही मिला वेतन



**तंबौर (सीतापुर)।** आदर्श नगर पंचायत तंबौर अहमदाबाद में सफाईकर्मियों ने मंगलवार को धरना प्रदर्शन कर कार्यबहिष्कार किया। सभी पुरुष व महिला सफाईकर्मियों ने सफाई कार्य का बहिष्कार कर दिया 'सफाई कर्मचारियों का कहना है कि पिछले दो महीने से उन्हें देतन नहीं मिला है ।सफाईकर्मियों ने नगर पंचायत अध्यक्षा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अध्यक्षा द्वारा वेतन भुगतान दस्तावेजों पर हस्ताक्षर' नहीं करने के कारण उनका वेतन रुका हुआ है। इस कारण कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जायेगी, तब तक धरना और कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। मंगलवार सुबह से सफाईकर्मियों के कार्य बहिष्कार के कारण सम्पूर्ण नगर में सफाई व्यवस्था ध्वस्त रही जिसके कारण जगह जगह गन्दगी के अंबार दिखाई दिए। कार्य बहिष्कार के दौरान प्रदीप कुमार, हरिशंकर,अजय, छोटेलाल,नीरज,कुसुमा,गुड़िया,कैलाशा समेत तमाम सफाईकर्मी मौजूद रहे।

### व्यापारियों की आवाज उठाने वाला कोई नहीं



**तंबौर (सीतापुर)।** कस्बे में व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को लेकर व्यापार मंडल के जिलाउपाध्यक्ष हाजी अज़ीज अहमद गौरी के आवास पर एक बैठक की । जहाँ मौजूद सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान के लोगों ने व्यापार मण्ड़ल के जिलाध्यक्ष बिभू पुरी के सामने अपनी बातों को प्रमुखता से रखा । प्रतिष्ठान मालिकों ने कहा कि हमारी समस्याओं को जानने वाला कोई नहीं है ।तंबौर जैसे कस्बे में व्यापारियों की आवाज को उठाने वाला कोई नहीं है आए दिन एसटिएफ, नगरपंचायत के अधिशासी अधिकारी, एवं बाहरी अधिकारी दुकानदारों को अक्सर परेशान करते रहते हैं । इन समस्याओं का निदान करने के लिए एक विशेष बैठक कर आगे की तैयारी की जाएगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विभूपुरी जी हाजी अज़ीज अहमद गौरी, अजय पटेल, साबिर अली,समीर खान, रेहान ख़ान खालिद मंशूरी,अशद,हाशिम गौरी, गोविंद नाग सहित तमाम दूकानदार मौजूद थे।

### दुर्गा प्रतिमाओं की विधि-विधान से की पूजा-अर्चना



**सिधौली (सीतापुर)।** कस्बे व आसपास के क्षेत्रों में दुर्गा पूजा पंडालों में सजाई गई दुर्गा प्रतिमाओं की विधि विधान से पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं ने आरती गाकर उनका गुणगान किया। कस्बे के तहसील मार्ग पर सभासद मुन्नन शुक्ल के नेतृत्व में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा पंडाल सजाया गया। पं0 कमल मिश्र ने यजमान आशुतोष शुक्ल को मां दुर्गा के प्रथम दिन के स्वरूप शैलपुत्री का पूजन अर्चन करवाया। सोमवार देर शाम भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने 'अम्बे तू है जगदम्बे काली जय दुर्गे खप्पर वाली' गाकर मां का गुणगान किया ।मंगलवार को दूसरे दिन भक्तों ने दुर्गा मां के द्वितीय स्वरूप मां ब्रह्मचारिणी की पूजा की। इस दौरान सूरज गुप्ता,जाग्रत मिश्र,गिरजा मिश्र,शैली सरदार,कृष्णेन्द्र त्रिवेदी,अरविंद जैन,कारी सरदार व गगन जैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### शीतगृह से आलू निकालें किसान

**सीतापुर।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि जिले के निजी क्षेत्र में स्थापित 15 शीतगृहों में भण्डारित आलू कृषकों द्वारा वर्तमान समय तक आलू निकासी की प्रगति काफी कम है, जबकि माह सितम्बर का आखिरी पखवाड़ा चल रहा है। भविष्य में बाजार में अधिक आलू के आने से आलू बाजार भाव कम होने पर कृषकों को आर्थिक नुकसान न उठाना पड़े। उन्होंने कृषकों से अनुरोध किया है कि शीतगृह में अपने भण्डारित आलू की अतिशीघ्र निकासी कर विक्रय करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में उन्हें ही नुकसान उठाना पड़ेगा। समय रहते वह इस संबंध में निर्णय लें ताकि शीतगृह खाली हो सकें।

### नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

**सीतापुर।** उपमुख्यमंत्री एवं सभापति रेडक्रास के सभापति ब्रजेश पाठक के आवाहन पर सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत इण्डियन रेडक्रास सोसाइटी सीतापुर द्वारा छात्र छात्राओं हेतु तीन दिवसीय नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन हिरा पब्लिक इण्टर कॉलेज, खैराबाद में किया गया। शिविर का उदघाटन रेडक्रास सभापति संजीव मेहरोत्रा द्वारा किया गया। रेडक्रास कोआर्डिनेटर रियाज अहमद द्वारा छात्र छात्राओं को रेडक्रास के इतिहास के बारे में बताया गया। यूथ रेडक्रास प्रभारी जाहिद अली अंसारी ने कहा कि आगे भी इस तरह के शिविर आयोजित होते रहेंगे। शिविर में कुल 928 छात्र छात्राओं का परीक्षण आंख अस्पताल सीतापुर टीम से आए डा. सिद्धार्थ गुप्ता, वी. एन. शुक्ला विजन सेन्टर असिसटेन्ट, आपटोमेट्रिस्ट अनामिका द्वारा किया गया जिसमें 37 छात्र छात्राओं के परीक्षण के पश्चात पाया गया कि इनका आई विजन कमजोर है। उनको चश्मा भी वितरित किया जायेगा। 18 छात्र छात्राओं को आंख अस्पताल सीतापुर रेफर किया गया। इस अवसर पर संजीव मेहरोत्रा सभापति, यूथ रेडक्रास प्रभारी जाहिद अली अंसारी, कोआर्डिनेटर रियाज अहमद, सदस्य नवल किशोर, हसनैन साजिद, सुबोध कुमार, राशिद जमाल आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय अपराधी गिरफ्तार

## लूटी गई चेन, सोने का टुकड़ा, असलहा व कारतूस बरामद, कई जिलों में दर्ज हैं चार दर्जन मुकदमे




**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** कोतवाली नगर व क्राइम ब्रांच की संयुक्त पुलिस टीम ने चेन स्नेचिंग की घटना में दर्ज मुकदमें में प्रकाश में आए 25 हजार के इनामिया शातिर अंतर्नजपदीय अपराधी सुनील भातू पुत्र कल्लू भातू निवासी खुशहालपुर ब्रैड फैक्ट्री के पीछे थाना मझोला जनपद मुरादाबाद हाल पता भातू कालोनी थाना सिविल लाइन मुरादाबाद को पुलिस मुठभेड़ में कनवाखेड़ा अंडर पास की तरफ गंगाधर मिश्र कालोनी से पहले गिरफ्तार कर लिया।

मौके से पुलिस को तीन अलग-अलग पिघली हुई पीली धातू के टुकड़े व सोने की चेन व 2,050 रुपये, 315 बोर तमंचा, कारतूस, दो खोखा तथा एक फर्जी नम्बर की टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल बरामद हुई। एएसपी उत्तरी आलोक सिंह ने बताया कि कोतवाली नगर व क्राइम ब्रांच की पुलिस टीम ने कनवाखेड़ा अंडर पास सर्विस लेन वाले रास्ते पर मोटरसाइकिल से जा रहे संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने पुलिस पार्टी पर फायर कर भागने का प्रयास किया, जिस पर पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ की गई कार्यवाही के क्रम में एक व्यक्ति को पकड़ लिया। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह स्वयं अकेले अथवा अपने साथियो की मदद से मोटरसाइकिल पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर कई जिलों में लूट व चेन स्नेचिंग की दर्जनों वारदातों को अंजाम दे चुका है। अभियुक्त ने बरामद 2,050 रुपये अपने एक साथी शमशेर भातू पुत्र लक्खा उर्फ कस्सू निवासी इस्लामनगर थाना गोला जनपद लखीमपुर के साथ मिलकर मुनेश्वर विहार कालोनी बाराबंकी से 21 जुलाई की सुबह एक महिला के गले से चेन झपट्टा मारकर लूट ली थी।

» फर्जी नम्बर की टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई

बरामद चेन अभियुक्त ने लखनऊ में भाजपा कार्यालय के पास गुडम्बा थाना क्षेत्र में 9 सितम्बर को बाइक पर पीछे बैठी महिला के गले से छीन ली थी। इसके अतिरिक्त अभियुक्त ने सुशान्त गोल्फ सिटी लखनऊ सेक्टर-7 से दोपहर में एक महिला के गले से चौन झपटी थी। 8 तारीख को विरामखंड गोमती नगर लखनऊ में सुबह पैदल जा रही महिला के गले से चेन झपटी थी। सीतापुर में कप्तान आवास के पीछे से इसी महीने की पहली तारीख को पैदल जा रही एक महिला के गले से शाम के समय चेन झपटी थी। इन तीनो घटनाओं में झपटी गयी तीनों चेन को अभियुक्त ने गलवा कर गोलीनुमा टुकड़े बना लिये थे। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर एवम् अभ्यस्त किस्म का अंतर्जनपदीय अपराधी है। जिसके विरुद्ध पूर्व में भी लूट, चोरी, नकबजनी, धोखाधड़ी व हत्या का प्रयास जैसे अपराधों के संबंध में जनपद आगरा, बरेली, अयोध्या, फतेहगढ़, हरदोई, शाहजहांपुर, फिरोजाबाद, सहारनपुर, हापुड़, कन्नौज, सीतापुर, लखनऊ व बाराबंकी में करीब चार दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस पार्टी पर की फायरिंग व चेन स्नेचिंग मामलों में केस दर्ज कर उसे जेल भेजने की कार्यवाही की है।

### पुलिस की संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ

#### पम्पलेट बांटकर किया सभी को जागरुक



**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत जनपदीय एंटी रोमियो पुलिस टीम ने कोतवाली नगर के अंतर्गत धार्मिक स्थलों, कोचिंग सेंटरों, पार्क व विद्यालयों के बाहर एवम् भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में गश्त करते हुए अनावश्यक रूप से घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों व युवाओं से पूछताछ करके उन्हें चेतावनी दी गई। इसके अलावा बालिकाओं व महिलाओं को जागरुक करने का प्रयास भी किया जा रहा है। इसके साथ सभी थानों की टीमों द्वारा भी महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 की जानकारी दी गई। उन्हें सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराधों के बारें में तथा साइबर हेल्पलाइन-1930 सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों के बारें में जानकारी देते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट देकर जागरुक किया जा रहा है।

### एक दिन के लिए बनी प्रधानाध्यापिका का स्वच्छता पर जोर



**सीतापुर।** मिशन शक्ति के तहत परसेंडी ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बेलहरी की कक्षा आठ की छात्रा संध्या को विद्यालय में एक दिन की प्रधानाध्यापिका बनाया गया। विद्यालय की शिक्षिका इरफाना जैदी व अर्पिता द्विवेदी ने प्रधानाध्यापिका का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। प्रधानाध्यापिका की कुर्सी सम्भालते ही बच्चों की उपिस्थति देखकर विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने को कहा। प्रधानाध्यापिका संध्या ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई के अलावा विद्यार्थियों को भी स्वच्छ रहने को कहा। संध्या ने बच्चों को सीख दी कि गुरुजनों का सम्मान करो और लगन से पढ़ाई करो। आज का बच्चे की देश का भविष्य हैं। संध्या ने बताया कि प्रधानाध्यापक की कुर्सी पर बैठकर मन प्रभुल्लित हो गया और आगे चलकर मैं शिक्षिका बनाने का प्रयास करुंगी तथा जो सीख आज बच्चों को दी है उसे अपने जीवन में आत्मसात करने का प्रयास भी करूंगी। इस दौरान प्रधानाध्यापक मनीष रस्तोगी ने बताया कि संध्या की तरह अन्य बच्चे भी इससे प्रेरित होंगे।

### 36 घंटे बाद भी नहीं बहाल हुई बिजली आपूर्त

**नेरी (सीतापुर)।** पिसावां ब्लॉक के रमुआपुर गांव में सोमवार सुबह पांच बजे एलटी लाइन पर हाईटेंशन तार टूट कर गिरने से बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी, जो 36 घंटे बाद भी बहाल नहीं हो सकी है। इस हादसे से घरों में हाई वोल्टेज करंट दौड़ने से तकरीबन 20 घरों के बिजली उपकरण जल गए थे और एक गोवंश की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई गयी थी।

ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण उनकी परेशानी बढ़ रही है। बिजली विभाग के एसडीओ अमित कुमार द्विवेदी ने कहा कि बिजली लाइन दुरुस्त कर दी गई है, लेकिन हकीकत इसके उलट है। संविदा लाइनमैन ने बताया कि पर्याप्त मात्रा में तार की उपलब्धता न होने के कारण बुधवार को लाइन की गार्डिंग की जाएगी। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है, क्योंकि बिना बिजली के दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। घरेलू उपकरणों के नुकसान और गोवंश की मौत ने ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। गांव के कुमुद सिंह, पेशकार सिंह, अक्षय सिंह, अनिल सिंह, जगरूप, रामपाल, और भीखम ने बिजली विभाग से तत्काल नुकसान की भरपाई करने तथा जल्द ही विद्युत आपूर्ति बहाल करने की की मांग की है।

**तथा कथित पत्रकारों का आतंक**

**मिश्रिख (सीतापुर)।** वर्तमान समय में कुछ यूट्यूबर तथा कथित पत्रकारों की फौज तैयार हो गई है। जो अशिक्षित मौखिक रूप से अपने को काफी पढा लिखा बताकर लोगों से बदसलूकी करने से बाज नही आ रहे है । अपने को वरिष्ठ पत्रकार बताकर सरकारी कार्यालयों में बैठ जाते है । अधिकारियों कर्मचारियों से बदसलूकी करके पूरा दिन पैसे ऐंठने का कार्य कर रहे है। जिससे पत्रकारिता जैसे पवित्र मिशन को काफी ठेस लग रही है लेकिन यह तथा कथित पत्रकार अपने आप को ऐसे यूट्यूब चैनलों और अखबारों का ब्यूरो चीफ बताते है। जो जिला सीतापुर ही नही वरन समूचे प्रदेश में किसी टीवी स्क्रीन व सूचना विभाग में दिखाई ही नही देते है।

# 23 महीनों बाद आज़ाद हुए आज़म, समर्थकों में ईद जैसी खुशी

## गुरुवार को हाईकोर्ट से मिली थी जमानत, जुर्माना भरने के बाद दोपहर को हुई रिहाई





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य और पूर्व कैबिनेट मंत्री आज़म खां को हाईकोर्ट से मिली जमानत के आधार पर 23 महीनों बाद जिला कारागार से रिहा कर दिया गया। उनकी रिहाई के मद्देनजर प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए थे। सुबह से रिहाई का इंतजार करते करते दोपहर सवा बारह बजे जब आज़म खां जेल के दरवाजे से बाहर निकले तो उनके परिजन एवं समर्थकों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। रिहाई का हर लम्हा कैद करने के लिए स्थानीय से लेकर राजधानी का मीडिया पूरी तरह से मुस्तैद रहा।गुरुवार को शत्रु संपत्ति मामले में हाईकोर्ट से मिली ज़मानत के बाद सपा के कद्दावर नेता आज़म खान का जेल से बाहर आना तय माना जा रहा था। बेल बांड की औपचारिकता पूरी किये जाने के बाद सोमवार को आज़म खां का रिहाई परवाना सीतापुर जेल पहुंच गया था लेकिन जैसा कि बताया जाता है कि साढ़े पांच बजे यह इसके पहुंचने के कारण आज़म की रिहाई नहीं हो सकी थी लिहाजा रिहाई का समय मंगलवार को सुबह 7 से 8 बजे के बीच तय किया गया। मंगलवार की सुबह से ही जेल गेट पर मीडिया और आज़म के समर्थकों का जमावड़ा लग गया। देखते ही देखते समर्थकों की संख्या हज़ारों में पहुंचने लगी और दर्जनों गाड़ियां का काफिला वहां इकट्ठा हो गया। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह और सीओ सिटी विनायक भोंसले जेल पर पहुंच गए और पहुँचते ही भीड़ को हटाना शुरू कर दिया। पुलिस ने निषेधाज्ञा का हवाला देकर जो भी सामने आया उसे वहां से हटाने में कोई गुरेज नहीं किया यहां तक कि मीडिया के लोग भी इसकी चपेट में आते रहे। पुलिस ने जिला जेल और उसके ईद गिर्द खड़ी बाहरी जिलों की गाड़ियों का चालान भी किया जिसमें कई गाड़ियां बाहर से आये मीडिया हाउस की भी थीं। मीडिया ने जब जिम्मेदार अफसरों से इसकी शिकायत दर्ज कराई तो अफसरों ने उनकी गाड़ियों का चालान डिलीट कराने का आश्वासन दिया। दिन चढ़ने लगा था लेकिन आज़म खां जेल से बाहर नहीं आ रहे थे इसको लेकर जब जानकारी की गई तो पता चला कि रिहाई में पेंच फंस गया है। आज़म खां पर दो मामलों में जुर्माना लगाया गया था जिनकी धनराशि जमा नहीं थी इस पर उनके पैराकारों ने रामपुर में कोर्ट खुलने के बाद क्रमशः पांच और तीन हज़ार का जुर्माना भरा और उसकी इत्तला ई-मेल के जरिए जब जेल प्रशासन को पहुंची तब जाकर रिहाई की प्रक्रिया शुरु की गई। इस सब प्रक्रिया में दोपहर का 12 बज गया।इस बीच प्रशासन ने आज़म खां को मेन गेट के बजाय पीछे के रास्ते निकालने का निर्णय लिया। 12 बजे आज़म खां के दोनो बेटे अब्दुल्ला आज़म और अदीब आज़म गेट के पास पहुंच गये उनके साथ ही गेट पर गाड़ी को भी खड़ी करवा दिया गया। तब ऐसा लगा कि जल्द ही वह घड़ी आने वाली है जब आज़म खां खुली हवा में सांस लेंगे और अपने समर्थकों के बीच होगें। करीब सवा बारह बजे जेल का गेट खुला और आज़म खां को जेल से बाहर कर दिया गया। फौरन उनके दोनो बेटे अपने वालिद आज़म खां को गाड़ी में लेकर बैठ गए और गाड़ी रवाना हो गई। पिछले गेट पर मीडिया का जमावड़ा लगा था जैसे ही आज़म की गाड़ी वहां पहुँची कि मीडिया ने उसे घेर लिया। कैमरामैन हर लम्हे को अपने कैमरे में कैद कर लेने की पुरजोर कोशिश में थे तो रिपोर्टर बाइट लेने की जद्दोजहद में। रेंगते हुए बमुश्किल आज़म खां की गाड़ी मेन रोड पर पहुंच सकी जिसके बाद प्रशासन ने उनकी गाड़ी को बिना रुके आगे के लिए रवाना करा दिया।आपको बताते चलें कि रामपुर की एमपीएमएलए कोर्ट ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में आज़म खां को सज़ा सुनाई थी। पहले उन्हें रामपुर जेल में रखा गया फिर उन्हें प्रशासनिक आधार पर सीतापुर जेल स्थानांतरित कर दिया गया। आज़म खां करीब 23 महीनों से सीतापुर जेल में निरुद्ध थे। इस बीच उनके खिलाफ दर्ज मुक़दमों में पैरवी जारी रही और एक एक कर तमाम मुक़दमों में उन्हें अदालत से राहत भी मिलती रही। पिछले दिनों जब डूंगरपुर मामले में उन्हें कोर्ट से राहत मिली तब उनके परिजनों और समर्थकों में इस बात की उम्मीद की जाने लगी थी कि जल्द ही आज़म खां जेल की सलाखों से बाहर आ जाएंगे क्योंकि उसके बाद सिर्फ शत्रु संपत्ति वाले मुकदमे में ही जमानत मिलना शेष रह गया था।

बीते गुरुवार यानी 18 सितंबर को उच्च न्यायालय प्रयागराज से शत्रु संपत्ति वाले मुकदमे में भी आज़म की जमानत मंजूर हो गई। इसके साथ विवेचक ने उक्त मुकदमे में दो और धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए जमानत में पेंच फंसाने का प्रयास किया लेकिन कोर्ट ने उसे खारिज़ कर दिया। इसके बाद जमानत दाखिल करने की प्रक्रिया अपनाई गई और अंततः मंगलवार को जेल से उनकी रिहाई हो गई।

### छावनी में तब्दील रहा जेल रोड इलाका

सपा नेता आज़म खां की जेल से रिहाई को लेकर पुलिस प्रशासन जरूरत से ज्यादा सक्रिय दिखाई रहा। आज़म के समर्थक यहां एकजुट न हो पाएं, इसके लिए निषेधाज्ञा का हवाला देकर उन्हें जेल के आसपास से हटाया जाता रहा। इतना ही नहीं जो नेता जेल रोड की ओर आते दिखाई दिए या इस रोड पर उन्होंने अपनी गाड़ी खड़ी की, उन्हें फौरन ही यहां से बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा था। कई नेताओं को तो पुलिस ने अपमानित करके भगाया। आज़म के जेल से रिहा होने के पहले ही पुलिस ने जेल रोड पर फ्लाई ओवर से पहले बेरिकेड्स लगाकर ट्रैफिक रोक दिया था। इसी दौरान सांसद रुचि वीरा भी वहां पहुँच गयीं उन्होंने आगे बढ़ने की कोशिश की लेकिन सीओ सिटी विनायक भोंसले ने उनकी गाड़ी और उन्हें रोककर वापस लौटा दिया। पुलिस की सख्ती को देखकर ऐसा लग रहा था कि धारा 144 सिर्फ जेल रोड पर ही लागू की गई है।

### गज़ब का था उत्साह, हर कोई मिलने को था आतुर

उत्तर प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद से आज़म खां के सितारे लगातार गर्दिश में रहे। एक के बाद एक मुकदमे में नामजद किये जाने के बाद उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया। यहां तक कि उन्ही पत्नी तंज़ीम फात्मा और अब्दुल्ला आज़म को भी जेल में रहना पड़ा। उन्हें पहले रामपुर और फिर सीतापुर जेल में रखा गया। जमानत पर रिहा होने के कुछ समय बाद कोर्ट ने उन्हें सजा सुनाई तो फिर सीतापुर जेल आज़म का ठिकाना बन गई। करीब 23 महीनों तक आज़म खां इसी जेल में रहे और उसके बाद आज उनकी रिहाई हो सकी लेकिन इसके बावजूद जिस तरह से पूरे प्रदेश के भीतर के उनके समर्थक आज उनसे मिलने के लिए आतुर दिख रहे थे वह कहीं न कहीं आज़म के जनाधार को दर्शाता है। पुलिस की तमाम सख्ती के बाद भी रामपुर, मुरादाबाद, सहारनपुर, बरेली, शाहजहांपुर और अयोध्या समेत कई जिलों के नेता और कार्यकर्ता उनकी एक झलक पाने को बेताब थे। उनसे मिलने के लिए सांसद रुचि वीरा, विधायक अनिल वर्मा, सपा जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव, पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह वर्मा, पूर्व मंत्री रामहेत भारती, प्रमोद वर्मा उपस्थित थे।

### गहरे पानी में डूबने से तीन बच्चों की मौत, एक को बचाया, हादसे से पूरे गांव में मातम



**सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के पसुरा बेलवा गांव में मंगलवार को खेलते समय सड़क किनारे भरे पानी में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक किशोरी को ग्रामीणों ने सकुशल बाहर निकाल लिया। हादसे के बाद गांव में मातम का माहौल है। पसुरा बेलवा निवासी जहीर खान की 13 वर्षीया पुत्री शबा, पप्पू का 12 वर्षीय पुत्र पवन, श्यामू का 12 वर्षीय पुत्र विकास तथा संतोष की 14 वर्षीया पुत्री मोहिनी गांव के बाहर खेल रहे थे। इसी दौरान शबा अचनाक सड़क के किनारे भरे गहरे पानी में जा गिरी। शबा को बचाने के प्रयास में पहले पवन फिर विकास व मोहिनी में पानी में कूद गए। चारों बच्चे पानी में डूबने लगे तो शोर मचाया जिसे सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पानी में घुसकर बच्चों को बमुश्किल बाहर निकाला। इस दौरान शबा, पवन व विकास की सांसें थम चुकी थी तो मोहिनी को प्राथमिक उपचार देकर ग्रामीणों ने बचा लिया। तीन बच्चों की मौत की खबर गांव पहुंची तो हर कोई बदहवास सा मौके की तरफ भाग पड़ा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने परिजनों को दिलासा देकर मृत बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम को भेजने की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है।

# डॉ अम्बेडकर प्रतिमा पर डाले महिलाओं के वस्त्र

## पुलिस सीसीटीवी से चिन्हित कर रही अराजक तत्व, केस दर्ज

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** सदरपुर के पूरब पुरवा बजेहरा में शरारती तत्वों ने सोमवार की देर रात अराजकता फैलाने की कोशिश की। अंबेडकर भवन में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर अज्ञात लोगों ने महिलाओं के वस्त्र डाल दिए। मंगलवार की सुबह घटना की जानकारी होते ही ग्रामीणों में भारी रोष फैल गया और माहौल तनावपूर्ण हो गया। ग्रामीणों ने घटना को सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश बताते हुए अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही सदरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और प्रतिमा से वस्त्र हटवाए। साथ ही ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया। पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि दोषियों की पहचान की जा सके। एहतियातन गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। ग्रामीणों ने दोषियों को कड़ी सज़ा देने की मांग की है। सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया अज्ञात शरारती तत्वों के खिलाफ केस दर्जकर जांच की जा रही है। पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर कब्जे में लेकर अराजक तत्वों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

**दहशत** पसिगवां के ग्रामीणों ने बाघ के पगचिन्ह के बनाए वीडियो, स्वच्छंद विचरण कर रहा बाघ

# जहां बंधा था पड़वा वहीं मिले बाघ के पगमार्क, टीमों का टारगेट शावक

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**महोली (सीतापुर)।** बाघिन को पकड़ने के बाद रेस्क्यू टीमों का टारगेट अब शावक हैं। पसिगवां में बाघ के पगमार्क मिलने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। हैरानी की बात तो यह है कि पसिगवां में जहां पर बाघ ने पड़वा का शिकार किया था ठीक उसी स्थान पर बाघ के पगमार्क 'विश्ववार्ता' को मिले। बाघ को ट्रंकुलाइज करने के लिए बनाए गए मचान को हटा लिया गया लेकिन बल्लियां अभी भी गड़ी हुई हैं। बाघ के कई खेतों में पगचिन्ह मिलने से कई गांवों के लोग जंगली जानवर को लेकर फिर से दहशतजदा हैं। नरनी में सौरभ दीक्षित का शिकार करने के बाद वन विभाग द्वारा पसिगवां गांव के पश्चिम नाले के किनारे बांधे गए पड़वा को बाघ मारकर खा गया था। बाघ को पकड़ने के लिए विशेष ट्रैक्टर से उसे ट्रंकुलाइज करने का प्रयास किया गया लेकिन बारिश हो जाने से खेत की गीली मिट्टी में ट्रैक्टर फंस गया था। इसी खेत के पास नीम के पेड़ से सटाकर वन विभाग ने मचान बनाया था और दो ट्रैप कैमरों के बीच में दूसरा पड़वा बांधा था लेकिन बाघ लौटकर वहां नहीं आया। इधर बाघिन को पकड़ने के बाद अगले ही दिन वन विभाग ने पसिगवां में बनाई गई मचान को खोल दिया तथा पड़वा व ट्रैप कैमरे भी विभाग ने वहां से हटा लिए। सोमवार को उसी मचान के पास से बाघ के निकलने के रघुबरदयालपुर गांव के सुरेंद्र कुमार के जुते हुए खेत में पगचिन्ह मिले। ग्रामीणों ने इसका वीडियो भी बना लिया। मंगलवार को 'विश्ववार्ता' की टीम मौके पर पहुंची तो ग्रामीण विजय कुमार, सुशील कुमार व विपिन कुमार ने खेत में उभरे बाघ के पगचिन्ह दिखाए। बाघ की इलाके में मौजूदगी से पसिगवां, रघुबरदयालपुर, सीतारामपुर, कठिघरा समेत कई गांवों के लोग फिर से दहशत में हैं। उधर शावक को दबोचने की रणनीति के तहत डीएफओ नवीन खंडेलवाल कमांड सेंटर तक पहुंचे और शावकों के पकड़ने की प्रगति की जानकारी ली। इधर **'विश्ववार्ता'** ने रेंजर कल्पेश्वरनाथ भार्गव, डिप्टी रेंजर राहुल यादव तथा डीएफओ नवीन खंडेलवाल को बाघ के ताजा पगमार्क मिलने की जानकारी देने के लिए कॉल की लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ। ऐसे में बाघ को पकड़ने के लिए वन विभाग कितना फिक्रमंद है इसका सहजता से ही अंदाजा लगाया जा सकता है।



# युवक की नृशंस हत्या करके शव को बोरे में भरकर फेंका



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** चकेरी थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव में सड़क किनारे एक बोरे में युवक का जला हुआ शव बरामद हुआ है। ग्रामीणों की सूचना पर चकेरी थाने की पुलिस मौके पर जांच करने पहुंची। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए। युवक की नृशंस हत्या के बाद शिनाख्त छिपाने के लिए उसे जलाया गया है। इसके बाद बोरी में भरकर फेंक दिया गया। पुलिस युवक की शिनाख्त करने और मर्डर केस का खुलासा करने का प्रयास कर रही है।

डीसीपी ईस्ट सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि चकेरी थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव में सड़क किनारे एक बोरी पड़ी हुई थी। सुबह क्षेत्रीय लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मामले की जानकारी मिलते ही चकेरी थाने का पुलिस फोर्स मौके पर जांच करने पहुंचा। थाना प्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया कि प्राथमिक जांच में सामने आया है कि युवक का शव बोरी में भरकर लाया गया था और सड़क किनारे चादर में लपेटकर फेंक दिया गया। शव के पास से साड़ी और रजाई भी बरामद हुई है। इस वजह से पुलिस इस मामले को आशनाई में मर्डर से जोड़कर देख रही है।

डीसीपी ने बताया कि जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शिनाख्त करने के लिए पुलिस की दो टीमों को लगाया गया है। जल्द ही मर्डर केस का खुलासा करके आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

डीसीपी ने बताया कि चकेरी के मथुरापुर में जहां पर यह शव फेंका गया है। उस रोड के दोनों तरफ लगे सीसीटीवी की मदद से देर रात से सुबह तक आने-जाने वालों का सिजरा सीसीटीवी से जुटाया जा रहा है। प्राथमिक जांच में कई संदिग्ध वाहनों को ट्रेस किया गया है। पुलिस और सर्विलांस की टीमें मर्डर केस का खुलासा करने के लिए तेजी से काम कर रही हैं।

# सड़क हादसे में तीन की मौत



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र से मंगलवार की सुबह करीब 5: 30 एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। जिसमें तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। यह हादसा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ट्रक का टायर बदलते समय हुआ। जिसमें ट्रक चालक, परिचालक और ट्रेलर चालक की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुधवार की सुबह करीब 5 बजे मछलियों से भरा ट्रक जो गुजरात से असम की तरफ जा रहा था। इसी दौरान आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर गुजरते समय अचानक उसका टायर फट गया। टायर फटने पर ट्रक के चालक देवानंद (40 वर्ष) ने ट्रक को किनारे लगाया और अपने परिचालक अजय के साथ टायर बदलने के उतरे। इसके बाद अन्य वाहनों से बचाव के लिए सही टायर को रख टॉर्च की मदद से टायर बदलने लगे। इसी दौरान पत्थर के पाउडर से भरा ट्रेलर जो की मोरबी से सीतापुर की तरफ जा रहा था। इस तेज रफ्तार ट्रेलर ने सड़क किनारे ट्रक का टायर बदल रहे देवानंद और अजय को टक्कर मारी और अनियंत्रित होकर ट्रक में घुस गया।

# सांखों देवी मंदिर अपनी महिमा के लिए विख्यात बना आस्था का केंद्र

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उन्नाव।** दही क्षेत्र के ओरहर गांव में स्थित मां सांखों देवी मंदिर अपनी प्राचीनता और महिमा के लिए विख्यात है। मंदिर न केवल स्थानीय लोगों बल्कि अन्य जिलों के श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। पूरे जिले में आस्था का केंद्र बन चुका है। मंदिर में भक्त आते हैं। कन्या भोज व हवन आदि का आयोजन करते हैं। नवरात्र के समय सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का जमावड़ा बना रहता है। मंदिर समिति के द्वारा विशाल जागरण आयोजन किया जाता है। मंदिर का निर्माणकाल स्पष्ट रूप से ज्ञात नहीं है।

गांव के बुजुर्ग महेंद्र शुक्ला व जीतू त्रिवेदी बताते हैं कि यह मंदिर मूल रूप से मिट्टी के ऊंचे टीले पर बना था। सदियों पूर्व, ग्रामीणों ने टीले की खुदाई के दौरान एक शिला लेख पाया और वैदिक रीति-रिवाज से सांखों देवी की



पूजा कर मंदिर का निर्माण कराया था। पहली बार इस मंदिर का जीर्णोद्धार ब्रिटिश शासन में गांव के बड़े अधिकारी पंडित बैज नाथ शुक्ल ने वर्ष 1904 में कराया था। इसके बाद 1986 में पंडित सत्य नारायण मिश्र ने नवनिर्माण किया। वर्ष 2000 में जिला पंचायत में कार्यरत भगवती प्रसाद वर्मा और उनकी पत्नी ने अपनी संचित कमाई से मंदिर को भव्य रूप दिया। 2021 में गांव के हरि सिंह की बेटी शिल्पी सिंह ने भी मंदिर निर्माण में योगदान किया। ओरहर के बुजुर्ग राम किशोर मिश्र और अनिल त्रिवेदी बताते हैं कि प्रतिदिन जब प्रातः काल मंदिर खुलता है तो मां सांखों देवी की प्रतिमा का जलाभिषेक हो चुका है, जो एक रहस्यमय बना हुआ है, वहीं जल आंखों में लगाने से भक्तों के आंखों की रोशनी बढ़ती है। बड़ी पास के सरोवर में स्नान करने से चर्म रोग जैसी बीमारियों से मुक्ति मिलती है। चैत्र और शारदीय नवरात्र, दशहरा तथा शीतलता अष्टमी के अवसर पर मंदिर प्रांगण में विशाल मेले का आयोजन होता है, जो क्षेत्रवासियों के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव का केंद्र बन जाता है। जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर स्थित इस मंदिर तक पहुंचने के लिए उन्नाव पुरवा मार्ग पर रोडवेज या निजी बस सेवा उपलब्ध है। ओरहर गांव मोड़ में उतरने के बाद मात्र 3 किलोमीटर की दूरी ई-रिक्शा या निजी वाहन द्वारा तय कर मंदिर पहुंचा जा सकता है।

## एक नजर

### जंगली झाड़ियों और जीव जंतुओं से घिरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र



**कानपुर।** शिवराजपुर विकासखंड क्षेत्र के बीरामऊ गांव का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जंगली झाड़ियों से घिर गया है। स्वास्थ्य केंद्र की इस स्थिति के कारण मरीजों को तरस रहा है जो जंगली जीव-जंतुओं के डर से नही आते है। इस वजह से यहां मरीजों की संख्या बेहद कम है। बीरामऊ क्षेत्र के ग्रामीण अश्वनी अग्निहोत्री, रामबाबू, श्याम जी और राजाराम ने इस समस्या को लेकर शिवराजपुर के चिकित्सा अधीक्षक से गुहार लगाई है। शिवराजपुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिलीप कटियार ने कहा कि उन्हें ग्रामीणों से स्वास्थ्य केंद्र की दुर्दशा की शिकायत मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सफाई अभियान चलाकर जंगली झाड़ियों को साफ कराया जाएगा। इससे आसपास के ग्रामीणों को समय पर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी।

### एसडीएम ने जनता दरबार में सुनी जनसमस्याएं



**पुरवा उन्नाव।** मंगलवार को जनता दर्शन में एसडीएम ने सभी फरियादियों को गम्भीरता से सुना और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु मातहतों को कड़े निर्देश दिए। स्थानीय तहसील सभागार में एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने जनता दर्शन में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गम्भीरता से सुना और उनके निराकरण हेतु अपने मातहतों को निर्देशित किया। आज कुल 19 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमें 15 राजस्व व 4 प्रकरण पुलिस से संबधित थे। मौके पर 6 प्रकरणों का निराकरण भी एसडीएम ने कराया। शेष मामलों के निपटारे के लिए मातहतों को निर्देश दिए। आपको बता दें कि प्रत्येक समाधान दिवस में राजस्व के मामलों की बढ़ती समस्याओं के मद्देनजर एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने प्रत्येक मंगलवार को जनता दर्शन चलाकर ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करा रहे हैं। आज उन्होंने सभी लेखपालों को एक पत्र जारी करते हुए कहा कि प्रत्येक लेखपाल अपनी राजस्व संबंधी रिपोर्ट लगाने के बाद मोहर का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि संज्ञान में आया है कि अधिकांश लेखपाल सिर्फ हस्ताक्षर करते हैं बल्कि मोहर नहीं लगाते हैं। एसडीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि उक्त अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### जिलाधिकारी का स्वच्छता सेवा में नागरिकों से योगदान का आग्रह

**कानपुर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 को लेकर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने शहरवासियों से विशेष अपील की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से शुरू हुआ यह सेवा पखवाड़ा अभियान 25 सितंबर को विशेष रूप से मनाया जाएगा। इस दिन शहरवासियों से एक घंटा स्वच्छता अभियान में योगदान करने का आग्रह किया गया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर की सड़कों को गड्ढामुक्त करना और गली-मोहल्लों को साफ-सुथरा रखना है। सफाई कर्मियों के साथ मिलकर शहरवासी इस अभियान में भाग ले सकते हैं। नगर निगम, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत और नगर पालिका इस अभियान में सहयोग कर रहे हैं। स्वच्छता अभियान में सभी की भागीदारी से कानपुर को गंदगी मुक्त बनाया जा सकेगा। जिलाधिकारी ने एक दिन, एक घंटा, एक साथ के संकल्प के साथ सभी नागरिकों से सहयोग की अपील की है।

### नांद में मिला सब्जी विक्रेता का शव

**कानपुर।** बिल्हौर कस्बे में जीटी किनारे शराब ठेके के निकट एक व्यक्ति की नांद में गिरने से मौत हो गई। युवक की मौत से पत्नी और बच्चे बेसहारा हो गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बिल्हौर कस्बे के महाराणा प्रताप नगर मोहल्ला निवासी रामकुमार पुत्र मुंशी बाजार में सब्जी बेचने का काम करते थे। उनके घर में पत्नी सुनीता दो बेटे संदीप, शानू और एक बेटी नेहा है। परिजनों के अनुसार वह हर रोज की तरह बाजार में सब्जी की दुकान लगाए थे। रात में दुकान समेटने के बाद वह घर नहीं पहुंचे थे। रात लगभग 9 :30 बजे उन्हें रेलवे स्टेशन के निकट जीटी रोड पर रोड़ किनारे जानवरों के पानी पीने के लिए बनी नांद में कूड़े में पड़े देखा गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए एम्बुलेंस से सीएससी भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिजनों के पहुंचने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार के लोगों के अनुसार रामकुमार शराब के लती थे।

# ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में सहकारिता सदस्यता महाअभियान को जिलाध्यक्ष ने किया गोष्ठी का आयोजन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उन्नाव।** सहकारिता सदस्यता महाभियान 2025 के तत्वाधान में आज विकासखंड बिछिया के ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता के नेतृत्व में जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष ने सदस्यता महाअभियान के संबंध में आयोजित गोष्ठी में सम्मिलित होकर पंचायत विभाग के सम्मानित अधिकारी गणों के साथ प्रत्येक ग्राम सभा से अधिक से अधिक सदस्य बनाए जाने का आवाहन किया गया। और महाभियान की प्रगति की समीक्षा भी की।

इस अवसर पर एडीओ पंचायत संदीप मिश्रा, सचिव देवेंद्र यादव, ओम शंकर तिवारी, उप महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक पुनीत चौधरी, एडीसीओ मनोरमा, तहसील प्रभारी उपेंद्र सिंह, राहुल राजपूत सहित बिछिया विकासखंड के सम्मानित



एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

इसी के क्रम में विकासखंड बीघापुर व सुमेरपुर की संयुक्त बैठक विकासखंड बीघापुर सभागार में दोनों विकासखंड के चार्ज पर खंड विकास अधिकारी पंकज गौतम के नेतृत्व में सुमेरपुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश बाजपेई, मुन्ना सिंह मंडपहा, बीघापुर ब्लॉक प्रमुख पति पवन पासवान, ब्लाक बीघापुर प्रतिनिधि प्रकाश सिंह, जिला सहकारी बैंक के निदेशक के रूप में अमरेश दीक्षित, साधन सहकारी समिति बीघापुर के अध्यक्ष निर्भय सिंह लाला, गोविंद शुक्ला पूर्व चेयरमैन बीघापुर, जिला सहकारी बैंक के उप महाप्रबंधक पुनीत चौधरी, बीघापुर तहसील के प्रभारी गणेश प्रसाद रावत प्रशासनिक अधिकारी जिला सहकारी बैंक उन्नाव उपेन्द्र सिंह, संयुक्त ब्लॉक के एडी ओ पंचायत, एडीओसी, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी और उपस्थित सभी लोगों से एम पैक्स सदस्यता महाभियान 2025 का हिस्सा बनकर प्रत्येक किसानों को सदस्य बनाने की अपील गई।

उत्तर प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जे पी एस राठौर के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में आयोजित इस महाभियान का उद्देश्य ग्राम स्तर पर सहकारिता को मजबूत करना और प्रत्येक गांव में सदस्यता बढ़ाकर सशक्त गांव, समृद्ध भारत की दिशा में ठोस कदम उठाना है।

# सांड का आतंक, खेत जाते समय किसान पर हमला, मौके पर मौत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के शब्बा खेड़ा गांव में एक आवारा सांड ने किसान की जान ले ली। मंगलवार सुबह राकेश (45) अपने खेत की ओर जा रहे थे। गांव के बाहर सड़क किनारे एक आवारा सांड ने उन पर हमला कर दिया। सांड की टक्कर से राकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। आसपास मौजूद ग्रामीण तुरंत मदद के लिए पहुंचे। उन्होंने राकेश को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटियां और दो बेटे हैं। परिवार की आजीविका का मुख्य स्रोत खेती है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। कई बार शिकायत करने के बाद भी



» आवारा पशुओं को गौशाला भेजने की मांग

प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। पशुओं से फसलें भी बर्बाद हो रही हैं। ग्रामीणों ने आवारा पशुओं को गौशाला भेजने की मांग की है। स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों और ग्रामीणों ने प्रशासन से आर्थिक मदद और उचित मुआवजे की मांग की है। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## साइबर अपराधियों ने कांसटेबिल के अकाउंट से 1.98 लाख उड़ाए

**कानपुर।** महाराजपुर थाने में तैनात आरक्षी श्यामवीर सिंह के साथ साइबर फ्रॉड की घटना सामने आई है। अज्ञात साइबर अपराधियों ने उनका फोन हैक करके बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से दो अलग-अलग लेनदेन में कुल 1.98 लाख रुपए निकाल लिए।

पीड़ित आरक्षी की शिकायत के अनुसार, धोखेबाज ने उनके खाते से पहले 99,500 रुपए और फिर 99,200 रुपए की राशि निकाल ली। यह पूरी कार्रवाई उनकी जानकारी के बिना की गई। पीड़ित को जब इस घटना का पता चला, तो उन्होंने तुरंत साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। महाराजपुर पुलिस ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह साइबर फ्रॉड का मामला है और वे इसकी गहन जांच कर रहे हैं।

# खेत में पानी लगाने के विवाद में किसान पर कुल्हाड़ी से हमला

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र में एक किसान पर पिता-पुत्र ने हमला कर दिया। किसान राजेश कुमार अपने खेत में पानी लगाने जा रहे थे। रास्ते में उन्हें नशे में धुत रामचंद्र मिला। रामचंद्र ने उन्हें रोका और खेत में पानी लगाने से मना किया।



जब राजेश ने विरोध किया तो रामचंद्र ने उन्हें पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान रामचंद्र के पिता प्रकाश भी वहां आ गए। प्रकाश के हाथ में छोटी कुल्हाड़ी थी। उन्होंने बिना कुछ पूछे राजेश पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बचाव में राजेश के बाएं हाथ के अंगूठे में गहरा घाव हो गया। इसके बाद पिता पुत्र ने मिलकर लात-घूंसों और डंडों से राजेश की पिटाई की। राजेश को पीटने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

महाराजपुर थाना प्रभारी संजय कुमार पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बांगरमऊ उन्नाव।** शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में 05 से 31 अक्तूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व 11 से 31 तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान चिह्नित व्यक्तियों का सम्पूर्ण विवरण ई-कवच पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इसे लेकर मंगलवार को तहसील के जन सभागार में उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

इस समीक्षा बैठक में उप जिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला ने निर्देश दिया कि संबंधित विभागों के अधिकारी विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान/ दस्तक अभियान के लिए अपने विभागों से संपादित की जाने वाली गतिविधियों का बेहतर ढंग से संचालन करें। इस दौरान स्वच्छता, सफाई सहित वेक्टर जनित वातावरण को समाप्त करने की गतिविधियां की जाएं। साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए। अभियान के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व आशा घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोग के प्रति जागरूक करेंगी। साथ ही लक्षणयुक्त व्यक्तियों का चिह्नांकित कर उनका नाम, पता एवं मोबाइल नंबर सहित पूरा विवरण ई-कवच पोर्टल पर डिजिटल अपलोड करेंगी। साथ ही



क्षयरोग के रोगियों की भी जानकारी प्राप्त करेंगी। इसके साथ ही टीकाकरण पर भी विशेष जोर दिया गया। जिला स्तर से आयोजित कंट्रोल रूम से सभी संबंधित विभाग की जानकारी व मॉनिटरिंग की जाएगी। इस बैठक में खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मुकेश कुमार सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर 84 के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर संजीव कुमार, यूनीसेफ से संजू झा, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राहुल सचान सहित स्थानीय निकाय और सभी संबंधित विभागों के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गर्भाशय के मुख के कैंसर में पैप स्मियर टेस्ट अवश्य कराये

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, कानपुर के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग द्वारा सोमवार को गर्भाशय के मुख के कैंसर की जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ. संजय काला, उप प्राचार्या डॉ. ऋचा गिरी, प्रमुख अधीक्षक डॉ. आरके सिंह, विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. रेनु गुप्ता तथा नोडल ऑफिसर डॉ. नीना गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया।

इस अवसर पर 225 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और 35 महिलाओं का पैप स्मियर टेस्ट किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता नोडल ऑफिसर डॉ. नीना गुप्ता ने बताया कि 21 से 65 वर्ष तक की हर महिला को पैप स्मियर जांच अवश्य करानी चाहिए, जिससे गर्भाशय मुख कैंसर का पता शुरुआती चरण में लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह जांच मेडिकल कॉलेज में नियमित रूप से उपलब्ध है। डॉ. नीना गुप्ता इस दिशा में लंबे समय से काम कर रही हैं और अब तक 173 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर व मेडिकल ऑफिसर्स को प्रशिक्षित कर चुकी हैं। उनके प्रयासों से 21 जुलाई 2021 को कॉलेज में कैंसर स्पेशलिटी ओपीडी की शुरुआत की गई थी, जहां अब तक 6000 से अधिक पैप स्मियर जांचें हो चुकी हैं। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष डॉ. रेनु गुप्ता ने पुरुषों से अपील की कि वे अपनी माताओं, बहनों और पत्नियों को पैप स्मियर टेस्ट के लिए प्रोत्साहित करें और इस जागरूकता अभियान का हिस्सा बनें। वहीं, डॉ. उरुज जहान ने किशोर और किशोरियों में एचपीवी वैक्सीन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और बताया कि यह वैक्सीन गर्भाशय मुख कैंसर की रोकथाम में अत्यंत सहायक है।

# 37वीं वाहिनी पीएसी के जवान ने ऑल इंडिया पुलिस आर्म रेसलिंग में जीता स्वर्ण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** मधुबन हरियाणा में आयोजित अखिल भारतीय पुलिस आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रतियोगिता में 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर के आरक्षी अजय पाल सिंह ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

यह प्रतियोगिता 20 से 24 सितंबर तक मधुबन में आयोजित की जा रही है।



आरक्षी अजय पाल सिंह ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। उनकी इस जीत से न केवल उत्तर प्रदेश पुलिस बल्कि 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर भी गौरवान्वित हुई है।

वाहिनी के अधिकारियों ने विजेता जवान के उज्जवल भविष्य की कामना की है। उनका कहना है कि यह जीत अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। इस शानदार प्रदर्शन के बाद आरक्षी अजय पाल सिंह को उनके रिश्तेदार और मित्र बधाई संदेश दे रहे हैं।

## कैंसर होने से परेशान होमगार्ड ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**कानपुर।** महाराजपुर क्षेत्र में एक होमगार्ड का शव रेलवे ट्रैक पर मिला है। मृतक की पहचान नरवल के हथेरुआ निवासी श्रीपाल के रूप में हुई है। श्रीपाल दवा लेने की बात कहकर घर से निकले थे। हाथीगांव रेलवे क्रॉसिंग के पास उनका शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। पुलिस के अनुसार उन्होंने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की है। परिजनों ने बताया कि श्रीपाल पिछले 6 महीने से कैंसर से पीड़ित थे। इस कारण वे मानसिक तनाव में रहते थे। उनकी दवाएं भी चल रही थीं। मृतक के परिवार में पत्नी मीना, दो बेटे अजय, छोटे तथा दो बेटियां गुड़िया, रानी हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।



## एक नजर

### यमुना की बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़क पर दुर्घटनाएं

**कानपुर।** घाटमपुर के रेउना थाना क्षेत्र के गढ़ाथा गांव में यमुना की बाढ़ से सड़क बुरी तरह टूट गई है। इसी क्षतिग्रस्त सड़क पर एक दुर्घटना हो गई। श्रीनगर गांव के अजय कुमार ट्रैक्टर पर सैटरिंग मशीन ले जा रहे थे। रास्ते में बने गड्ढे की वजह से सैटरिंग मशीन पलट गई। ट्रैक्टर भी गड्ढे में फंस गया। हादसे में चालक अजय कुमार बाल-बाल बच गए। उन्हें कोई चोट नहीं आई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बुरी तरह से उखड़ी इस सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल है। वाहन चलाना तो दूर की बात है। ग्रामीण अरविंद सिंह, सोनू सिंह और महेश सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से सड़क की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है।

### सड़कों पर बंधे पशु बने मुसीबत

**कानपुर।** बिधनू ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत उदयपुर में एक गंभीर समस्या सामने आई है। यहां के निवासी अपने पालतू पशुओं को सड़कों पर बांध रहे हैं। इस कारण आम नागरिकों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर बंधे पशुओं के कारण राहगीरों को निकलने में दिक्कत होती है। कई बार तो लोगों को पशुओं से बचने के लिए दूसरा रास्ता ढूंढना पड़ता है। इस समस्या को लेकर स्थानीय निवासियों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस समस्या पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि पशु मालिकों को अपने जानवरों को घर या चारागाह में बांधना चाहिए, न कि सार्वजनिक सड़कों पर।

# जननी सुरक्षा योजना के तहत भर्ती महिलाओं को नहीं मिल रही कोई सुविधा





**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उन्नाव।** बिछिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जननी सुरक्षा योजना के तहत अस्पताल में भर्ती महिलाओं को प्रसव के बाद भोजन देने के निर्देश हैं। लेकिन यहां प्रसूताओं को भोजन तो दूर नाश्ता तक मुअशिर नही हो रहा है। महिलाएं अपने लिए खाना व नाश्ता तक अपने घर से मंगवाने पर मजबूर हैं। जिससे उनके लिए परेशानी बढ़ गयी है।

जननी सुरक्षा योजना के तहत सरकारी अस्पताल में गर्भवती महिला को नाश्ता,दूध और भोजन देने का प्रावधान हैं। नार्मल डिलीवरी में प्रसूता को कम से कम 48 घण्टे तथा ऑपरेशन कि स्थित में सात दिन तक रुकने के निर्देश हैं। बिछिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सोमवार व मंगलवार इन दो दिनों में तीन महिलाओं के प्रसव हुए हैं। महिलाओं की सेहत के मद्देनजर खान पान की व्यवस्था के लिए अस्पताल की ओर से संबंधित समिति ठेकेदार की जिम्मेदारी होती है। इनके माध्यम से भोजन वितरण किया जाता है लेकिन यहां यह व्यवस्था कर्मचारियों की मनमानी का शिकार हो गयी है। अस्पताल में प्रसूता महिलाओं के मुताबिक जिस दिन से वह भर्ती हुई हैं व डिलीवरी बाद भी 24 घण्टे से अधिक बीत गया है है लेकिन अभी तक नाश्ता व भोजन तो दूर फल तक नही नसीब हुए है। किसी प्रकार की कोई व्यवस्था इंतजाम नही है। अस्पताल में रसोइया का 6 महीने से खाना बनाने का पेमेंट न मिलने से 1 अगस्त से खाना बनना बन्द है। लगभग 1 महीन 23 दिन से प्रसूताओं का खाना बन्द है।

रसोइयां मुन्नी ने कहा कि मेरा 6 महीने से 45 हजार खाना बनाने का पेमेंट नही मिला है मैंने भी इसलिए 1 अगस्त से खाना बनाना बन्द कर दिया है,जिम्मेदार लोगों से इस विषय पर बात करते है तो अनसुनी कर पल्ला झाड़ लेते हैं।

### प्रसूताओं ने सुनाया व्यवस्था का हाल

- मुर्तजानगर की रहने वाली प्रसूता आरती ने बताया कि मंगलवार को 8.30 बजे सुबह डिलीवरी हुई है न तो नाश्ता मिला है और न ही खाना मिला। बाहर से चाय मंगाई है घर से खाना आया है।
- रूपऊ की लता ने बताया कि सोमवार दोपहर 2 बजे डिलीवरी हुई थी,खाना तो बहुत बड़ी बात है नाश्ता, चाय, फल तक नसीब नही है,दो दिन से लगातार बाहर से खाना मंगाकर पेट भर रहे है।
- जाफर खेड़ा की लक्ष्मी ने बताया कि उन्हें मंगलवार सुबह 5 बजे डिलीवरी हुई है तब से न तो चाय नाश्ता मिला है न ही खाना। परिवार वाले घर से खाना लेकर आए है तब खाया है।

### गर्मी में बुरा हाल होता है मरीजों का

मरीजों का कहना है कि बिजली जाने के बाद यहां पर पंखे बन्द हो जाते है जब तक लाइट नही आती है तब तक हांथ पंखे के सहारे ही समय गुजारना पड़ता है व पंखे की ओर निहारना पड़ता है। छोटे बच्चे को गर्मी में ज्यादा समस्या होने लगती है।

> मामला सीएमओ के संज्ञान में है उनके द्वारा ठेकेदार को चेतावनी दी जा चुकी है कि खाना सुचारू रूप से शुरू कराए।
> **डॉ. नरेंद्र कुमार**, सीएचसी अधीक्षक

# फर्जी जज का शिकार हुई एक और पीड़िता युवती का मामला सामने आया

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की नर्सिंग ऑफिसर से 59 लाख ठगी करने वाले फर्जी जज विष्णु शंकर गुप्ता की ठगी का शिकार हुई एक और पीड़ति सामने आई है। सचिवालय में तैनात इस युवती को भी शादी का झांसा देकर भी विष्णु शंकर गुप्ता ने 40 लाख रुपए की ठगी की थी। पीड़िता ने मामले की शिकायत ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आशुतोष कुमार से की है। मामले की जांच डीसीपी सेंट्रल श्रवण कुमार सिंह को दी गई है।

लखनऊ में रहने वाली युवती सचिवालय में कार्यरत हैं। उनका आरोप है नवाबगंज निवासी विष्णु शंकर गुप्ता ने जज बनकर उससे फरवरी 2024 में ग्वालटोली इलाके में मुलाकात की थी। इसके कुछ दिन बाद शादी का झांसा



देकर 40 लाख रुपए ठग लिए गए। पीड़िता ने ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आशुतोष कुमार से मामले की शिकायत की है। पीड़ति ने बताया कि उसने शातिर की शिकायत लखनऊ पुलिस से भी की है, जिसकी जांच चल रही है।

युवती ने ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर को बताया कि आरोपी की कानपुर में गिरफ्तारी होने के बाद ही उसने शातिर को पहचान लिया था। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर ने मामले की जांच डीसीपी सेंट्रल को दी है।

## एक नजर

### राजा फतेपुर में निकली भव्य कलश यात्रा



**अमेठी।** सिंहपुर विकासखंड क्षेत्र के राजा फ़तेपुर गांव में मंगलवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा ग्राम के जितेन मंदिर परिसर से प्रारम्भ होकर शोभायात्रा के रूप में निकाली गई। कलश यात्रा का नेतृत्व बृंदावन से पधारे आचार्य संदीप कृष्ण शास्त्री जी ने किया। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। गांव में कलश यात्रा के स्वागत हेतु जगह-जगह श्रद्धालुओं ने जल और प्रसाद की व्यवस्था की। महिला, पुरुष और बच्चे सभी यात्रा में शामिल होकर भक्ति रस में डूबे नज़र आए।

### चोरी की बाइक व 110 ग्राम स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

**अमेठी।** अपराध नियंत्रण अभियान के तहत मोहनगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मंगलवार को क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में चेकिंग के दौरान थाना मोहनगंज पुलिस ने दो अभियुक्तों को चोरी की मोटरसाइकिल और 110 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सौरभ विश्वास (27 वर्ष) पुत्र शिशिर कुमार विश्वास, निवासी तिलोई और राजकुमार उर्फ राजू (32 वर्ष) पुत्र जगप्रसाद, निवासी पूरे राजा मजरे तिलोई के रूप में हुई है। तलाशी में सौरभ के पास से 65 ग्राम स्मैक और राजकुमार के पास से 45 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। मोटरसाइक के कागजात मांगने पर अभियुक्त प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ में दोनों ने बताया कि यह बाइक उन्होंने अपने साथी रविन्द्र चौरसिया के साथ मिलकर 21 सितम्बर को मेडिकल कॉलेज तिलोई से चोरी की थी। बरामद स्मैक भी रविन्द्र चौरसिया ने उन्हें बिक्री के लिए दी थी ।पुलिस ने बरामद बाइक और 110 ग्राम स्मैक अपने कब्जे में लेकर अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। तीसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।

### फिर चला हरियाली पर चला आरा, हरे-भरे आम के पेड़ को किया धराशायी



**अमेठी।** पर्यावरण संरक्षण के दावों के बीच अमेठी में हरियाली पर खुला आरा चला है। तिलोई तहसील क्षेत्र के कमई से पूरे रजई माइनर के पास एक हरा-भरा फलदार आम का पेड़ ठेकेदारों द्वारा काटे जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने इसे वन विभाग और ठेकेदारों की मिलीभगत का नतीजा बताया है ।आरोप है कि ठेकेदार वारिस और हलीम ने जिम्मेदार अधिकारियों की शह और मोटी रकम के सहारे यह पेड़ गिरवा दिया। ग्रामीणों के अनुसार यह पेड़ वर्षों पुराना था और गांव की पहचान के साथ-साथ गर्मी में लोगों व पशुओं के लिए छांव का सहारा भी था। अचानक पेड़ को धराशायी कर देने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है ।गांव निवासी शंभू लाल ने बताया कि यह पेड़ पूरे इलाके की शोभा था, लेकिन ठेकेदारों ने पैसों के लालच में पर्यावरण से खिलवाड़ किया है। वहीं गंगा प्रसाद ने कहा कि वन विभाग की चुप्पी सबकुछ बयान कर रही है, जिससे स्पष्ट है कि मिलीभगत के बिना ऐसा संभव नहीं। ग्रामीणों ने इस घटना की शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय, जिलाधिकारी अमेठी और पुलिस विभाग से की है। शिकायत में कहा गया है कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में और भी हरे-भरे पेड़ों का सफाया किया जा सकता है ।उधर, मोहनगंज पुलिस ने बताया कि मामला संज्ञान में ले लिया गया है और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि फलदार और हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई न केवल कानूनन अपराध है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए बड़ा खतरा भी है। उन्होंने प्रशासन से कठोर कार्रवाई की मांग की है ताकि हरियाली को बचाया जा सके।

### वृद्धा आश्रम में लगा स्वास्थ्य शिविर



अमेठी। जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ पीताम्बर कनौजिया ने बताया कि जनपद के वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम) में जिला चिकित्सालय असैदापुर की टीम के द्वारा आज नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि वृद्धजन आवास में उपस्थित 75 वृद्ध संवासियों की बीपी एवं शुगर की जाँच की गयी एवं समस्त संवासियों में गठिया दर्द, गैस, दाद-खाज, खुजली की समस्या पायी गयी उनका उचित उपचार किया गया तथा शुगर व बीपी से सम्बन्धित दवायें उपलब्ध करायी गयी। इस क्रम में डॉ पीताम्बर द्वारा समस्त वृद्धजनों को योग करने एवं जिनके घुटने में दर्द रहता है उन्हें खाना खाने के बाद टहलने की सलाह दी गयी तथा इस दौरान स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ पीताम्बर कनौजिया सहित चिकित्सीय टीम एवं वृद्धाश्रम के लेखाकार सुधांशु सिंह व पैरामेडिकल स्टाफ सोनपती, राम सुमेर उपस्थित रहे।

### सेवा पर्व पर आयोजित प्रदर्शनी का छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने किया अवलोकन



**अमेठी।** सेवा पर्व के अवसर पर जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व व कृतित्व, न्यू इन्डिया @ 2047 तथा केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं/परियोजनाओं व उपलब्धियों विषयक प्रदर्शनी दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक के लिए सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग लखनऊ द्वारा स्थापित करायी गयी है । जिसका आज सातवें दिन पीएम श्री विद्यालय पचेहरी के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी में केंद्र व प्रदेश सरकार कि विभिन्न विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को बड़े ही आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। ज्ञातव्य है कि यह प्रदर्शनी दिनांक 02 अक्टूबर तक प्रतिदिन आमजन के लिए खुली रहेगी, जहां नागरिक अपनी सुविधा अनुसार विभिन्न योजनाओं की जानकारी हासिल कर सकेंगे।

### जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में अधिकारियों को दिए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश



**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# हास्य, श्रृंगार व समसामयिक गीतों से सजी आरेडिका की सांस्कृतिक संध्या

## हास्य कवि मुकुल महान ने बांधा समां, कवयित्री शिखा श्रीवास्तव, प्रो. डॉ. विनम्र सेन सिंह, योगेश शुक्ल और अरविन्द झा ने किया मंत्रमुग्ध

» राजभाषा पुरस्कार वितरण के साथ हुआ कवि सम्मेलन, हिंदी के गौरव को मिला नया आयाम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लालगंज, रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) के सरस्वती प्रेक्षागृह में सोमवार की शाम काव्य, संस्कृति और सृजनशीलता का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत के साथ हुआ।

राजभाषा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह एवं विशाल कवि सम्मेलन ने न केवल हिंदी भाषा के गौरव को पुनः रेखांकित किया बल्कि श्रोताओं को साहित्यिक रसधारा में भीगो दिया। मुख्य अतिथि आरेडिका महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा एवं महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा आरेडिका की हिंदी त्रैमासिक प्रगति पत्रिका के सितंबर अंक का लोकार्पण किया। सम्मेलन में देशभर के प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी कविताओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

हास्य कवि मुकुल महान ने राजनीति और सामाजिक विसंगतियों पर व्यंग्य करते हुए श्रोताओं को ठहाकों से लोटपोट कर दिया।अरविन्द झा ने चुटीले व्यंग्य बाण चलाकर दर्शकों को गुदगुदाया और सोचने पर विवश किया।सम्मेलन का केंद्रबिंदु रहे प्रतिष्ठित कवि मुकुल महान (हास्य कवि) ने अपनी तीक्ष्ण हास्य रचनाओं से प्रेक्षागृह को ठहाकों से गूँजाया और श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। अरविन्द झा (हास्य कवि) ने चुटीली पंक्तियों से सामाजिक विसंगतियों



पर व्यंग्य साधते हुए दर्शकों को सोचने और हँसने पर मजबूर किया। श्रृंगार कवयित्री शिखा श्रीवास्तव ने प्रेम और सौंदर्य के भावों से सजी कविताओं से ऐसा मोहक वातावरण रचा कि सभागार तालियों से गूँज उठा।

गीतकार योगेश शुक्ला ने अपने मधुर स्वरों में समर्पण और संवेदना के गीत प्रस्तुत किए। प्रो. डॉ. विनम्र सेन सिंह ने समसामयिक मुद्दों को गीतों की शृंखला में बाँधकर समाज की पीड़ा और चेतना का स्वर गूँजाया। कविता और गीतों के बीच आरेडिका की कनिष्ठ लिपिक प्रियंका राणा का एकल नृत्य और बच्चों का समूह नृत्य भी मंच पर रंग बिखेर गया।

कार्यक्रम में आयोजित राजभाषा प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अधिकारियों की निबंध प्रतियोगिता में अनिल कुमार श्रीवास्तव (जनसंपर्क अधिकारी) ने प्रथम, शबीह अहमद (वरिष्ठ यांत्रिक अभियंता) ने द्वितीय तथा मोहित तिवारी (उप मुख्य यांत्रिक अभियंता) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कर्मचारियों की निबंध प्रतियोगिता में हिमांशु द्विवेदी (तकनीशियन), ब्रजेश कुमार (वरिष्ठ अनुभाग अभियंता) एवं राजेश कुमार यादव (तकनीशियन) क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। वाक प्रतियोगिता में हिमांशु द्विवेदी ने प्रथम, शिखा रावत (मुख्य कार्यालय अधीक्षक) ने द्वितीय और भावना (मुख्य कार्यालय अधीक्षक) ने तृतीय स्थान हासिल किया।महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और कहा कि "हिंदी केवल भाषा नहीं, यह हमारी संस्कृति की आत्मा है। इसके संवर्धन और प्रसार में सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।"

इस अवसर पर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चंद, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान वित्त सलाहकार बत्ती लाल मीना, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अष्टानंद पाठक, राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन सहित आरेडिका महिला कल्याण संगठन की सदस्याएँ एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की भव्यता और कवियों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने सरस्वती प्रेक्षागृह को देर रात तक झंकृत रखा और यह आयोजन हिंदी साहित्य एवं राजभाषा की समृद्ध परंपरा का जीवंत उदाहरण बन गया।

# आरेडिका में पांच दिवसीय खेलों का महाकुंभ संपन्न, प्रतिभाओं ने दिखाया जुनून

## बी.एल. मीना और ओलंपियन सुधा सिंह ने विजेताओं को किया सम्मानित

» छह दिवसीय प्रतियोगिताओं में तैराकी से शतरंज तक खिलाड़ियों ने मचाई धूम

» पूजा पाल व चन्दन यादव बने तैराकी के सितारे, नन्दन प्रसाद की टीम ने रिले में मारी बाजी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लालगंज, रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) रायबरेली में 18 सितम्बर से प्रारंभ हुई छह दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का 23 सितम्बर को भव्य समापन हुआ। आरेडिका खेलकूद संघ के तत्वावधान और संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान वित्त सलाहकार बी.एल. मीना के नेतृत्व में आयोजित इस महोत्सव में प्रतिभागियों ने खेल भावना और जुझारूपन



का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में साइकिल रैली, पैदल चाल, तैराकी और शतरंज मुख्य आकर्षण रहे। तैराकी में महिला वर्ग में पूजा पाल प्रथम, सुमन मिश्रा द्वितीय और सोनी कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग में चन्दन यादव ने स्वर्ण, सुनील कुमार सिंह ने रजत और नन्दन प्रसाद ने कांस्य पदक हासिल किया। रिले तैराकी में नन्दन प्रसाद की टीम विजेता रही और दर्शकों की तालियां बटोरीं। शतरंज प्रतियोगिता का रोमांच अंतिम दिन चरम पर पहुंचा। अजय वर्धन, विजय कुमार, प्रभु कुमार सिंह और रामबाबू शर्मा ने सेमीफाइनल तक अपनी रणनीति और बुद्धिमत्ता का लोहा मनवाया, जिसके बाद निर्णायक मुकाबले में विजेताओं ने फाइनल का ताज अपने नाम किया।

समापन अवसर पर आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष बी.एल. मीना तथा ओलंपियन, पद्मश्री एवं अर्जुन पुरस्कार प्राप्त खेल अधिकारी सुधा सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, स्वास्थ्य और स्वच्छता का आधार भी हैं। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आर.एन. तिवारी ने बताया कि इस महोत्सव को सफल बनाने में खेलकूद संघ के सचिव अरविन्द कुमार, संयुक्त सचिव अमरजीत कुमार एवं पंकज राय सहित संघ के सभी सदस्य और कर्मचारियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

### अयोध्या नगरी सा दृश्य: राम जन्मोत्सव से गूंज उठा सलोन



» श्री गदाधारी आदर्श रामलीला मंडली के मंचन ने श्रद्धालुओं को कराया अयोध्या का सजीव अनुभव

**सलोन, रायबरेली।** सलोन में आयोजित रामलीला की धरा को उस क्षण की साक्षी बनी, जब अयोध्या के राजमहल की पावन आंगन-झांकी में पुरुषोत्तम श्रीराम सहित चारों भाइयों के जन्म का अलौकिक दृश्य सजीव हुआ। ढोल, ताशे और नगाड़ों की गूंज के बीच जैसे ही भगवान राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न ने अवतार लिया, पूरा रामलीला परिसर "जय श्रीराम" के जयकारों से गूंज उठा। श्री गदाधारी आदर्श रामलीला मंडली द्वारा चल रहे 11 दिवसीय महोत्सव के अंतर्गत अयोध्या से आए कलाकारों ने राम जन्मोत्सव का मंचन कर ऐसा दृश्य उपस्थित किया, मानो दर्शक स्वयं त्रेता युग में पहुंच गए हों। मंचन में राजा दशरथ की पुत्र-प्राप्ति की व्यथा, गुरु वशिष्ठ द्वारा श्रृंगी ऋषि से कराए गए यज्ञ तथा यज्ञ देव द्वारा प्रदत्त प्रसाद से चारों राजकुमारों का जन्म—इन सबको इतनी जीवंतता से प्रस्तुत किया गया कि दर्शक भाव-विभोर हो उठे। राजा दशरथ, गुरु वशिष्ठ और बालराम की झांकी ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे ही राम का बालरूप मंच पर प्रकट हुआ, महिलाओं की आंखों से श्रद्धा-स्निग्ध आंसू छलक पड़े और पूरा वातावरण राममय हो गया। दुर्गापूजा कमेटी के अध्यक्ष मुरारी लाल साहू ने बताया कि रामलीला मंचन का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की सत्य पर विजय और धर्म पालन का संदेश समाज तक पहुंचाना है।

### महिलाओं की भूमिका हर क्षेत्र में अग्रणी : दीपिका सिंह



**सलोन,रायबरेली।** नगर पंचायत क्षेत्र के पूर्व कन्या माध्यमिक विद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित जागरूकता शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि तहसीलदार दीपिका सिंह ने किया।उन्होंने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। जागरूकता शिविर को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शिविर का उद्देश्य बालिका बचाओ, बालिका शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण योजनाएं और लैंगिक समानता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर समाज को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। महिलाएं देश भर में अपनी अग्रणी भूमिका और भागीदारी निभा रही हैं, चाहे देश की राष्ट्रपति हों या जिलाधिकारी, महिलाएं हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने विद्यालय की छात्राओं से कहा कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने लक्ष्य को हासिल करने में अग्रणी हों। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य नागार्जुन प्रसाद गुप्ता, माधुरी मौर्य, ठाकुर प्रसाद मौर्य, और रूपल कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की। वक्ताओं ने बालिकाओं को शिक्षित करने को समाज के समग्र विकास के लिए अनिवार्य बताया और सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला कल्याण योजनाओं की जानकारी दी। समाजसेवी सुनील साहू, पूर्व सभासद इसरार हैदर रानू, दिनेश कौशल, अजय रस्तोगी, प्रधानाचार्या साधना शर्मा, शिक्षक दिनेश कुमार अग्रहरी व अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

### मां आनन्दी कृपा धाम पर 25वीं रामलीला का आयोजन , कलाकारों की याद में उमड़ा जनसमूह



**डलमऊ,रायबरेली।** डलमऊ तहसील क्षेत्र के घुरवारा स्थित मां आनन्दी कृपा धाम पर 25वीं रामलीला का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन दिवंगत पूर्व कलाकारों की स्मृति को समर्पित रहा, जिसमें श्रद्धा और परंपरा का अद्भुत संगम दिखाई दिया। रामलीला कमेटी घुरवारा तथा क्षेत्रीय ग्रामवासियों के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम में दिवंगत कलाकारोंस्व. रामशंकर त्रिपाठी, स्व. भगवान दीन प्रजापति, स्व. राधेश्याम मौर्य और स्व. भगौती प्रसाद सैनीको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मंचन के दौरान सभी दर्शकों का कमेटी की ओर से हार्दिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मातृभूमि सेवा मिशन परिवार इकाई के संयोजक प्रदीप पांडेय ने फीता काटकर किया। संरक्षक समाजसेवी रामराज गिरी,रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर देवेंद्र नाथ मिश्रा, रामानुज मिश्रा, ने रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों, सदस्यों और कलाकारों को अंगवस्त्रम और प्रतीक चिन्हभेंट किया।इस अवसर पर गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने वालों में फौजी ऋषि मौर्य, जे.पी. सिंह, रामआधार मौर्य, रविशंकर मौर्य, रविशंकर प्रजापति, गुरु प्रसाद और अभिलाष सैनी प्रमुख रहे। धार्मिक वातावरण में संपन्न हुए इस आयोजन में श्रद्धालु जनों ने न सिर्फ रामलीला मंचन का आनंद लिया, बल्कि इसे अपनी सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण का संकल्प भी माना।

### धूमधाम से मनाई गई महाराजा अग्रसेन जयंती

**लालगंज, रायबरेली।** नगर के बाईपास रोड स्थित डिवाइन लाइट इंग्लिश स्कूल में मंगलवार को महाराजा अग्रसेन जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं हवन पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक अनिल गुप्ता, व्यापारी नेता आर.बी. वैश्य, राजकुमार गुप्ता, सुरेंद्र कुमार गुप्ता और उमेश चंद ने महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे न्यायप्रिय शासक और समाजवाद के प्रवर्तक थे।वक्ताओं ने बताया कि अग्रसेन जी ने अग्रवाल समाज की स्थापना की और एक ईंट, एक रुपया की अनूठी परंपरा की शुरुआत की, जिससे नए परिवारों को समाज में बसने में सहूलियत मिलती थी। वे अहिंसा, उदारता व भाईचारे के प्रतीक थे। उन्होंने कृषि और व्यापार को बढ़ावा दिया तथा समानता का संदेश दिया। अग्रवाल समाज का आदिपुरुष और आदर्श समाज निर्माता माना जाता है।

# सोलर लाइट लगते ही जगमग हुआ अहोरवा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** विकास खंड सिंहपुर मुख्यालय स्थित अहोरवा भवानी के देवीगंज मुख्य चौराहे पर अमेठी के पूर्व सांसद राहुल गांधी द्वारा अपने सांसद निधि से वर्ष 2019 में सोलर पैनल लाइट स्थापित कर आमजन मानस को प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध करायी गई थी। रात्रि में सोलर लाइट के प्रकाश से स्थानीय दुकानदारों सहित आने-जाने वाले तमाम राहगीरों को भी इसका भरपूर फायदा मिल रहा था। लेकिन काफी समय से मुख्य चौराहे की ये सोलर लाइट खराब पड़ी हुई थी। जिसका संज्ञान लेकर स्थानीय दुकानदारों व लोंगो ने मात्र कुछ दिन पहले ही इस समस्या को क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमेठी प्रदीप सिंघल को अवगत कराया था। श्री सिंघल ने तत्काल



प्रकाश व्यवस्था की इस समस्या को गंभीरता पूर्वक लेते हुए काफी समय से बंद पड़े सोलर पैनल लाइट को नये सिरे से नवीनीकरण कर जनहित में प्रकाश व्यवस्था बहाल करा दिया है।

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर चौराहा एक बार फिर से जगमग होने की खुशी में इस नेक कार्य की सभी जमकर सराहना कर रहे हैं। महेश चन्द्र शुक्ला, करुनेश दीक्षित, दिनेश गुप्ता, दिलीप यज्ञसैनी, नरेंद्र कुमार आदि स्थानीय दुकानदारों व ग्रामीणों ने अमेठी सांसद किशोरीलाल शर्मा और कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमेठी प्रदीप सिंघल का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष चन्द्र मोहन तिवारी,रामचन्द्र पांडेय, शैलेश मौर्या, विनय सरोज, राजकुमार शुक्ला, शिवबरन पासी आदि उपस्थित रहे।

# गदागंज में मां दुर्गा की आराधना का भक्तिमय उत्सव

» झांकियों, कथा वाचन व कीर्तन से श्रद्धालुओं में भक्ति की मची धूम, मां के जयकारों से गूंज

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**गदागंज, रायबरेली।** शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर जिले के गदागंज, गौरा, कुरौली और आस-पास के गांवों में माता दुर्गा की भव्य आराधना और पूजा का आयोजन हो रहा है। श्रद्धालुओं ने मां की सुंदर प्रतिमाओं को सजाकर पूरे भक्ति भाव से पूजा-अर्चना, आरती और प्रसाद वितरण किया, जिससे वातावरण में दिव्य ऊर्जा का संचार हो गया।

जमुनापुर में सजाई गई मां की झांकी श्रद्धालुओं का मन मोह रही है और उनके हृदय में भक्ति की गहरी अनुभूति उत्पन्न कर रही है। कथावाचक राजेश निर्मोही (सुल्तानपुर) द्वारा देवी भागवत की कथा सुनाई जा रही है, जो भक्तों में भक्ति और श्रद्धा की गंगा बहा रही है। कथा के



माध्यम से श्रद्धालुओं को जीवन में धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक समर्पण का संदेश प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर जमुनापुर व्यापार मंडल अध्यक्ष व कमेटी अध्यक्ष अजय सिंह राठौर, राकेस नारायण मिश्र (पूर्व अध्यक्ष), जीतू सिंह (प्रधान), विजय शंकर वैश्य, रामकिशोर दुबे, रविधर मिश्र, विवेक कुमार मिश्र सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर भक्ति भाव से मां का स्मरण किया और कार्यक्रम को अत्यंत सफल बनाया।

अजय सिंह राठौर ने बताया कि 24 सितंबर (बुधवार) को रायबरेली के राजू रंगीला और बाराबंकी की ज्योति कमल के बीच जबाबी कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। देवी भागवत की कथा का आयोजन एक सप्ताह तक प्रतिदिन शाम आठ बजे से रात दस बजे तक होगा, जिससे श्रद्धालु पूरी तरह भक्ति रस में लीन रहेंगे और आध्यात्मिक अनुभूति का आनंद प्राप्त करेंगे।

### आदर्श शिक्षक के रूप में थी स्व. नरेन्द्र बहादुर सिंह की पहचान

**अमेठी।** प्राथमिक विद्यालय तिलोई (प्रथम) में 1980 के दशक में आदर्श शिक्षक रहे, 23 सितम्बर 1989 को उनका आकस्मिक निधन हो गया था। नरेन्द्र सिंह जन सेवा समिति-तिलोई के द्वारा,स्व० नरेन्द्र बहादुर सिंह की पुण्य तिथि पर कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला,तिलोई-अमेठी में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य-अतिथि शिक्षक नेता धीरेन्द्र प्रताप सिंह, एवं अध्यक्षता रन्जू सिंह, अध्यक्ष, नरेन्द्र सिंह जन सेवा समिति, तिलोई ने किया। सर्व प्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। सभी उपस्थित शिक्षक/शिक्षिकाओं स्व० नरेन्द्र सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित किया। धीरेन्द्र प्रताप सिंह-जिलाध्यक्ष ने अपने पूज्य पिताजी स्व० नरेन्द्र सिंह जी की पुण्य स्मृति में एवं अध्यक्ष रन्जू सिंह ने अपने पूज्य श्वसुर की पुण्य तिथि में विद्यालय परिसर में अशोक का पेड़ लगाकर वृक्षारोपण भी किया।

**कार्यक्रम** आयुर्वेद दिवस व आयुष्मान भारत दिवस पर एम्स में ज्ञान, सेवा और संस्कार का अनूठा उदाहरण

# आयुर्वेद जीवनशैली सुधार का सबसे सशक्त साधन : डॉ. अमिता जैन

» एम्स में आधुनिक चिकित्सा के साथ आयुर्वेद की समन्वित दिशा तय : डॉ. नीरज श्रीवास्तव

**रितेश श्रीवास्तव**

**मुंशीगंज, रायबरेली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रायबरेली मे आयुर्वेद दिवस एवं आयुष्मान भारत दिवस बड़े ही विधिवत और उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। आयोजन का केंद्र संस्थान की पुरानी ओपीडी स्थित आयुर्वेद विभाग रहा, जहाँ शस्त्र, शास्त्र, देव, औषधि और आहार पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

नव नियुक्त निदेशक डॉ. अमिता जैन ने दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान धन्वंतरि पर पुष्प अर्पित कर समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खराब जीवनशैली से उपजे रोग आज सबसे बड़ी चुनौती हैं, ऐसे में आयुर्वेद चिकित्सा न केवल इनका निदान कर रही है बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवन की दिशा भी दिखा रही है।

आयुर्वेद विभाग के प्रमुख चिकित्सक डॉ. हरि कृष्ण पारीक ने बताया कि बीते एक वर्ष में विभाग ने लगभग 10 हजार मरीजों का सफल उपचार किया है। इनमें थायराइड, गठिया, पेट संबंधी विकार, बीपी, शुगर, हृदय रोग, लिवर और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियाँ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि "यदि खानपान सही है तो स्वास्थ्य भी स्वतः उत्तम रहेगा।

अपर चिकित्सा अधीक्षक एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीरज श्रीवास्तव ने भी आयुर्वेद चिकित्सा




की महत्ता पर बल देते हुए कहा एम्स रायबरेली आधुनिक चिकित्सा के साथ आयुर्वेद को जोड़कर स्वास्थ्य सेवाओं की नई दिशा तय कर रहा है। मरीजों को समग्र चिकित्सा दृष्टिकोण देने का यही हमारा संकल्प है।

कार्यक्रम के अंत में रुद्राक्ष, सर्पगंधा और अपराजिता जैसे औषधीय पौधों का वृक्षारोपण किया गया, जो आयुर्वेद के जीवनदायी स्वरूप का प्रतीक बना।

इस अवसर पर उप निदेशक अखिलेश सिंह, वित्तीय अधिकारी कर्नल राय, नर्सिंग प्राचार्य नरेंद्र चौधरी, प्रशासनिक अधिकारी बाल योगेश्वर, डॉ. श्रुति सिन्हा, डॉ. पदमा, डॉ. आकाश, डॉ. विकास, डॉ. तरुण छबड़ा, पुनीत मौर्य सहित एम्स के चिकित्सकगण, स्टाफ और व्यापार मंडल के अध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कठौरा व जगदीशपुर में एक दिवसीय नि:शुल्क रोजगार मेले का आयोजन 24 को

**अमेठी।** जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, अमेठी एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कठौरा जगदीशपुर अमेठी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला दिनांक 24 सितम्बर, प्रातः 10:30 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कठौरा जगदीशपुर, अमेठी में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि मेले में पुखराज हेल्थ केयर एवं एस.आई.एस. सिक्योरिटी गार्ड कंपनियाँ प्रतिभाग करेंगी। रोजगार मेले में 12वीं, स्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण तथा अन्य तकनीकी योग्यताधारक अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर अपनी योग्यता के अनुरूप कंपनी में आवेदन कर सकते हैं।

## एक नजर

### त्योहारों का जश्न टेक्नो पोवा 7 5G के साथ



**लखनऊ।** इस दिवाली, टेक्नो मोबाइल अपने नए पोवा 7 5G स्मार्टफोन्स के साथ ग्राहकों के लिए शानदार ऑफ़र लेकर आया है। 22 सितंबर 2025 से फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज़ सेल के दौरान ये डिवाइस बेहद आकर्षक कीमतों पर उपलब्ध होंगे। टेक्नो और फ्लिपकार्ट मिलकर इस त्योहार को स्मार्ट, रोशन और यादगार बनाने का अनुभव दे रहे हैं। पोवा 7 5G सीरीज़ अपने मल्टी-फ़ंक्शनल डेल्टा लाइट इंटरफ़ेस से खास है, जिसमें एलईडी लाइट्स म्यूज़िक, कॉल, वॉल्यूम और नोटिफिकेशन पर चमकती हैं। 6000mAh की दमदार बैटरी 45W फ़ास्ट चार्जिंग के साथ लंबे समय तक ऊर्जा देती है। 144Hz स्मूथ डिस्प्ले और D7300 अल्टीमेट प्रोसेसर यूज़र्स को अल्ट्रा-स्मूथ परफॉर्मेंस का अनुभव कराते हैं। इसमें भारतीय भाषाओं का सपोर्ट और Ella AI की मदद से स्मार्ट कनेक्टिविटी भी मिलती है। पोवा 7 (8+128GB) केवल 11,499 और पोवा 7 प्रो (8+256GB) 16,499 में फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध है। इस दिवाली, केवल स्मार्टफोन नहीं, बल्कि टेक्नो का अनुभव अपने घर लाएँ और त्योहार को और भी यादगार बनाएँ।

### गेहूं-चना बेस्ड प्रोडक्ट बनाने वाली गणेश कंज्यूमर का IPO



मुंबई। 1936 में कोलकाता के बुर्रा बाजार में एक छोटी रिटेल दुकान से शुरू हुई गणेश कंज्यूमर प्रोडक्ट्स अब अपना IPO लेकर आई है। 22 सितंबर को खुला आईपीओ पहले दिन 12% सब्सक्राइब हुआ। रिटेल निवेशक इस इश्यू के लिए 24 सितंबर तक बोली लगा सकते हैं। गणेश कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने IPO का प्राइस बैंड ₹306 से ₹322 तय किया है। रिटेल निवेशक मिनिमम एक लॉट यानी 46 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं। इसके लिए 14,812 रुपए निवेश करने होंगे। वहीं मैक्सिमम 13 लॉट के लिए अप्लाई किय जा सकता है। शुरुआत में ये कंपनी गणेश' ब्रांड के तहत आटा बेचती थी। एक पुरानी मिल के अधिग्रहण के साथ कंपनी की ऑफिशियल स्थापना 9 मार्च 2000 को कोलकाता में हुई। कंपनी के MD मनीष मिमानी बताते हैं कि बंगाल में चना बेस्ड प्रोडक्ट और चना सत्तू में हम पहले नंबर पर हैं।

### वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज से ऋषभ पंत बाहर

भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत आगामी दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज में वेस्टइंडीज के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। यह सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी। भारतीय चयनकर्ताओं की बैठक 24 सितंबर को होने वाली है, जिसमें अजित अगरकर की अगुआई वाली समिति इस सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी। इस टीम में पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए घरेलू टेस्ट मुकाबलों की तुलना में दो खिलाड़ी कम होंगे।

# मैदान पर चमके अर्जुन, द्रविड़ की उम्मीदों पर फेर दिया पानी

एजेंसी



**कर्नाटक।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ ने लंबे समय तक एक ही टीम के लिए ढेर सारे इतिहास रचे. अब दोनों ही दिग्गजों के पुत्र क्रिकेट मैदान पर अपना झंडा गाड़ने के लिए तैयारियों में जुटे हैं. इसी बीच जूनियर तेंदुलकर और द्रविड़ का एक मैच में आमना-सामना हुआ, जहां अर्जुन ने बाजी मारते हुए समित को फंसा लिया. के. थिमप्पिया मेमोरियल टूर्नामेंट में गोवा की टीम के लिए खेलने वाले अर्जुन तेंदुलकर ने कर्नाटक की टीम के समित द्रविड़ का विकेट लेकर मैच को खास बना दिया.

समित द्रविड़ ने अपनी 26 गेंदों की पारी में 9 रन बनाए और इस दौरान दो शानदार चौके जड़े. एक शॉट लॉन्ग ऑफ की ओर गया जबकि दूसरा कवर्स में. लेकिन उनकी पारी का अंत अर्जुन तेंदुलकर के शिकार के रूप में हुआ. समित को काशब बाकले ने कैच पकड़कर आउट किया. दोनों ही खिलाड़ी क्रिकेट वर्ल्ड में अपनी जगह बनाने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं. हालांकि बीते दिन अर्जुन का पलड़ा भारी रहा.

**करुण नायर फिर हुए फेल**

इस टूर्नामेंट में कर्नाटक के कुछ प्रमुख घरेलू खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिनमें हाल ही में इंग्लैंड का दौरा करने वाले करुण नायर और प्रसिद्ध कृष्णा भी शामिल हैं. ऐसे मैच युवा खिलाड़ियों को अपनी तकनीक और मानसिक तैयारी सुधारने का अवसर देते हैं. इस साल यह टूर्नामेंट आगामी 2025-26 रणजी ट्रॉफी सीजन की तैयारी के रूप में भी आयोजित किया गया है, जिससे खिलाड़ियों को फॉर्म और फिटनेस का आकलन करने का मौका मिलता है. हालांकि इंग्लैंड दौरे के बाद करुण यहां भी असफल रहे और केवल 3 रन बनाकर आउट हो गए.

मैच का हाल


वहीं मैच की बात करें, तो कर्नाटक ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 8 विकेट पर 245 रन बनाए. कृतिक कृष्णा क्रीज पर 89 रन बनाकर हैं, जबकि लोचन गौड़ा ने 88 रन जोड़े. वहीं गोवा की टीम के लिए अर्जुन तेंदुलकर सबसे सफल गेंदबाज रहे, उन्होंने 3 विकेट लिए. इससे पहले गोवा ने पहली पारी में 338 रन बनाए, जिसमें ललित यादव 113 रन बनाकर नाबाद रहे और अभिनव तेजराणा ने 88 रन जोड़े. यहां पर अर्जुन तेंदुलकर ने 9 रन बनाए, जबकि समित द्रविड़ ने 2 विकेट लिए.

### दिनेश कार्तिक बने टीम इंडिया के कप्तान, अब इस टूर्नामेंट में दिखाएंगे आक्रामक और रोमांचक क्रिकेट

पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक को आगामी हॉन्गकॉन्ग सिक्सेस 2025 ) के लिए भारत टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है. यह रोमांचक शॉर्ट फॉर्मेट टूर्नामेंट 7 नवंबर से शुरू होगा. कार्तिक अपने अंतर्राष्ट्रीय अनुभव, तेजतर्रार बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं. उनके कप्तानी में टीम इंडिया का प्रदर्शन उत्साही और आक्रामक दिखाने की उम्मीद है. टूर्नामेंट आयोजकों ने भी उनके चयन पर खुशी जताई है और माना है कि कार्तिक की उपस्थिति न केवल प्रतियोगिता को और रोमांचक बनाएगी बल्कि दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों को आकर्षित करेगी. दिनेश कार्तिक की कप्तानी में टीम इंडिया को हॉन्गकॉन्ग सिक्सेस में नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है. कार्तिक ने अपने क्रिकेट करियर में टी20, वनडे और टेस्ट क्रिकेट में कई यादगार प्रदर्शन दिए हैं. कार्तिक की कप्तानी शैली में साहस और आक्रामकता दोनों देखने को मिलती है. उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में टीम इंडिया की कप्तानी कर रहा हूं. हम दर्शकों को रोमांचक और निडर क्रिकेट दिखाने का प्रयास करेंगे. उनके अनुभव और रणनीतिक सोच से टीम का मनोबल और प्रदर्शन दोनों मजबूत होंगे.



## छह साल बाद CAB अध्यक्ष बने सौरव गांगुली :बोले- ईडन गार्डन्स की क्षमता 1 लाख तक बढ़ाने का लक्ष्य



एजेंसी

**नई दिल्ली।** सौरव गांगुली 6 साल बाद क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (CAB) के अध्यक्ष बन गए हैं। कोलकाता में हुई 94वीं वार्षिक बैठक में उन्हें निर्विरोध चुना गया। अपने कार्यकाल में गांगुली ने ईडन गार्डन्स स्टेडियम की दर्शक क्षमता 1 लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। अभी यह 68 हजार है। इसके लिए आगामी टी-20 वर्ल्ड कप के बाद काम शुरू होगा। गांगुली के मुताबिक उनकी कोशिश रहेगी कि इस मेगा इवेंट में कोलकाता को बड़े मैचों की मेजबानी भी मिले। गांगुली इससे पहले 2015 से 2019 के बीच भी संघ के अध्यक्ष रहे हैं।

**2019 से 2022 तक BCCI के अध्यक्ष रहे-** इससे पहले भी गांगुली 2015 से 2019 तक CAB अध्यक्ष रह चुके हैं। इसके बाद वह 2019 से 2022 तक BCCI अध्यक्ष रहे। तब से वे टी-20 फ्रेंचाइजी सर्किट में कई टीमों के साथ जुड़े रहे हैं। वे 2021 में ICC मेंस क्रिकेट कमेटी के अध्यक्ष बने थे। उन्हें अनिल कुंबले की जगह इस पद पर नियुक्त किया गया था।

गांगुली कोच चुनने वाली समिति का भी हिस्सा थे। 2017 में रवि शास्त्री को मुख्य कोच चुनने वाली क्रिकेट सलाहकार समिति (CAC) में गांगुली सदस्य थे, जिसमें सचिन तेंदुलकर और वीवीएस लक्ष्मण भी शामिल थे। हाल ही में गांगुली SA20 के चौथे सीजन के लिए प्रिटोरिया कैपिटल्स के हेड कोच बने हैं। वह पिछले सप्ताह SA20 की नीलामी में भी मौजूद थे। यह किसी टी-20 फ्रेंचाइजी टीम के हेड कोच के रूप में उनका पहला कार्यकाल है। वह IPL में दिल्ली कैपिटल्स (DC) के मेंटर भी रह चुके हैं।

**गांगुली का क्रिकेट करियर लगभग 16 साल का रहा**

गांगुली ने 1992 में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे डेब्यू किया और 1996 में इंग्लैंड के लॉर्ड्स मैदान पर टेस्ट डेब्यू करते हुए 131 रन की शानदार पारी खेली। गांगुली ने अपने इंटरनेशनल करियर में 113 टेस्ट मैचों में 7,212 रन और 311 वनडे में 11,363 रन बनाए। उन्होंने टेस्ट में 16 और वनडे में 22 शतक जड़े। उनका वनडे में बेस्ट स्कोर 183 रन रहा, जो उन्होंने 1999 वर्ल्ड कप में श्रीलंका के खिलाफ बनाया था।


## रुपया रिकॉर्ड ऑल टाइम लो पर आया : डॉलर के मुकाबले 10 पैसे गिरकर 88 .49 पर पहुंचा, विदेशी सामान महंगे

एजेंसी

**मुंबई।** रुपया आज (23 सितंबर) डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। सुबह के कारोबार में रुपया 88.49 तक लुढ़क गया, जो दो हफ्ते पहले के ऑल टाइम लो (88.46) को पार कर गया।

सुबह रुपया 10 पैसे की गिरावट के साथ 88.41 प्रति डॉलर पर खुला। सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे की गिरावट के साथ 88.31 पर बंद हुआ था। ये गिरावट तब हुई जब एशियाई बाजारों में डॉलर में थोड़ी सी कमी आई थी।

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, रुपए में इस गिरावट की वजह एशियन करेंसी की कमजोरी और अमेरिकी डॉलर का मजबूत होना है। ऊपर से अमेरिकी टैरिफ और H1B वीजा फीस बढ़ाकर 1 लाख डॉलर किया जाना है। इस वजह से रुपए पर दोहरी मार पड़ी है।



**2025 में अब तक रुपया 3.25% कमजोर हुआ**

रुपया 2025 में अब तक 3.25% कमजोर हो चुका है। 1 जनवरी को रुपया डॉलर के मुकाबले 85.70 के स्तर पर था, जो अब 88.49 के लेवल पर पहुंच गया है। करेंसी एक्सपर्ट्स का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई नीतियां भी रुपये पर भारी पड़ रही हैं।

हाल ही में अमेरिकी प्रशासन ने भारतीय गुड्स पर टैरिफ बढ़ाया है और H1B वीजा फीस 1 लाख डॉलर कर दी है। इससे न सिर्फ भारत के एक्सपोर्ट कॉस्ट बढ़े हैं बल्कि IT सेक्टर पर भी सीधा असर पड़ सकता है।

**इम्पोर्ट करना महंगा होगा**

रुपए में गिरावट का मतलब है कि भारत के लिए चीजों का इम्पोर्ट महंगा होना है। इसके अलावा विदेश में घूमना और पढ़ना भी महंगा हो गया है। मान लीजिए कि जब डॉलर के मुकाबले रुपए की वैल्यू 50 थी, तब अमेरिका में भारतीय छात्रों को 50 रुपए में 1 डॉलर मिल जाता था। अब 1 डॉलर के लिए छात्रों को 88.49 रुपए खर्च करने पड़ेंगे। इससे फीस से लेकर रहना-खाना और अन्य चीजें महंगी हो जाएंगी।

## सोना 2159 महंगा होकर 1.14 लाख पार :चांदी की कीमत भी 2398 बढ़ी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम एक बार फिर नए हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2159 रुपए बढ़कर 1,14,314 पर पहुंच गया है।

कल सोना 1,12,155 के ऑल टाइम हाई पर था। वहीं, चांदी भी 2398 रुपए महंगी होकर 1,35,267 रुपए पहुंच गई। कल इसका भाव 1,32,869 रुपए प्रति किलोग्राम के ऑल टाइम हाई पर था।

**इस साल सोना 38,152 और चांदी 49,250 महंगी हुई**

इस साल अब तक सोने की कीमत करीब 38,152 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,14,314 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 49,250 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,35,267 रुपए प्रति किलो हो गई है।



वैश्विक अनिश्चितताः ट्रम्प के टैरिफ प्लान और व्यापार युद्ध के डर से निवेशक सोने को सुरक्षित मानकर खरीद रहे हैं। केंद्रीय बैंकों की खरीदः चीन और रूस जैसे देश बड़ी मात्रा में सोना खरीद रहे हैं, जिससे मांग बढ़ी है। रूस-यूक्रेन के युद्ध खत्म न होने से अस्थिरता से लोग सोने में निवेश बढ़ा रहे हैं।

## सेल्सफोर्स और ओरा फाईन ज्वेलरी ने एआई-आधारित पर्सनालाईज़ेशन द्वारा ज्वेलरी रिटेल में परिवर्तन की शुरुआत की

एजेंसी


**मुंबई।** नं. 1 एआई सीआरएम, सेल्सफोर्स और सन 1888 से काम कर रही कंपनी एवं भारत की प्रमुख डायमंड ज्वेलरी कंपनी, ओरा ने आज मिलकर 'ओरा कनेक्टेड' का लॉन्च किया। इस अभियान के अंतर्गत कंपनी सभी चैनलों में इंटीग्रेटेड और व्यक्तिगत ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन में तेजी लेकर आएगी। ओरा कनेक्टेड के अंतर्गत ब्रांड द्वारा एजेंटफोर्स, सेल्स क्लाउड, सर्विस क्लाउड, मार्केटिंग क्लाउड और टेबलो की मदद से अपने डिजिटल और फिज़िकल स्टोर्स को कनेक्ट किया जाएगा, जिससे ग्राहकों के साथ जुड़ाव मजबूत होगा तथा सभी चैनलों में व्यक्तिगत ग्राहक अनुभव सुनिश्चित प्राप्त हो सकेगा। इससे ऑपरेशनल एफिशियंसी आएगी और सेल्स में वृद्धि होगी। 'ओरा कनेक्टेड' में एआई और ऑटोमेशन का उपयोग करके मल्टी-सेंसरी ज्वेलरी रिटेल अनुभव में सुधार लाया जाएगा। ओरा द्वारा 90 से अधिक स्टोर्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के 30 लाख से अधिक ग्राहकों के डेटा को एकीकृत किया जाएगा, ताकि कार्ययोग्य जानकारी प्राप्त होकर परफॉर्मेंस मार्केटिंग में सुधार लाया जा सके और सुझावों को हर ग्राहक के अनुरूप अनुकूलित किया जा सके। इस व्यवहारिक दृष्टिकोण से ग्राहकों का 360 डिग्री व्यू प्राप्त होगा, लीड्स व्यवस्थित होंगी तथा खरीद के बाद ग्राहकों से जुड़ाव विकसित होकर ग्राहकों की निष्ठा और दोबारा खरीदारी को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।



इस परिवर्तन के अंतर्गत ओरा द्वारा मार्केटिंग के पारंपरिक तरीकों को फुल-फनल फ्लाईवे रणनीति में बदलकर सेल्स, मार्केटिंग और सर्विस में तालमेल स्थापित किया जा रहा है। ओरा यह इनोवेटिव दृष्टिकोण अपनाने वाले अपनी श्रेणी के पहले ब्रांडों में से एक है। हर ग्राहक व्यवहार में इंटैलिजेंस को शामिल करके ओरा द्वारा स्टोर पर हो या ऑनलाईन, हर ग्राहक के साथ हर बातचीत को ज्यादा उपयोगी और अपनी विरासत को प्रतिबिंबित करने वाला बनाया जा रहा है।

## इमरान हाशमी-यामी गौतम की फिल्म 'हक' का टीजर रिलीज

### 7 नवंबर को सिनेमाघरों में दिखेगी शाह बानो केस पर आधारित कहानी



एक्टर इमरान हाशमी और यामी गौतम जल्द फिल्म 'हक' में नजर आएंगे। यह फिल्म मोहम्मद अहमद खान बनाम शाह बानो बेगम केस पर आधारित है। फिल्म का टीजर आज जारी किया गया है। वहीं, यह फिल्म 7 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का डायरेक्शन सुपर्ण एस. वर्मा ने किया है। वहीं, इसको रेशु नाथ ने लिखा है। यह फिल्म जंगली पिक्चर्स, इनोसम्निया फिल्म्स और बावेजा स्टूडियोज के सहयोग से बनाई गई है। यह फिल्म पर्सनल लॉ और सेक्युलर लॉ के बीच बहस पर आधारित है। यह जिग्ना वोरा की किताब 'बानो : भारत की बेटी' पर आधारित एक काल्पनिक कहानी है। शाह बानो ने 1980 के दशक में पुरुष प्रधान समाज में अपने हक के लिए लड़ाई लड़ी थी। आज भी यह सवाल प्रासंगिक है कि क्या न्याय सभी के लिए समान होना चाहिए और क्या समान नागरिक संहिता (UCC) होनी चाहिए। फिल्म में यामी गौतम धर एक मुस्लिम महिला की भूमिका निभा रही हैं। वह अपने बच्चों और अपने हक के लिए धारा 125 के तहत कोर्ट में बड़ी लड़ाई लड़ती हैं। वहीं, इमरान हाशमी फिल्म में वकील की भूमिका में हैं। फिल्म में शीबा चड्ढा, दानिश हुसैन और असीम हट्टंगडी जैसे कलाकार भी हैं। जंगली पिक्चर्स ने इससे पहले 'राजी', 'तलवार' और 'बधाई दो' जैसी फिल्में बनाई हैं। फिल्म के डायरेक्टर सुपर्ण एस. वर्मा ने 'सिर्फ एक बंदा काफी है', 'द फैमिली मैन', 'राणा नायडू' जैसे प्रोजेक्ट्स का डायरेक्शन किया है।





71वीं नेशनल फिल्म अवॉर्ड सेरेमनी

## शाहरुख खान-विक्रांत मैसी को बेस्ट एक्टर, रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड

नेशनल फिल्म अवॉर्ड सेरेमनी मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में शुरू हो गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सभी विजेताओं को अवॉर्ड से सम्मानित कर रही हैं। वैभवी मर्चेंट को फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के गाने ढिंढोरा बाजे के लिए बेस्ट कोरियोग्राफी का अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सान्या मल्होत्रा स्टारर फिल्म कटहल बेस्ट हिंदी फिल्म रही, जिसके लिए फिल्म के डायरेक्टर यशोवर्धन मिश्रा ने ये अवॉर्ड लिया। वहीं, रानी मुखर्जी ने भी बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड जीता है। नेशनल फिल्म अवॉर्ड-2023 की अगस्त में घोषणा की गई थी।





रानी मुखर्जी साड़ी में अवॉर्ड लेने पहुंचीं- रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेस चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिया है। एक्ट्रेस ट्रेडिशनल लुक में द्रौपदी मुर्मू से अवॉर्ड लेने पहुंचीं।

**शिल्पा राव को बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर का अवॉर्ड**

फिल्म जवान के गाने चलेया के लिए शिल्पा राव को बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर का अवॉर्ड मिला है।

## रणबीर कपूर के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश:आर्यन खान के शो में ई-सिगरेट वाले सीन को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भेजा नोटिस

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने मुंबई पुलिस को आदेश दिया है कि वो एक्टर रणबीर कपूर, आर्यन खान की वेब सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के मेकर्स और नेटफ्लिक्स पर FIR दर्ज करें। मामले में आरोप है कि शो में इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम, 2019 का उल्लंघन हुआ है। IANS के अनुसार, यह शिकायत विनय जोशी नामक व्यक्ति ने दर्ज कराई। उनका कहना है कि शो के सातवें एपिसोड में रणबीर कपूर ई-सिगरेट का इस्तेमाल करते दिखे, लेकिन इस दौरान किसी तरह की हेल्थ वॉर्निंग या डिस्क्लेमर नहीं दिया गया। शिकायत के बाद NHRC ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय को नोटिस भेजा है। आयोग ने कहा कि मंत्रालय इस तरह के कंटेंट को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए। आयोग ने यह भी कहा कि इस तरह के सीन युवा दर्शकों पर गलत असर डाल सकते हैं।



## कटरीना कैफ जल्द बनेंगी मां

### विक्की कौशल के साथ बेबी बंप की तस्वीर शेयर की



बॉलीवुड एक्ट्रेस कटरीना कैफ जल्द ही मां बनने वाली हैं। एक्ट्रेस ने मंगलवार को बेबी बंप की तस्वीर पोस्ट करते हुए फैंस के साथ गुड न्यूज शेयर की है। ऑफिशियल इंस्टाग्राम से कटरीना कैफ ने एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वो और विक्की कौशल बेबी बंप थामे हुए नजर आए हैं। इसके साथ कटरीना ने लिखा- हम जिंदगी का सबसे अच्छा चैप्टर शुरू करने जा रहे हैं, दिल खुशी और आभार से भरे हुए हैं। अक्टूबर में हो सकती है डिलीवरी कटरीना कैफ की प्रेग्नेंसी की खबरें सितंबर की शुरुआत से ही सुर्खियों में रहीं। एनडीटीवी की रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि कटरीना की डिलीवरी अक्टूबर-नवंबर में हो सकती है। हालांकि, कपल की तरफ से डिलीवरी डेट पर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। 2021 में हुई थी विक्की-कटरीना की शादी कटरीना और विक्की की शादी 9 दिसंबर 2021 में हुई थी। ये एक इंटीमेट वेडिंग थी, जिसमें केवल करीबी लोग शामिल हुए थे। एक नजर विक्की-कटरीना की लव स्टोरी पर-
विक्की और कटरीना की जोड़ी बनवाने में करण जौहर की काफी अहम भूमिका है। करण ने अपने शो 'कॉफी विद करण' में कटरीना से सवाल पूछा था कि वो किस एक्टर के साथ काम करना पसंद करेंगी, तब जवाब में उन्होंने विक्की का नाम लिया था। कुछ समय बाद विक्की कॉफी विद करण में पहुंचे, जहां करण ने उन्हें ये बात बताई। ये सुनकर एक्टर दंग रह गए और दिल थाम लिया।
इसके कुछ समय बाद विक्की ने कटरीना को 2019 में हुए स्टार स्क्रीन अवॉर्ड के दौरान सरेआम शादी का प्रस्ताव दिया था। विक्की ने कहा था कि मैं आपका बहुत बड़ा फैन हूं, शादियों का मौसम चल रहा है आप भी एक विक्की कौशल ढूंढ़कर उससे शादी क्यों नहीं कर लेतीं। उसके बाद कटरीना से विक्की ने सीधे पूछ लिया कि मुझसे शादी करोगी। इस पर एक्ट्रेस ने कहा- हिम्मत नहीं है।

## एक नजर

### स्व. इंद्रभद्र सिंह की प्रतिमा विवाद गरमाया हाईकोर्ट पहुंचा मामला

**सुलतानपुर।** पखवारे भर शांत रहने के बाद पूर्व विधायक स्वर्गीय इंद्रभद्र सिंह की प्रतिमा विवाद एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। अब यह मामला सीधे हाईकोर्ट लखनऊ पीठ पहुँच गया है। जिला एवं सत्र न्यायालय के अधिवक्ता अमित वर्मा ने इस मामले में जनहित याचिका दाखिल की है। याचिका में न केवल धनपतगंज में स्थापित प्रतिमा बल्कि शहर के दीवानी चौराहे पर लगी प्रतिमा पर भी आपत्ति जताई गई है। इस याचिका पर 25 सितंबर को सुनवाई होगी। गौरतलब है कि अगस्त के अंतिम सप्ताह में विधायक विनोद सिंह ने जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि धनपतगंज में लोक निर्माण विभाग की भूमि पर अवैध रूप से प्रतिमा स्थापित की गई है। उन्होंने इसे हटवाने की मांग भी की थी। सूत्रों का कहना है कि यह पूरा मामला मुख्यमंत्री की जानकारी में है और अब हाईकोर्ट की अगली कार्यवाही पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में यह विवाद जिले की राजनीति में बड़ा मुद्दा बन सकता है।

### सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए दशहरा, दुर्गापूजा और उर्स : एसडीएम



**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** गोसाईंगंज में मंगलवार को त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता एसडीएम प्रभात कुमार सिंह ने की। उन्होंने लोगों से सौहार्दपूर्ण माहौल में नवरात्र दशहरा, दुर्गापूजा, मूर्ति विसर्जन और उर्स को मनाने की अपील की। पीस कमेटी के बैठक में उपजिलाधिकारी ने कहा कि त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए जितनी जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारियों की बनती है। उतना ही योगदान आप सब का भी बनता है। परमिशन लेकर ही मूर्ति स्थापित की जाए। तहसीलदार मयंक मिश्रा ने कहा कि अगर कोई समस्या आती है तो प्रशासन को अवगत कराएं। समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार ने कहा की त्योहार के अवसर पर अराजकता फैलाने की कोशिश करने पर उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि माहौल खराब करने वाले लोगों को पुलिस चिन्हित करने का काम कर रही है। गोसाईंगंज के भटमई, टांटियानगर, द्वारिकागंज, उघड़पुर क्षेत्र में कुल 85 मूर्ति स्थापित की जाएगी। यहां बैठक में उपस्थित पूजा समिति के सदस्यों से मूर्ति स्थापना और विसर्जन के बारे में जानकारी ली गई। इस दौरान लोगों ने दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान अनावश्यक रूप से बिजली की कटौती पर रोक लगाए जाने की मांग की। हिंदू और मुस्लिम धर्म के लोगों ने बैठक में भाग लिया। यहां थाना अध्यक्ष गोसाईंगंज राम आशीष उपाध्याय, द्विवेश त्रिवेदी, काली प्रसाद शर्मा, अलताफ, कासिम अली, बब्लू पाण्डेय, प्रधान प्रतिनिधि मनोज वर्मा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### 45 लीटर कच्ची शराब व 250 किलो लहन बरामद

**कादीपुर-सुलतानपुर।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार को आबकारी निरीक्षक डॉ. गिरिराज सिंह ने टीम के साथ कादीपुर खुर्द और जंगलिया गांव में दबिश दी। इस दौरान 45 लीटर अवैध कच्ची शराब और 250 किलो लहन बरामद हुआ। मौके पर ही लहन को नष्ट करवा दिया गया। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आबकारी निरीक्षक ने इसके साथ ही क्षेत्र के ईंट भट्ठों और कबाड़ की दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने ईंट भट्ठा मालिकों को सख्त निर्देश दिए कि उनके भट्ठों पर किसी भी कीमत पर अवैध शराब का निर्माण नहीं होना चाहिए। यदि ऐसा पाया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। आबकारी निरीक्षक डॉ. सिंह ने शराब विक्रेताओं को निर्देशित किया कि वे केवल पीओएस मशीन के माध्यम से ही शराब की बिक्री करें, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और अवैध कारोबार पर रोक लग सके।

### पूर्व कानून मंत्री पर तय नहीं हो सके आरोप

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के अस्पतालों के बारे में विवादास्पद टिप्पणी में मुकदमा झेल रहे दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री सोमनाथ भारती पर मंगलवार को भी आरोप तय नहीं हो सके। एमपी - एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने सोमनाथ भारती को किसी अधिकृत आईडी के जरिए मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग से हाजिर रहने का आदेश दिया था। आरोप तय नहीं होने पर कोर्ट ने आदेश के लिए फाइल सुरक्षित कर ली है। दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री सोमनाथ भारती ने प्रयागराज में एक सरकारी अस्पताल की दुर्दशा देखकर जगदीशपुर के रामलीला मैदान में प्रेस वार्ता के दौरान नौ जनवरी 2021 को उत्तर प्रदेश के अस्पतालों के बारे में विवादित टिप्पणी की थी। जिससे क्षुब्ध अमेठी जिले के जगदीशपुर निवासी सोमनाथ शाहू ने उन पर मुकदमा दर्ज कराया था। सुप्रीम कोर्ट ने सोमनाथ भारती की पेशी वीडियो कांफ्रेंसिंग से करने का निर्देश ट्रायल कोर्ट को दिया है।

### जेल में बन्द हमलावर की रिहाई का आदेश

**सुलतानपुर।** आर्मी के सूबेदार मेजर जगदीश प्रसाद यादव और उसकी पत्नी पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने के आरोपी संजय यादव को न्यायाधीश राकेश पाण्डेय ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। वकील अरविंद सिंह राजा ने अर्जी पेश कर मुकदमे को पेशबंदी में दर्ज करने की बात कही। घटना चांदा थाना क्षेत्र के फुटेला में चार अगस्त 2024 को हुई थी।

# धरियामऊ हादसा: स्लैब के मलबे में दबकर तीन मजदूरों की मौत

## सात घंटे तक चली जद्दोजहद,चार घायल अस्पताल में भर्ती, एसडीआरएफ ने संभाला मोर्चा









### सगे भाइयों ने गवाईं जान, गांव में पसरा मातम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लंभुआ-सुलतानपुर।** तहसील के धरियामऊ गांव में सोमवार शाम एक निर्माणाधीन मकान की छत का स्लैब गिरने से तीन मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। हादसे के बाद गांव में शोक और हाहाकार का माहौल व्याप्त हो गया।

मृतक सभी एक ही मोहल्ले के सगे भाई थे—आनंद सरोज (21), विक्रम सरोज (20) और हिमांशु सरोज (21)। मृतकों के परिजन और गांव के लोग अब घटनास्थल पर पहुंचकर रो-रो कर बिलख रहे हैं।

घटना की पृष्ठभूमि में बताया गया कि धरियामऊ निवासी संदीप और मनोज गुप्ता, जो मुंबई में मजदूरी करते हैं, अपने पुश्तैनी घर से कुछ दूरी पर रामगंज रजबहा के किनारे मकान निर्माण कर रहे थे। शटरिंग-स्लैब का ठेका अरुण चौहान सूरज को 60 हजार रुपये में दिया गया। लिफ्ट मशीन महेश वर्मा और मजदूर विक्रम सरोज सहित अन्य मजदूर निर्माणस्थल पर पहुंचे।

दोपहर करीब दो बजे शुरू हुए स्लैब डालने के काम के दौरान शाम आठ बजे अचानक जोरदार आवाज के साथ स्लैब भरभराकर गिर पड़ा। कुछ मजदूर अपनी जान बचाने में सफल रहे, जबकि कई मलबे में दब गए। ग्रामीणों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया, लेकिन बांस-पटरी और सरिया के जाल के कारण प्रयास असफल रहा। सूचना पर एसएचओ और एसडीएम घटनास्थल पहुंचे। बगल के गांव से जेसीबी मंगाई गई, लेकिन मलबा हटाने में सफलता नहीं मिली। अंततः फायरब्रिगेड, पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने राहत कार्य संभाला। डेढ़ बजे दो और ढाई बजे एक और शव निकालकर जिला मुख्यालय भेजा गया। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा है। मृतक सभी युवा और एक ही परिवार के सदस्य थे, जिससे पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई।

# इसौली को ठंडी में गर्मी का एहसास दिलाने की तैयारी में सुभासपा

» विस चुनाव की चाल को गति देगी चना की चौपाल, गोटी फिट करने में जुटा कुनबा

» महारैली की सफलता से मिली ऊर्जा, दावेदारों में बढ़ी बेचैनी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने इसौली विधानसभा को आगामी 2027 के चुनाव में अपनी ताक़त दिखाने का केंद्र बना लिया है। रफ्तार पकड़ती सक्रियता और हालिया महारैली की सफलता ने इस सीट को जिले ही नहीं, प्रदेश की राजनीति में चर्चा का विषय बना दिया है।

चर्चित चेहरा बल्दीराय ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार सिंह ने अब खुलकर बयान दे दिया है कि वे विधानसभा चुनाव लड़ने का मन बना चुके हैं। श्री सिंह ने कहा, मैं जनता की आवाज़ को विधान सभा तक पहुंचाने का संकल्प लेकर मैदान में उतरने को तैयार हूं। पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव सक्रिय हैं और जनता का जो स्नेह मिल रहा है, उससे साफ है कि इसौली में बदलाव की बयार बह रही है।

गौरतलब है कि सुभासपा, एनडीए की सहयोगी दल है। ऐसे में सीटों के बंटवारे में माना जा रहा है कि इसौली सीट सुभासपा के खाते में जाएगी। इस संभावना ने राजनीतिक हलचल और तेज कर दी है।

इतिहास गवाह है कि आज़ादी के बाद से यह सीट ज्यादातर कांग्रेस और सपा के खाते में जाती रही है। अब तक केवल एक बार ही भाजपा ने यहां पुरानी इसौली में ही जीत दर्ज कराई है। नई इसौली में अभी तक भाजपा जीत हासिल नहीं कर पाई है।मौजूदा समय में यह सीट सपा विधायक मो. ताहिर खान के पास है। लेकिन बदलते हालात और सुभासपा की आक्रामक रणनीति ने समीकरणों को नया मोड़ दे दिया है। हाल ही में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर की महारैली में जुटी भीड़ ने कार्यकर्ताओं के मनोबल को कई गुना बढ़ा दिया है। अब सुभासपा गांव-गांव चना की चौपाल के जरिए सीधे जनता तक पहुंच बना रही है। जिलाध्यक्ष विनीत सिंह और संगठन की पूरी टीम के साथ शिव कुमार सिंह गोटी फिट करने में जुट गए है।

राजनीतिक जानकार मानते हैं कि अगर यही सक्रियता बनी रही तो इसौली सीट 2027 में प्रदेश की सबसे हॉट सीटों में शुमार होगी।

# मौलिक अधिकार पार्टी ने सौंपा सात सूत्रीय मांग पत्र



**सुलतानपुर।** मौलिक अधिकार पार्टी ने जिले में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम संबोधित किया गया और इसे अपर उप जिला मजिस्ट्रेट सदर के माध्यम से प्रशासन को भी उपलब्ध कराया गया। ज्ञापन में पार्टी ने समाज के विभिन्न वर्गों की मांगों को उजागर किया। इसमें पिछड़े वर्ग को प्रथक आरक्षण, सम्पूर्ण शिक्षा एवं प्रशिक्षण की मुफ्त व्यवस्था, संपूर्ण चिकित्सा एवं प्रशिक्षण की सुविधा, कार्यपालिका और न्यायपालिका का उचित बंटवारा, खुदरा बाजार का विस्तार, संविधान बचाओ, चुनाव बचाओ और वोट बचाओ जैसी सात अहम बातें शामिल हैं। ज्ञापन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी शास्त्री और प्रदेश सचिव अमरजीत विश्वकर्मा की तरफ से सौंपा गया। पार्टी नेताओं का कहना है कि यह ज्ञापन सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र के मजबूत आधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### गैर इरादतन हत्या के दोषियों को तीन वर्ष की सजा

**सुलतानपुर।** अमेठी थाना क्षेत्र के बियसिया में 22 साल पूर्व धारदार हथियार से मारकर शांति देवी की गैर इरादतन हत्या के प्रकरण में अपर सत्र न्यायाधीश राकेश पांडेय ने कल्लू कोरी और पप्पू कोरी को दोषी करार देते हुए तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक पर 22 हजार रूपये अर्थदंड भी लगाया गया है। 26 नवंबर 2003 की शाम बियसिया गांव में रास्ते के विवाद के में श्रीनाथ कोरी (अब मृतक), पप्पू कोरी, कल्लू कोरी, जगदीश कोरी (नाबालिग) ने होकर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला बोला था। जिसमें घायल शांति देवी पत्नी जगप्रसाद की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जबकि राधेश्याम, हरजीत राज तथा प्रेम कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसी से सम्बंधित मारपीट के केस में आरोपी हरजीत राज और प्रेम कुमारी को कोर्ट ने एक साल जेल की सजा सुनाई है।

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

## महिलाओं की सुरक्षा, आत्मरक्षा व अधिकारों की जानकारी दी गई

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**मोतिगरपुर-सुलतानपुर।** मिशन शक्ति फेज पांच के तहत प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय भुवरपुर के बच्चियों को मोतिगरपुर थाने पर जागरूक किया गया।

मंगलवार को भुवरपुर प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक शरद मिश्र कक्षा पांच की छात्रा वंदिता व चार की छात्रा सोनाली, अंशिका, श्रद्धा व उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक सिंह कक्षा सात की छात्रा श्रेया, अनामिका, स्वातिका, कक्षा छह की छात्रा वंदना, स्मृति व आठ की छात्रा सपना के साथ जागरूकता कार्यक्रम के लिए थाने पहुंचे। कार्यक्रम में पुलिस टीम ने बच्चियों को महिलाओं की सुरक्षा, आत्मरक्षा के उपाय, कानूनी अधिकारों और हेल्पलाइन नंबरों की विस्तार से



जानकारी दी। प्रभारी थानाध्यक्ष विनोद मिश्र ने छात्राओं को समझाया कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में डरने के बजाय तुरंत पुलिस या संबंधित हेल्पलाइन से संपर्क करें।

उन्होंने बताया कि 1090, 181, 112, 1098 जैसे हेल्पलाइन नंबर हमेशा मदद के लिए उपलब्ध हैं। साथ ही बच्चियों को आत्मविश्वास के साथ जीवन जीने और शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

वहीं कुछ छात्रा थानाध्यक्ष व फरियादी बनकर पुलिस द्वारा किए गए कार्य को भी आपस में ही प्रस्तुत की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य किरन यादव मौजूद रहीं।

### सराफा डकैती काण्ड के आरोपियों की सुनवाई जारी

**सुलतानपुर।** सराफा डकैती कांड के 12 आरोपियों पर दर्ज गैंगस्टर केस में मंगलवार को नगर कोतवाल धीरज कुमार ने कोर्ट में गवाही दी।

वकील अरविन्द सिंह राजा ने बताया कि कोर्ट में कोतवाल से कई घण्टे तक चली जिरह के बाद उनकी गवाही पूरी हो सकी। जेल में बन्द आरोपियों को कड़ी सुरक्षा में स्पेशल जज गैंगस्टर एक्ट राकेश पांडेय की कोर्ट में लाकर पेश किया गया। मुकदमे में कांस्टेबल मो. शकील अभियोजन के अगले गवाह हैं। कोर्ट ने शेष साक्ष्य के लिए सात अक्टूबर को फिर तारीख नियत की है।

# जीएसटी बचत उत्सव अभियान के तहत हुआ व्यापारी संवाद

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कादीपुर-सुलतानपुर।** कस्बे में मंगलवार को जीएसटी बचत उत्सव अभियान के अंतर्गत बाजार भ्रमण एवं व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल हुए और जीएसटी के नवीन प्रावधानों की जानकारी प्राप्त की।



» बाजार भ्रमण कर व्यापारियों को नए प्रावधानों की दी गई जानकारी

वक्ताओं ने व्यापारियों को विस्तार से बताया कि किस प्रकार सरकार द्वारा लागू किए गए नए प्रावधान व्यापार जगत को राहत देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की आर्थिक व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाने की दिशा में जीएसटी में लगातार सुधार किए जा रहे हैं।

इस मौके पर व्यापारियों के बीच पत्रक भी वितरित कर उन्हें अपडेट जानकारी दी गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक राजेश गौतम, जिला कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन योगेंद्र प्रताप सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र पाठक, सेक्टर संयोजक सुनील रावत समेत भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में व्यापारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जीएसटी के नए प्रावधानों से निश्चित तौर पर छोटे और मध्यम व्यापारियों को लाभ मिलेगा तथा व्यापार को नई गति मिलेगी।

# दस दिवसीय रामलीला का बीजेपी जिलाध्यक्ष ने किया शुभारंभ



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कुड़वार-सुलतानपुर।** स्थानीय कस्बे के रामलीला मैदान में सोमवार को दस दिवसीय रामलीला मंचन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने किया।

करीब दस वर्ष बाद रामलीला परिवार कमेटी कुड़वार द्वारा आयोजित इस मंचन के शुभारंभ अवसर पर राम दरबार की आरती भी संपन्न हुई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि लंबे समय बाद पुनः रामलीला शुरू हुई है। यदि आयोजन में कोई कठिनाई आती है तो उसका समाधान मिलकर कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि रामलीला का आयोजन हर वर्ष इसलिए किया जाता है ताकि लोग प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतार सकें। प्रभु श्रीराम ने सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए केवट को गले लगाया और शबरी के जूठे बेर खाए थे। भाजपा नेता राम चंद्र मिश्रा ने बताया कि पूर्व बूथ अध्यक्ष स्व. अवधेश तिवारी की इस रामलीला मैदान में रामलीला मंचन कराने की इच्छा थी, जिसे अब उनके पुत्र पंकज व दीपक तिवारी पूरा कर रहे हैं। समिति का विधिवत पंजीकरण भी हो चुका है, और अब हर साल रामलीला का आयोजन होगा।

रामलीला के पहले दिन नारद मोह से लेकर भगवान राम जन्म तक की झांकियां प्रस्तुत की गईं। इस अवसर पर शिव शंकर तीर्थ दंडी स्वामी, भाजपा नेता ओम प्रकाश पांडेय बजरंगी, अखिलेश तिवारी, श्यामसुंदर सिंह, नित्यानंद तिवारी, अध्यक्ष रामसूरत तिवारी, सचिव रमेश तिवारी, शशिकांत तिवारी, लवकुश तिवारी सहित रामलीला परिवार के सदस्य व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य सेवाओं में ढील, जिलाधिकारी ने दिखाया कड़ा रुख

## आयुष्मान गोल्डन कार्ड और ब्लॉकवार प्रगति पर नाराजगी, अगले महीने तक सुधार के दिए निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष की अध्यक्षता में और मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चल रहे विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की गहन जांच की गई।



बैठक में आयुष्मान गोल्डन कार्ड प्रगति, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, महिला नसबंदी, आशा द्वारा आईडी निर्माण, मैटरनल डेथ, टीबी केस डिडक्शन, क्वालिटी इंश्योरेंस, मेडिकल मोबाइल यूनिट, एचआईवी टेस्ट, सीएचओ अटेंडेंस, दवाओं की उपलब्धता, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, जन्म-मृत्यु पंजीकरण और मेडिकल उपकरण की खरीद आदि कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने आयुष्मान गोल्डन कार्ड निर्माण में जनपद की धीमी रैंक पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि लक्ष्य बढ़ जाने के कारण रैंक प्रभावित हुई है, लेकिन अगले महीने तक प्रगति लाकर इसे सही किया जाएगा।

पूर्व बैठक में ब्लाक कुड़वार और करौदीकला में धीमी प्रगति के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने और जॉच कमेटी गठित करने के निर्देश दिए गए थे। प्रस्तुत रिपोर्ट गुणवत्तापरक न होने पर जिलाधिकारी ने प्राचार्य मेडिकल कॉलेज को समिति गठित कर पुनः जांच कराने के सख्त निर्देश दिए।

इसी तरह सीएचसी जयसिंहपुर में निरीक्षण के दौरान अधीक्षक की अनुपस्थिति और अन्य अनियमितताओं पर कार्रवाई रिपोर्ट नहीं मिलने पर जिलाधिकारी ने दो दिन में आवश्यक कार्यवाही प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। सभी ब्लॉकों में आयोजित क्लस्टर मीटिंग की समीक्षा के दौरान कुड़वार और धनपतगंज ब्लॉक में औसत से कम प्रगति पाई गई।

सीएचसी लंभुआ की एचआईवी टेस्टिंग प्रगति भी औसत से कम पाई गई, जिसके लिए सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। वहीं, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में जनपद की रैंक प्रदेश में द्वितीय स्थान होने पर जिलाधिकारी ने सराहना की। सभी संबंधित अधिकारियों को अगले माह तक लक्ष्य के अनुसार अपनी प्रगति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए।

### झूठ बोलने पर विवेचक पर कार्रवाई का आदेश

**सुलतानपुर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट सत्येन्द्र कुमार मिश्र ने मारपीट के एक मामले में आरोप पत्र दाखिल करने में गलत सूचना देने पर लंभुआ थाने के विवेचक कमलेश दुबे के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसपी को निर्देश दिया है। कोर्ट ने माना कि विवेचक ने आरोप पत्र दाखिल करने में देरी की और कोर्ट में झूठ बोला। अधिवक्ता अखिलेश शुक्ल ने बताया कि विवेचक कमलेश दुबे ने आरोप पत्र पर थानाध्यक्ष के हस्ताक्षर नहीं होने का बहाना बनाकर आरोप पत्र प्रस्तुत नहीं किया। जबकि पूर्व में विवेचक ने 10 जुलाई 2025 को ही विवेचना पूर्ण कर ली थी।

# पेटीएम मशीन लगाने के नाम पर ठगी, दो अभियुक्त गिरफ्तार

**विश्ववार्ता संवाददाता**




**सुलतानपुर।** साइबर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पेटीएम मशीन लगाने के नाम पर ठगी करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी खुद को पेटीएम कंपनी का कर्मचारी बताकर दुकानदारों को झांसा देते थे और उनके खातों से लाखों रुपये पार कर चुके थे।

» लाखों रुपये का फर्जीवाड़ा उजागर, आईफोन–14 बरामद

मामला उस समय प्रकाश में आया जब कुड़वार थाना क्षेत्र की एक महिला ने 28 अगस्त 2025 को अपने खाते से 5,380 रुपये की ठगी की शिकायत दर्ज कराई। महिला ने बताया कि एक व्यक्ति खुद को पेटीएम का एम्प्लायी बताकर उसकी मिठाई की दुकान पर आया और किराया बंद कराने के नाम पर उसका सक्रिय सिम अपने मोबाइल में डाल लिया। कुछ देर बाद सिम लौटाने के बाद महिला के खाते से पैसा कट गया। जांच में पता चला कि आरोपी सचिन पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम कोटा पूरे शुक्ल का पुरवा, बेला पश्चिम, थाना कुड़वार और उसका साथी उत्कर्ष पुत्र स्व. बिन्देश्वरी प्रसाद निवासी पूरे अयोध्या लाल का पुरवा, थाना कुड़वार, मिलकर इस तरह के फर्जीवाड़े को अंजाम देते थे। सचिन पेटीएम में एफएसई के पद पर कार्यरत था और इसी का फायदा उठाकर दुकानदारों के पेटीएम खाते अपने आईफोन में लॉग-इन कर लेता था। खाते को लॉग-आउट न करने के कारण वह समय-समय पर रकम निकाल लेता था। इन्होंने अब तक कई दुकानदारों को निशाना बनाया, जिनमें धनपतगंज और बल्दीराय क्षेत्र की घटनाएं भी शामिल हैं। इन पर साइबर थाना, धनपतगंज और बल्दीराय थाने में अलग-अलग मुकदमे दर्ज हैं।

दोनों अभियुक्तों के खिलाफ आईटी एक्ट व बीएनएस की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह व नोडल अधिकारी साइबर क्राइम एएसपी अखण्ड प्रताप सिंह के निर्देशन तथा सीओ नगर के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार सिंह साइबर क्राइम सहित 14 सदस्यीय टीम ने तकनीकी विश्लेषण और मुखबिरी के आधार पर इस सफलता को अंजाम दिया।

### आपसी विवाद में महिला पर हमला, कूलर तोड़ा

**कादीपुर-सुलतानपुर।** कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद सरैया गांव में आपसी विवाद के चलते एक महिला को विपक्षियों ने मारापीटा और उसका कूलर तोड़ डाला। पीड़िता कंचन पांडे पत्नी रमाकांत पांडे का आरोप है कि शनिवार को वह अपने बेटे को बाथरूम में नहलाकर कपड़ा बदल रही थी। तभी विपक्षीगण मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने ईंट और गुम्मों से हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। कंचन पांडे ने बताया कि विपक्षियों ने घर में जाने वाली गैलरी का ताला बंद कर दिया, जिससे हैंडपंप का पानी और बाथरूम का प्रयोग नहीं हो पा रहा है। इतना ही नहीं, बाहर लगे कूलर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक श्यामसुंदर ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रविवार को गांव की ही सारिका, सुधीर कांत, कमलेश कांत और सुमित्रा के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

**अभियान** एसपी के निर्देशन में महिला सुरक्षा टीम ने बांटे पम्पलेट, दी उपयोगी जानकारियां

# मिशन शक्ति अभियान 5.0 : आधी आबादी को किया गया जागरूक

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन को ध्यान में रखते हुए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत मंगलवार को जनपद में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में जिले के सभी थानों पर गठित महिला सुरक्षा टीमों ने स्कूल, कॉलेजों और बाजारों में पहुंचकर बालिकाओं व महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा से जुड़ी जानकारियां दीं।

कार्यक्रम में टीम ने बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी, जिनमें वूमेन पावर लाइन–1090, पुलिस आपातकालीन सेवा–112, एम्बुलेंस सेवा–



108, चाइल्ड लाइन–1098, स्वास्थ्य सेवा–102, महिला हेल्पलाइन–181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन–1076 और साइबर अपराधों से बचाव हेतु साइबर हेल्पलाइन–1930 शामिल हैं।

इसके साथ ही गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और महिलाओं से जुड़े कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा टीमों ने मौके पर पम्पलेट भी वितरित किए, जिससे महिलाएं इन जानकारियों को सुरक्षित रख सकें और जरूरत पड़ने पर उपयोग कर सकें। महिला सुरक्षा टीम का कहना है कि इस तरह के कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को जागरूक करना, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना और समाज में उन्हें सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है।

## एक नजर

### जेन-जेड पर मनीष तिवारी को देनी पड़ी सफाई



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता मनीष तिवारी के सोशल मीडिया पर दिए गए एक बयान से विवाद खड़ा हो गया है। तिवारी ने एक पोस्ट में कहा था, जेनरेशन एक्स, वाई, जेड अब किसी का आधिपत्य स्वीकार नहीं करती है। बीजेपी ने उनके इस बयान को राहुल गांधी से जोड़ दिया। बीजेपी आईटी सेल के चीफ अमित मालवीय ने इसी पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए राहुल गांधी को अल्टिमेट नेपो किड करार दे दिया। मालवीय ने कहा कि, जेनरेशन एक्स ही नहीं अब तक कांग्रेस के दिग्गज भी उनकी इस पिछड़ी राजनीति से ऊब चुके हैं। कांग्रेस के भीतर से ही बगावत की बू आ रही है। बीजेपी की इस प्रतिक्रिया के बाद मनीष तिवारी को सफाई देनी पड़ी। उन्होंने कहा, काश, कुछ लोग इस जिंदगी में बड़े हो पाते। उन्होंने कहा कि उनका बयान बीजेपी या फिर कांग्रेस तक सीमित नहीं है बल्कि दक्षिण और पूर्वी एशिया की घटनाओं के व्यापक परिपेक्ष्य के बारे में है। मनीष तिवारी ने यह भी कहा कि इन सारी घटनाओं का असर राष्ट्रीय सुरक्षा पर पड़ सकता है। ऐसे में इनको ठीक से समझना और समझाना चाहिए।

### न्यूयॉर्क पुलिस ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति की कार रोकी

**न्यूयार्क।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों न्यूयॉर्क में उस वक्त फंस गए, जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का काफिला गुजरने की वजह से सड़क बंद कर दी गई। यह घटना यूएन की 80वीं बैठक के दौरान हुई, जब मैक्रों फ्रांसीसी दूतावास जा रहे थे। पुलिस ने ट्रम्प के काफिले के लिए रास्ता रोक दिया, जिससे मैक्रों की कार रुक गई। एक वायरल वीडियो में मैक्रों कार से उतरकर पुलिस से पूछते दिखे कि क्या बात है। पुलिस ने बताया कि ट्रम्प का काफिला जा रहा है। यह सुनकर मैक्रों ने तुरंत ट्रम्प को फोन किया। वीडियो में मैक्रों ट्रम्प से हंसते हुए कहते हैं– आप कैसे हैं? मैं सड़क पर फंस गया हूं, क्योंकि आपके लिए सब बंद है। जल्दी रास्ता खाली करो! इंतजार करने की बजाय, मैक्रों कार छोड़कर पैदल ही चल पड़े। वे आधे घंटे तक न्यूयॉर्क की सड़कों पर टहलते रहे और ट्रम्प से फोन पर बात करते रहे। इस दौरान उन्होंने रास्ते में लोगों के साथ फोटो भी खिंचाई।

### कोलकाता में भारी बारिश से बाढ़, 7 की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में सोमवार देर रात से मंगलवार सुबह तक मूसलाधार बारिश से बाढ़ आ गई। पानी में बिजली का करंट फैलने से अब तक सात लोगों की मौत हो गई है। कोलकाता में पिछले 24 घंटों में लगभग 247 .5 मिमी बारिश हुई। शहर की कई सड़कों पर 3 फीट तक पानी भर गया है। यातायात व्यवस्था सुबह से चरमरा गई है। सड़कों पर खड़ी गाड़ियां आधी से ज्यादा डूब गई हैं। वहीं घरों और रेसिडेंशियल कॉम्प्लेक्स में भी पानी भरा है। सीएम ममता बनर्जी ने कहा– मैंने ऐसी बारिश पहले कभी नहीं देखी। जिन लोगों की जान गई है, उनके लिए उन्हें दुख है। हमारे घर भी पानी में डूब गए हैं। हम सब परेशान हैं। मुझे पूजा पंडालों के लिए भी बहुत बुरा लग रहा है। कोलकाता एयरपोर्ट पर पानी भरने और खराब मौसम के कारण 30 फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं और 42 फ्लाइट्स लेट हो गईं। पानी भरने से शहीद खुदीराम और मैदान मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो सेवा रोक दी गई है। हावड़ा और सियालदह डिवीजनों के रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया है। इससे हजारदुआरी एक्सप्रेस (13113) और सियालदह जंगीपुर एक्सप्रेस (13177) ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। चितपुर यार्ड में पानी भरने से सर्कुलर रेलवे लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही बंद है। बारिश के कारण कई जगह दुर्गा पूजा के पंडाल डूब गए तो कई खराब हो गए हैं।

### भारत का इकलौता सक्रिय ज्वालामुखी फटा

**पोर्ट ब्लेयर।** अंडमान–निकोबार के बैरन आइलैंड में बीते 8 दिनों के भीतर दो बार हल्के ज्वालामुखी विस्फोट हुए हैं। यहां भारत का इकलौता सक्रिय ज्वालामुखी है। यह ज्वालामुखी 13 और 20 सितंबर को फटा, हालांकि दोनों बार विस्फोट हल्के दर्जे के थे और आसपास के इलाकों पर किसी तरह का खतरा नहीं है। बैरन आइलैंड पोर्ट ब्लेयर से करीब 138 किलोमीटर दूर है और यह दक्षिण एशिया का इकलौता सक्रिय ज्वालामुखी है। यह लगभग 3 वर्ग किलोमीटर का निर्जन द्वीप है, जिस पर ज्वालामुखी की राख और पत्थर फैले रहते हैं। यह द्वीप 354 मीटर ऊंचा है और अंडमान–निकोबार की खास पहचान माना जाता है। रिकॉर्ड के मुताबिक यहां पहली बार विस्फोट 1787 में हुआ था। इसके बाद कई बार यह ज्वालामुखी सक्रिय हुआ। हाल में 2017 और 2022 में बड़े विस्फोट हुए थे। इस साल जुलाई में भी गतिविधि दर्ज की गई थी।

### सूरत के सरकारी हॉस्पिटल में आसाराम की पूजा

**सूरत।** रेप के आरोपी आसाराम की फोटो की पूजा–आरती करने का वीडियो वायरल हुआ है। यह वीडियो गुजरात में सूरत के सरकारी अस्पताल का है। सोमवार देर शाम यहां आसाराम समर्थकों के एक समूह ने मेन गेट पर आसाराम की एक फोटो रखकर पूजा–आरती का आयोजन किया था। आरती के दौरान मंत्रोच्चार और भजन हुए। आरती में शिशु रोग विभाग की वरिष्ठ डॉक्टर जिगिशा पटाडिया, नर्स और सुरक्षाकर्मी भी शामिल हुए। वीडियो वायरल होने के बाद हॉस्पिटल की अधीक्षक डॉ. धारित्री परमार से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा– मैं शहर से बाहर हूं इसलिए मुझे इस घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं है। मामले का खुलासा होने के बाद अस्पताल के सुरक्षा गार्ड को हटा दिया गया है। सूरत सिविल आरएमओ डॉ. केतन नायक ने कहा कि सोमवार दोपहर एक कर्मचारी ने मुझसे कहा था कि कुछ लोग हॉस्पिटल में फल वितरण की अनुमति मांग रहे हैं। मैंने मौखिक रूप से इसकी अनुमति दे दी थी। लेकिन मुझे देर शाम आसाराम की फोटो की पूजा–आरती की सूचना मिली तो मैंने अपने सहयोगी डॉ. भरत पटेल को व्यक्तिगत रूप से वहां भेजकर सारी गतिविधियां बंद करवा दी थीं।

### अशोक चौधरी का पीके को 100 करोड़ का नोटिस

**पटना।** बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर को 100 करोड़ रुपये के मानहानि का नोटिस भेजा है। मंत्री ने पीके पर गलत बयानी करने और उनकी छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर अपने आरोपों के लिए क्षमा मांगें, नहीं तो वह उनके उनके खिलाफ कोर्ट जाएंगे। बता दें कि नीतीश सरकार में जेडीयू के वरिष्ठ मंत्री अशोक चौधरी पर 200 करोड़ रुपये की संपत्ति दो साल में जुटाने का आरोप लगाया था। बता दें कि मंत्री पहले भी पीके पर मानहानि का केस कर चुके हैं। प्रशांत किशोर ने पिछले सप्ताह पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाए थे कि अशोक चौधरी ने 2 सालों में अपनी पत्नी, बेटी, समधन और उनसे जुड़े मानव वैभव विकास ट्रस्ट के माध्यम से 200 करोड़ रुपये की जमीनें खरीदी हैं। इस ट्रस्ट की ट्रेजरी अशोक चौधरी की सांसद बेटी शांभवी चौधरी की सास अनिता कुणाल हैं। अब मंत्री ने इन्हीं आरोपों के सबूत मांगते हुए पीके को मानहानि का मुकदमा करने की धमकी दी है।

### कर्नाटक के सभी मूवी थियेटर में टिकट 200 रुपये नहीं होंगे


**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाई कोर्ट ने मंगलवार को राज्य सरकार के सिनेमा टिकट की अधिकतम कीमत तय करने के नियम पर रोक लगा दी है। कर्नाटक सरकार ने सभी तरह की फिल्मों का टिकट 200 रुपए तय किया था। इस नियम के खिलाफ मल्टिप्लेक्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और अन्य सिनेमा संचालकों ने अदालत में याचिका दायर की थी। जस्टिस रवि वी होस्मानी ने इसी याचिका पर सुनवाई के बाद यह फैसला दिया। वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने दलील दी कि सरकार ने बिना किसी आधार के यह कीमत तय की है और यदि ग्राहक बेहतर सुविधाओं के लिए अधिक पैसे देना चाहते हैं तो उन्हें रोकना गलत है। सरकार की ओर से एडिशनल एडवोकेट जनरल ने कहा कि यह जनहित में किया गया है और संविधान के तहत राज्य को थिएटर नियंत्रित करने का अधिकार है।

### आर्मी जवान की गोली लगने से मौत

**श्रीनगर।** जम्मू–कश्मीर के उधमपुर जिले में मंगलवार को आर्मी जवान की गोली लगने से मौत हो गई। मिलिट्री हॉस्पिटल के बाहर आर्मी दवा सप्लाई गाड़ी के ड्राइवर को खुद की ही बंदूक से गोली लग गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान हवलदार माता सोनी गोपी कृष्ण के रूप में हुई। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह फायरिंग गलती से हुई या यह आत्महत्या है। साथी सैनिक गोली की आवाज़ सुनकर घटनास्थल पर पहुंचे तो उसे खून से लथपथ पाया। साथियों ने उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# दीपावली से पहले सात दिन का लगे स्वदेशी मेला

## सीएम ने आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प विषयक प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को किया संबोधित



आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प विषयक पर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपदों में स्वदेशी मेले लगाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसमें एमएसएमई विभाग सहयोग करेगा। दीपावली के पहले हर जनपद में 10 से 18 के बीच एक सप्ताह तक ओडीओपी व स्थानीय उत्पादों का मेला लगे। यह कार्यक्रम बहुत अच्छा हो सकता है। इससे स्थानीय उद्यमियों व व्यापारियों को बहुत लाभ होता है और लोग विदेशी उत्पाद खरीदने से भी बचते हैं।

सीएम ने कहा कि 2017 से पहले चीन का झालर बाजार में छा जाता था, लेकिन अब लोग मिट्टी के दीप जला रहे हैं। 2017 में दीपोत्सव के आयोजन में 51 हजार दीप अयोध्या मंडल में नहीं मिल पाए थे। इसे पूरे प्रदेश से जुटाना पड़ा था परंतु गत वर्ष जितने दीप प्रज्ज्वलित कराए गए थे, यह सभी अयोध्या में बने थे। इस बार भी दीपोत्सव में रिकॉर्डतोड़ दीप प्रज्ज्वलित होंगे और यह मिट्टी व गाय के गोबर से बनेंगे। लोकल लोगों को तैयार करना होगा। हर घर में दीप जले, दीप भी भारत का स्वदेशी मॉडल है।

सीएम योगी ने कहा कि 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में यूपीआईटीएस का आयोजन होगा। 25 को इसके तीसरे चरण का शुभारंभ सुबह 9.30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। यह स्वदेशी और आत्मनिर्भर का सबसे अच्छा मॉडल है। यूपी के अंदर बने उत्पाद को केवल शोकेस ही नहीं किया जाएगा, बल्कि उसे बड़ा भी मंच मिलेगा। 500 विदेशी समेत पूरे देश से व्यापारी भी खरीदारी करने आ रहे हैं।

दिल्ली, नोएडा, ग्रेनो, यमुना अथॉरिटी समेत आसपास के सभी होटल फुल हो चुके हैं। पिछले साल चार दिन में 2200 करोड़ की बिक्री हुई थी। इस सफलतम आयोजन से यूपी के कारीगरों, उद्यमियों व हस्तशिल्पियों को प्लेटफॉर्म मिलता है। सभी से अनुरोध किया कि एक दिन आईटीएस का अवलोकन करें। यहां यूपी की ताकत का अहसास होगा।

सीएम ने कहा कि स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत के अभियान का हिस्सा बनने वाला है। यह विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने और उसकी आधारशिला को सुदृढ़ करने का अभियान है। स्वदेशी केवल नारा नहीं है और न ही यह खादी वस्त्रों तक सीमित है।

भाजपा नेतृत्व की सरकार देश में सुई से लेकर समुद्री मालवाहक जहाजों और फाउंटेन पेन से लेकर एरोप्लेन का निर्माण कर रही है। पीएम मोदी ने स्वदेशी की इस अवधारणा को व्यापक व विराट रूप दिया है। जो भारत में निर्मित हो, जिसमें भारत के श्रमिकों का पसीना और यहां के युवा शक्ति की प्रतिभा लगी हो। वह स्वदेशी है। मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड यानी दुनिया के लिए भारत के द्वारा बनाया गया उत्पाद हमारे लिए स्वदेशी है। हम स्वदेशी को जीवन का हिस्सा बनाएं।

### वे आज भी समाज को बांट और काट रहे

सीएम योगी ने कहा कि भारत पर इस्लाम के पहले हमले का जिक्र किया और कहा कि सन 1100 तक भारत में हिंदुओं की आबादी 60 करोड़ थी, लेकिन आजादी के समय 1947 तक यह घटकर सिर्फ 30 करोड़ रह गई। 800–900 वर्ष में हमारी आबादी घटी और खेती के उत्पादन को भी कम कर दिया गया। सिर्फ आक्रांताओं ने ही नहीं मारा, बल्कि भूख, बीमारी, यातनाओं से भी मरे। विदेशी दासता की चर्चा करते हुए सीएम ने कहा कि देश पर अत्याचार व शोषण किया गया। भारत में 300 वर्ष पहले आधी आबादी खेती और आधी से अधिक आबादी कारखाने, लघु व कुटीर उद्योगों पर निर्भर थी। यह भारत का उत्पादन दुनिया के बाजार में छा जाता था। दुनिया का व्यापारी यहां से लेकर जाता था। भारत के पास सब कुछ था, लेकिन जिन लोगों ने जाति, क्षेत्र, भाषा समेत अनेक वादों के आधार पर बांटा। वे आज भी उसी विदेशी मानसिकता से समाज को बांट और काट रहे हैं। ऐसे लोग स्वदेशी अभियान में भी अंगुली उठाएंगे।

# ट्रम्प की पार्टी के नेता बोले– हनुमानजी झूठे भगवान

## हम ईसाई देश, यहां मूर्ति क्यों लगने दे रहे, हिंदू संगठनों ने कहा– माफी मांगो

**एजेंसी**

**टेक्सास।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के नेता अलेक्जेंडर डंकन ने भगवान हनुमान की प्रतिमा पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने इसे झूठे भगवान की झूठी प्रतिमा कहा है। डंकन ने एक्स पर लिखा- हम टेक्सास में एक झूठे हिंदू भगवान की झूठी मूर्ति क्यों लगने दे रहे हैं? हम एक ईसाई राष्ट्र हैं। डंकन के इस बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने इसे लेकर विरोध किया और इसे हिंदू विरोधी बताया।

कई अन्य संगठनों ने भी इसे धार्मिक आस्था पर हमला बताते हुए माफी की मांग की है। अमेरिकी नागरिकों ने भी इसकी घोर निंदा की है। फिलहाल डंकन की ओर से कोई आधिकारिक सफाई नहीं दी गई है।



अमेरिका के टेक्सास राज्य के शुगर लैंड में मौजूद श्री अष्टलक्ष्मी मंदिर में भगवान हनुमान की 90 फीट ऊंची कांसे की मूर्ति है। इसे 'स्टैच्यू ऑफ यूनियन' कहा जाता है। यह भारत के बाहर हनुमानजी की सबसे ऊंची मूर्ति है। मूर्ति का वजन 90 टन है और इसे पांच धातुओं के मिश्रण से बनाया गया है। हनुमानजी को अभय मुद्रा में हाथ आगे करके और गदा के साथ दिखाया गया है। यह कमल के तख्त पर खड़ी है, जिसे हाथी की मूर्तियों से सजाया गया है। अमेरिका में यह तीसरी सबसे ऊंची मूर्ति है, जो स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी (151 फीट) और फ्लोरिडा की पेगासस एंड ड्रैगन (110 फीट) के बाद आती है। मूर्ति की स्थापना के लिए 15 से 18 अगस्त 2024 को तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह हुआ था जिसमें हजारों लोग शामिल हुए थे।

पुलिस डिपार्टमेंट में 13 साल काम करने का अनुभव रखने वाले अलेक्जेंडर डंकन ने टेक्सास से अमेरिकी सीनेट के लिए 2026 प्राइमरी में चुनाव लड़ने की घोषणा की है। वे सीन. जॉन कॉर्निन और अटॉर्नी जनरल केन पैक्सटन जैसे रिपब्लिकन नेताओं को चुनौती देने वाले हैं। कैलिफोर्निया के वेलेंसिया में जन्मे डंकन ने यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, इरविन से ग्रेजुएशन और नॉर्थ-ईस्टर्न यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन की है। खुद को एक पारिवारिक व्यक्ति बताने वाले डंकन अपने चुनावी अभियान में 'अमेरिका फर्स्ट' पर जोर दे रहे हैं।

डंकन के मुताबिक उनका फोकस संवैधानिक अधिकारों की रक्षा, सीमित सरकार, मजबूत कानून व्यवस्था, सार्वजनिक सुरक्षा और अमेरिकी संप्रभुता को प्रभावित करने वाली नीतियों के विरोध पर है।

# चार कुख्यात गैंगस्टर भारत लाये जायेंगे

## शाह के निर्देश पर चंडीगढ़ पुलिस बना रही डोजियर

**एजेंसी**

चंडीगढ़। चंडीगढ़ में एनडीपीएस और हिंसक अपराधों में शामिल बड़े गैंगस्टर और अपराधी, जो विदेश में छिपकर बैठे हैं, उन्हें भारत वापस लाने की तैयारी की जा रही है। इनमें गैंगस्टर लॉरेंस का भाई अनमोल बिश्नोई, एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर फायरिंग का जिम्मेदार रोहित गोदारा, हरियाणा का रणदीप मलिक और पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या में शामिल गोल्डी बराड़ जैसे गैंगस्टरों का नाम शामिल है।



चंडीगढ़ पुलिस पहली बार ऐसे अपराधियों का डोजियर तैयार कर रही है, जिसमें उनके नाम, फोटो, आपराधिक रिकॉर्ड और ठिकानों का पूरा ब्योरा होगा। डोजियर एक माह के भीतर तैयार किया जाएगा और इसे सीबीआई को सौंपा जाएगा, जिसे गृह मंत्रालय ने नोडल एजेंसी बनाया है। इस तैयारी में शहर के सभी पुलिस स्टेशन, ऑपरेशन सेल, डिस्ट्रिक्ट क्राइम सेल और एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स शामिल हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने निर्देश दिए हैं कि विदेश में छिपे भारतीय भगोड़ों को जल्द वापस लाने के लिए आईबी और एनआईए के साथ मिलकर एसओपी तैयार की जाए। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों में विशेष टीमें बनाई जाएं, जिनमें अनुभवी वकील भी शामिल हों, ताकि कानूनी और राजनयिक कार्रवाई तेजी से हो।

**ऑपरेशन सिंदूर**

# शहीद के परिवार से वसूला शोकसभा का खर्च

## परिजन बोले– पंचायत ने 52 हजार लिए

### गांव का नाम बदलने की सीएम की घोषणा अधूरी

**एजेंसी**

**फरीदाबाद।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की गोलीबारी में शहीद हुए पलवल के लांसनायक दिनेश शर्मा के परिजन आहत हैं। पिता दयाचंद का कहना है कि उनके शहीद बेटे की शोकसभा के नाम पर सरपंच ने 52 हजार रुपए वसूल लिए। जहां शहीद के नाम पर पार्क बनाने की घोषणा हुई, वो जोहड़ की जमीन है, वहां पार्क बन ही नहीं सकता।

यही नहीं, शोक जताने पहुंचने सीएम नायब सिंह सैनी ने गांव मोहम्मदपुर का नाम बदलकर दिनेशपुर करने की घोषणा की थी। पंचायत अब इसके लिए सहमत नहीं है। पिता दयाचंद ने बताया कि वे हाल ही में पलवल के डिवीजनल कमिश्नर से मिले थे। इसमें उन्होंने दिनेश को लेकर की गई सीएम घोषणा के बारे में बात की। डीसी ने यह कहकर लौटा दिया कि जब तक पंचायत गांव का नाम बदलने का प्रस्ताव पास करके नहीं देगी, तब तक वे कुछ नहीं कर सकते। अब परिवार सीएम नायब सैनी से मिलेगा। दूसरी तरफ श्रद्धांजलि सभा के खर्चे के लिए 52 हजार रुपए लेने के आरोपों को सरपंच कुमार युगपुरुष के पिता भूपराम पाठक नकार रहे हैं। उनका



कहना है कि किसी से कोई पैसा नहीं लिया गया। सारा खर्च मैंने अपनी जेब से किया है। उधर मंगलवार को लांस नायक के पिता ने पुलिस एक शिकायत दी, जिसमें सोमवार की रात 30 लोगों पर घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि इसमें उसके परिवार की 4 महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गए। इस मामले में हसनपुर थाना प्रभारी दिनेश कुमार का कहना है कि शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

शहीद दिनेश का अंतिम संस्कार जिस जमीन पर किया गया, वहीं पर उनका शहीदी स्थल और पार्क बनाने की बात की गई। सरपंच के अनुसार यह 4 कनाल 11 मरले की जमीन है, जहां पर पार्क बनाने की घोषणा हुई थी, वह जोहड़ के नाम पर है। इसलिए वहां पर पार्क बनाने का काम पंचायत नहीं कर सकती। इसको लेकर पंचायत ने प्रस्ताव डीसी को भेजा था, लेकिन वहां से प्रस्ताव को मंजूर नहीं किया गया।

गांव मोहम्मदपुर की आबादी 1200 के करीब है और यहां 620 वोटर हैं। 29 जुलाई को अधिकारियों की देखरेख में ग्राम सभा की बैठक बुलाई गई, जिसमें 152 लोग शामिल हुए। खंड विकास पंचायत अधिकारी नरेश ने बताया कि ग्राम सभा में सभी ने सहमति से प्रस्ताव पास किया, जिसमें गांव का नाम मोहम्मदपुर की जगह दिनेशपुर रखने पर सहमति नहीं दी। इसके बाद सभी के साइन लेकर DC को BDPO की तरफ से पत्र लिखकर जानकारी दे दी गई।

सीएम नायब सैनी के मीडिया कोऑर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ ने कहा कि सभी घोषणाओं को शत-प्रतिशत पूरा किया जाएगा। जिला प्रशासन को शहीद दिनेश शर्मा के नाम पर पार्क, विद्यालय का नामकरण, मुख्य द्वार और सभी शहीद स्मारक संबंधी प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। इसके अतिरिक्त, गांव में शहीद स्मारक निर्माण के लिए 25 लाख रुपए और हॉल निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की राशि मंजूर हो चुकी है।

# भारत के पड़ोस में शुरू हो सकती है बड़ी जंग

## बगराम एयरबेस पर तालिबान ने अमेरिका–पाक दोनों को चेताया

**एजेंसी**

**काबुल।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीते दिनों बगराम एयरबेस पर दोबारा नियंत्रण हासिल करने की बात कर हलचल मचा दी है। ट्रंप ने ब्रिटेन में जाकर खुलेआम कहा कि उनकी सरकार इस एयरबेस को दोबारा हासिल करने की कोशिश कर रही है। यहीं नहीं अफगानिस्तान में काबुल के पास स्थित इस हवाई अड्डे को वापस ना करने को लेकर ट्रंप ने अफगानिस्तान को धमकी भी दी है। हालांकि तालिबान ने डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिका को जवाब देते हुए स्पष्ट रूप से कहा है कि वे अपनी जमीन का एक टुकड़ा भी नहीं देंगे। अब हाल ही में तालिबान ने अमेरिका और पाकिस्तान को नई चेतावनी दी है। तालिबान का कहना है कि अगर इस पर कब्जे की कोशिश की गई तो बड़ी जंग शुरू हो सकती है।

अफगानिस्तान में तालिबानी सरकार ने हाल ही में इस मुद्दे पर एक हाई प्रोफाइल मीटिंग की है। एक रिपोर्ट में



तालिबान के वरिष्ठ सूत्रों के हवाले से बताया गया कि तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदज़ादा ने शीर्ष कैबिनेट अधिकारियों, खुफिया प्रमुखों और सैन्य कमांडरों के साथ एक बंद कमरे में बैठक बुलाई थी। कंधार में आयोजित इस बैठक में यह कहा गया कि अगर अमेरिका बगराम एयरबेस पर फिर से कब्जा करने की कोशिश करता है, तो तालिबान नए सिरे से युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार है।

इस दौरान तालिबान ने पाकिस्तान को भी चेतावनी दी है कि अमेरिका की ऐसी किसी भी कोशिशों में पाकिस्तान ने कोई भी मदद की, तो इसका अंजाम ठीक नहीं होगा। तालिबान के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि समूह ने ऐलान किया है कि अगर पाकिस्तान किसी भी रूप में, चाहे वह सैन्य, कूटनीतिक या अन्य तरीके हो, अमेरिका की मदद या समर्थन करता है, तो पाक को अफगानिस्तान का दुश्मन देश घोषित कर दिया जाएगा।

तालिबान नेतृत्व ने इसे आने वाले दिनों में बड़ा खतरा बताते हुए उसका मुकाबला करने की तैयारियां भी शुरू कर दी है। इसके लिए तालिबान दुनिया के कई देशों से सहयोग जुटाने की कोशिशों में लग गया है। तालिबान ने प्रधानमंत्री मुल्ला मोहम्मद हसन अखुंद और विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी को वैश्विक और क्षेत्रीय शक्तियों से जल्द से जल्द संपर्क करने का काम सौंपा है। सूत्रों के मुताबिक इसके लिए भारत से भी संपर्क किया जायेगा। वहीं रूस, चीन, ईरान, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के सामने भी तालिबान अपना पक्ष रखेगा।

### जस्टिस यशवंत वर्मा जांच समिति के लिए दो वकील नियुक्त



**नयी दिल्ली।** जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ करप्शन के आरोपों की जांच के लिए बनी समिति की मदद के लिए वकील रोहन सिंह और समीक्षा दुआ को नियुक्त किया गया है। 19 सितंबर से इनकी नियुक्ति कंसल्टेंट के रूप में हुई है। इसी साल 14 मार्च को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के आधिकारिक निवास के स्टोर में आग लग गई थी। आग बुझाने पहुंची फायर ब्रिगेड को स्टोर से जली हुई करेंसी के बंडल मिले थे। इसके बाद पंजाब–हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता में हुई जांच में पाया गया था कि जिस स्टोर में नोटों के बंडल मिले थे वह जस्टिस वर्मा और उनके परिवार का ही है। तत्कालीन

# प्रधानमंत्री 75 लाख महिलाओं के खाते में भेजेंगे 10 हजार रुपये की राशि

## नीतीश की सीएम महिला रोजगार योजना के तहत 26 सितंबर को जारी होने जा रही इसकी पहली किस्त

**संजय सिंह**

**पटना।** सरकार ने बिहार की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए एक महत्वाकांक्षी कदम उठाया है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत प्रत्येक परिवार की एक पात्र महिला को स्वरोजगार मुहैया कराने के लिए 10 हजार रुपये की सहायता राशि मुहैया कराई जाएगी। योजना की विधिवत शुरुआत 26 सितंबर को होने जा रही है। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन जुडेंगे। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इसमें सूबे की 75 लाख महिलाओं के बैंक खाते में 10-10 हजार रुपये की राशि डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) सीधे स्थानांतरण किए जाएंगे। इन महिलाओं के बीच साढ़े सात हजार करोड़ रुपये का वितरण किया जाएगा।

इस कार्यक्रम को आयोजित करने को लेकर ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने इसे लेकर सभी जिलों के डीएम को पत्र जारी किया है। इसमें खासतौर से यह निर्देश दिया गया है कि इस मौके पर संकुल स्तरीय संघ ग्राम संगठन स्तर पर इसे उत्सव के तौर पर मनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर को उत्सव के तौर पर मनाने एवं जन-जन तक इसकी जानकारी पहुंचाने के साथ ही महिला समूहों एवं सामुदायिक संगठनों को जागरूक करने के उदेश्य से राज्य मुख्यालय में

### ऑनलाइन पीएम नरेंद्र मोदी जुड़ेंगे इस कार्यक्रम में





आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर भी इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जीविका स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्यों की सहभागिता होगी। योजना का लाभ लेने के लिए अब तक शहरी और ग्रामीण इलाकों की 1 करोड़ 11 लाख 66 हजार महिलाओं ने आवेदन किया है।

इस कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित की गई है। सभी 38 जिला मुख्यालय में डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें जन प्रतिनिधि के अलावा जिला स्तरीय अधिकारी एवं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी कम से कम 1 हजार महिलाएं भाग लेंगी। सभी 534 प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ (प्रखंड विकास पदाधिकारी) की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम होगा। इसमें प्रखंड स्तरीय जन प्रतिनिधि, अधिकारी और एसएचजी से जुड़ी 500 महिलाएं भाग लेंगी। जीविका के सभी 1680 संकुल स्तरीय संघ पर भी इस कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें संकुल स्तरीय जीविका समूह की 200 महिलाएं शामिल होंगी। जीविका के सभी 70 हजार ग्राम संगठन स्तर पर भी इस कार्यक्रम के लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है। इसमें एसएचजी से जुड़ी 100 महिलाएं भाग लेंगी।

इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन प्रक्रिया को सरल रखा गया है। ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ उठा सकें। इसका लाभ लेने के लिए सिर्फ ग्रामीण क्षेत्र से अब तक 1 करोड़ 7 लाख जीविका दीदियों ने आवेदन किया है। इसके अतिरिक्त 1 लाख 40 हजार से अधिक महिलाओं ने समूह से जुड़ने के लिए आवेदन किया है। निर्धारित प्रावधान के मुताबिक, किसी स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं ही इसका लाभ ले सकती हैं।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह***, **उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com